आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 121 | उज्जैन, रविवार 17 मई, 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल 1 (अधिकमास) संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

प्रदेश सरकार खजाना भरने के लिए पेट्रोल पर 30, डीजल पर 19 प्रतिशत तक टैक्स वसूल रही

# अन्य राज्यों की अपेक्षा मप्र में पेट्रोल 14 और डीजल 5 रु. ज्यादा महंगा

## प्रदेश में पिछले 5 साल में पेट्रोल और डीजल की कीमतें राष्ट्रीय औसत से ज्यादा बढ़ी है

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

हाल ही में पेट्रोलियम कंपनियों ने 3-3 रुपए प्रति लीटर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफा किया है। इसके पीछे तर्क दिया जा रहा है कि कंपनियों को तगड़ा घाटा उठाना पड़ रहा है। इस दर वृद्धि का असर मध्यप्रदेश में देश के अन्य राज्यों से ज्यादा हुआ है। देश के अन्य राज्यों की अपेक्षा मप्र में पेट्रोल 14 रु., डीजल 5 रु. ज्यादा महंगा है। अमेरिका-ईरान जंग के बाद वैश्विक मार्केट में क्रूड की कीमतें आसमान छू रही हैं। करीब तीन महीने से पश्चिम एशिया में जंग के कारण होर्मुज स्ट्रेट से आवागमन प्रभावित होने के कारण ईंधन संकट बढ़ता जा रहा है। इससे दुनिया के अन्य देशों के साथ भारत भी अछूता नहीं है।

### सर्वाधिक दर मध्यप्रदेश में



राज्यों में पेट्रोल और डीजल की कीमतें देखें तो सबसे ज्यादा दरें मप्र में हैं। आंकड़ों की माने तो मप्र में अन्य राज्यों के मुकाबले पेट्रोल-डीजल के रेट 2 से 14 रुपए तक ज्यादा हैं। राजस्थान में पेट्रोल-डीजल 2 रुपए तक सस्ता है। छत्तीसगढ़ में पेट्रोल की कीमतें 8 रुपए तक कम है। उत्तर प्रदेश में पेट्रोल 14 और डीजल 5 रुपए प्रतिलीटर तक कम कीमत पर मिल रहा है। गुजरात में पेट्रोल 13 और डीजल 3 रुपए तक सस्ता है। वहीं, महाराष्ट्र में पेट्रोल के रेट 4 से 5 रुपए तक कम है।

**मप्र में सबसे ज्यादा क्यों महंगा है पेट्रोल-डीजल-** मध्य प्रदेश पेट्रोल पंप डीलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, मप्र में वैट ज्यादा है। यहां पेट्रोल पर 30 और डीजल पर 19 प्रतिशत तक टैक्स वसूला जा रहा है। जहां तक उत्तर प्रदेश की है तो वहां पेट्रोल पर 22 और डीजल पर 12 प्रतिशत ही वैट है। यानी, 10 से 11 प्रतिशत का अंतर आ रहा है। इस तरह महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी टैक्स कम है। इस वजह से प्रदेश में सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है, जबकि पेट्रोल पंप भी वीरान है। खासकर उप्र से कनेक्ट होने वाले सागर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना, मैहर, मऊगंज, रीवा, सिंगरौली, अशोकनगर में ज्यादा असर है।

प्रदेश में यह कीमतें 3.50 रुपए तक बढ़ी है। पांढुर्णा-मंडला में पेट्रोल सबसे महंगा है। रेट 111.29 रुपए प्रति लीटर तक है। वहीं, मैहर, अलीराजपुर और अनूपपुर में डीजल 96.50 रुपए लीटर तक पहुंच गया है। आलम यह है कि मध्य प्रदेश में पिछले 5 साल में पेट्रोल और डीजल की कीमतें राष्ट्रीय औसत से ज्यादा बढ़ी हैं। 9 महीने पहले लोकसभा में प्रस्तुत रिपोर्ट में ये जानकारी दी गई थी। अब फिर से दाम में बढ़ोतरी की गई है।

### राज्यों में पेट्रोल-डीजल की दरें

16 मई 2026 को देश के प्रमुख शहरों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में रू.3 प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है, जिसके बाद दिल्ली में पेट्रोल रू.97.77 और डीजल रू.90.67 प्रति लीटर तक पहुंच गया है। देश के कई हिस्सों में अब पेट्रोल की कीमत रू.100 के पार निकल गई है।

**देश के प्रमुख शहरों/राज्यों में आज की अनुमानित दरें (प्रति लीटर)**

- **दिल्ली:** पेट्रोल रू.97.77, डीजल रू.90.67
- **मुंबई:** पेट्रोल रू.106.68, डीजल रू.93.14
- **कोलकाता:** पेट्रोल रू.105.41, डीजल रू.90+
- **चेन्नई:** पेट्रोल रू.103.67, डीजल रू.95.25
- **हैदराबाद:** पेट्रोल रू.107.50, डीजल रू.95+
- **जयपुर:** पेट्रोल रू.104.65, डीजल रू.90+
- **बैंगलोर:** पेट्रोल रू.102.96, डीजल रू.90+
- **लखनऊ:** पेट्रोल रू.94.69, डीजल रू.87+
- **मध्यप्रदेश:** पेट्रोल रू.111.28, डीजल रू.96.49
- **भोपाल:** पेट्रोल: रू.109.71 डीजल: रू.94.88
- **इंदौर:** पेट्रोल: रू.109.86 डीजल: रू.95.06
- **ग्वालियर:** पेट्रोल: रू.110.02 डीजल: रू.95.19
- **जबलपुर:** पेट्रोल: रू.110.10 डीजल: रू.95.28
- **उज्जैन:** पेट्रोल: रू.110.16 डीजल: रू.95.34
- **सागर:** पेट्रोल रू.110.34 डीजल रू.95.47
- **अलीराजपुर:** पेट्रोल रू.111.28 डीजल रू.96.50
- **रीवा/सतना:** पेट्रोल रू.111.28 डीजल रू.96.49
- **सबसे सस्ता पेट्रोल:** अंडमान और निकोबार के पोर्ट ब्लेयर में सबसे सस्ता पेट्रोल-डीजल मिल रहा है।
- **सबसे महंगा:** आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में दरें सबसे अधिक हैं।
- मूल्य निर्धारण: अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों, स्थानीय वैट और फ्रेट चार्जेस के कारण दरों में राज्य-दर-राज्य अंतर होता है।

## देश विदेश

### पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देना बंद करे: सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि अगर पाकिस्तान आतंकवादियों को पनाह देना और भारत के खिलाफ आतंकवाद फैलाना जारी रखता है, तो उसे खुद तय करना होगा कि वह भविष्य में दुनिया के नक्शे पर बना रहना चाहता है या इतिहास बनना चाहता है। दिल्ली के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित सेना संवाद कार्यक्रम में उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर जैसी स्थिति दोबारा बनने के सवाल पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को भारत विरोधी आतंकियों को शरण देना बंद करना होगा। ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर भारतीय सेना ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने यह साफ संदेश दिया कि पाकिस्तान में कोई भी आतंकवादी ठिकाना सुरक्षित नहीं है।

### ईरान पर अगले हफ्ते दोबारा हमले की तैयारी में अमेरिका

**तेल अवीव।** अमेरिका अगले हफ्ते ईरान पर दोबारा सैन्य हमले की तैयारी कर रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक, पेंटागन ने हमले के कई विकल्प तैयार किए हैं और अब अंतिम फैसला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को लेना है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि जरूरत पड़ने पर सैन्य कार्रवाई बढ़ाने की योजना तैयार है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, हमले के विकल्पों में ईरान के सैन्य और इंफ्रास्ट्रक्चर ठिकानों पर बड़े हवाई हमले शामिल हैं। एक विकल्प अमेरिकी स्पेशल ऑपरेशन फोर्सेज को जमीन पर उतारकर इस्फहान परमाणु साइट में दबे परमाणु सामग्री यानी एनरिच्ड यूरेनियम तक पहुंचने का भी है।

पाकिस्तान में फिल्म

### धुरंधर 2 नंबर-1 ट्रेंडिंग फिल्म बनी



**पाकिस्तानी क्रिएटर बोले- नेटफ्लिक्स पर 24 घंटे में 20 करोड़ व्यूज मिले, सर्वर क्रैश**

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 के पाकिस्तान में नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के बाद प्लेटफॉर्म का सर्वर क्रैश हो गया और यह वहां नंबर-1 ट्रेंडिंग मूवी बन गई। ऐसा दावा पाकिस्तानी कंटेंट क्रिएटर माविया उमर फारूकी ने किया। हालांकि, सर्वर क्रैश होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फारूकी ने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में लोग 15 मई रात 12 बजे फिल्म के रिलीज होने का इंतजार कर रहे थे और रिलीज होते ही बड़ी संख्या में लोगों ने एकसाथ फिल्म देखने की कोशिश की। वीडियो में उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म को लेकर प्रोपेगेंडा होने की आलोचना के बावजूद पाकिस्तान में लोग इसे देखने के लिए उत्सुक थे। उनके मुताबिक, दर्शक यह जानना चाहते थे कि फिल्म कैसे बनाई गई है, रणवीर सिंह ने रोल को कैसे निभाया है और फिल्म में दिखाए गए ल्यारी (पाकिस्तान के कराची का इलाका) के घटनाक्रम कितने सही हैं। एक और वीडियो में फारूकी ने दावा किया कि धुरंधर 2 पाकिस्तान में नेटफ्लिक्स पर नंबर-1 पर ट्रेंड कर रही है। माविया के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में पाकिस्तान में करीब 20 करोड़ व्यूज आए हैं और यह देश की सबसे बड़ी ट्रेंडिंग फिल्म बन गई। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में इससे पहले किसी फिल्म ने रिलीज के सिर्फ 24 घंटे में नंबर-1 पोजिशन हासिल नहीं की। हालांकि, 20 करोड़ व्यूज का मतलब यह नहीं है कि 20 करोड़ अलग-अलग लोगों ने फिल्म देखी। एक व्यक्ति जितनी बार फिल्म चलाएगा, उतनी बार व्यू काउंट बढ़ेगा।

### मालदीव में इटली के पांच गोताखोरों की मौत

**माले।** मालदीव के वावू एटोल में इटली के 5 गोताखोरों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने इसे देश के इतिहास का सबसे बड़ा डाइविंग हादसा बताया है। सभी डाइवर्स 50 मीटर गहराई में मौजूद गुफाओं की खोज के लिए गए थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। अब तक सिर्फ एक शव बरामद हुआ है। खराब मौसम और समुद्र की कठिन परिस्थितियों की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कत आ रही है। अधिकारियों के मुताबिक बाकी चार डाइवर्स के शव अब भी गुफा के अंदर होने की आशंका है। सर्च ऑपरेशन शनिवार को फिर शुरू किया जाएगा। मालदीव सरकार ने मृतकों की पहचान मोनिका मोंटेफाल्कोने, जॉर्जिया सोमाकाल, फेडेरिको गुआल्तिएरी, म्यूरियल ओडेनिनो और जियानलुका बेनेडेट्टी के रूप में की है।

### पाकिस्तान में पेट्रोल और डीजल 5 रुपए सस्ता हुआ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 5 रुपए लीटर (पाकिस्तानी रुपया) की कटौती की है। इसके बाद अब पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत 409.78 रुपए प्रति लीटर और हाई-स्पीड डीजल की कीमत 409.58 रुपए प्रति लीटर पर आ गई है। नई कीमतें 16 मई से लागू हो गई हैं। हाल के दिनों में लगातार बढ़ती कीमतों के बाद इस कमी से मध्यम और निम्न-मध्यम वर्ग के बजट को थोड़ा सहारा मिलने की उम्मीद है, क्योंकि पेट्रोल का सीधा असर मोटरसाइकिल, रिक्शा और छोटी गाड़ियों पर पड़ता है। पाकिस्तान सरकार पिछले कुछ समय से हर हफ्ते शुक्रवार रात को पेट्रोलियम कीमतों की समीक्षा कर रही है। दरअसल, 28 फरवरी से अमेरिका और ईरान के बीच शुरू हुए युद्ध (जो फिलहाल थमा हुआ है) के बाद से ही पाकिस्तान में ईंधन संकट है।

नेशनल हाईवे आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर इन्दौर से ग्वालियर जा रही यात्री बस में लगी आग

# चार साल के बच्चे की आग की चपेट में आने से मौत

## पिता और यात्रियों ने लगाएं बस मालिक और चालक पर लापरवाही के आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शाजापुर जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे पर स्थित एक निजी होटल पर चाय-नाश्ते के लिए खड़ी हुई इन्दौर से ग्वालियर जा रही यात्री बस इंटरसिटी एक्सप्रेस में शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई। आग लगने से बस में सवार एक चार वर्षीय बच्चे की जलने से मौत हो गई। आग लगते ही बस में अफरातफरी मच गई, जिसके चलते शिवपुरी निवासी अन्य पिता अभिषेक जैन बस में ही रह गया। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अन्य को सीट के नीचे से जली हुई अवस्था में निकाला गया। जलने से अन्य का कंकाल रह गया। बस में से निकालने के बाद बच्चे के शव को जिला अस्पताल शाजापुर भेजा गया। शनिवार को पीएम के बाद शव परिजनों को सौंपा।

बस में सवार यात्रियों को स्थानीय लोगों की मदद से खिड़की तोड़कर सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। बस में आपातकालीन गेट भी नहीं था, इसके अलावा बस में अग्निशमन यंत्र की भी कोई व्यवस्था नहीं थी। बस चालक और क्लिनर मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी लगते ही तराना और मक्सी थाने का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। मक्सी, तराना और शाजापुर के पांच फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। बस में सवार अधिकांश यात्रियों का सामना जलकर खाक हो गया। तराना टी आई रामचरण भदौरिया ने बताया इंटरसिटी एक्सप्रेस एमपी-07 जेएल 9090 जो कि इन्दौर से ग्वालियर जा रही थी, इसी बीच होटल जैन पथ पर रूकी। होटल पर बस में अचानक आग लग गई। इसमें सवार एक चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई, बाकी सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। बच्चे के शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल शाजापुर भेजा गया। जांच के पश्चात इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।



### बेटे को पिता नहीं बचा सका

बेटे को बस में ढूंढ रहे पिता अभिषेक जैन ने लाखों रुपए के किसी यात्री के पड़े हुए गहनों को तराना टीआई को सौंपा। बेटे को पिता नहीं बचा सका लेकिन उसने लाखों रुपए के जेवर बस में से मिलने पर पुलिस को दिए, इसके अलावा कई यात्रियों की जान भी बचाई। चलती बस में यदि आगजनी की घटना होती तो कई लोगों की जान जा सकती थी।

दैनिक अवंतिका द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत

# पक्षियों को पानी पीने के लिए 100 सकोरे भेंट



दैनिक अवन्तिका ▸▸ नलखेड़ा

दैनिक अवंतिका द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत दिगंबर जैन समाज के युवाओं द्वारा गर्मी में मूक बधिर पशु पक्षियों की सेवा की जा रही है। इसके लिए सभी युवा बाइक पर चारा एवं हरी घास रखकर जहां भी गाय मिल जाती है, वहां गाय को चारा खिलाया जाता है। वहीं कुत्तों को भी बिस्किट एवं रोटियां भी खिलाई जा रही है।

दिगंबर जैन समाज के युवाओं पक्षियों को पानी पिलाने हेतु प्रत्येक परिवार में सकोरे भेंट किए गए। साथ ही उन परिवार के सदस्यों से पक्षियों के लिए प्रतिदिन सकोरे में पानी भरकर अपने मकान की गैलरी व छत पर सकोरे रखने का निवेदन भी किया गया।

**पुण्य सागर जी की छतरी पर की साफ सफाई -** शनिवार को आमला रोड पर लखुंदर नदी के किनारे स्थित 108 पुण्य सागर जी महाराज की छतरी पर साफ-सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया।

**जीव दया समूह का किया गठन-** दिगंबर जैन समाज के युवाओं द्वारा मूकबधिर पशु पक्षियों की सेवा करने के लिए जीव दया टीम का गठन किया गया। उक्त टीम का उद्देश्य रचनात्मक कार्य करना है। जीव दया टीम गठन के बाद ही टीम के युवाओं द्वारा पशु पक्षियों की सेवा के साथ ही साफ सफाई जैसे रचनात्मक कार्य भी किया जा रहे हैं। उक्त रचनात्मक कार्य के लिए युवाओं को समाज के लोगों द्वारा आर्थिक रूप से सहयोग भी किया जा रहा है।

### ट्रम्प के बाद अब पुतिन अगले हफ्ते बीजिंग जाएंगे

एजेंसी ▸▸ बीजिंग

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के चीन दौरे के बाद अब रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी वहां जाएंगे। दोनों देशों ने इसकी पुष्टि कर दी है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक पुतिन 19 से 20 मई के बीच बीजिंग में रहेंगे। वे चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के न्योते पर वहां जा रहे हैं। यह इस साल पुतिन की पहली विदेश यात्रा होगी। यहां पर वे चीनी राष्ट्रपति से यूक्रेन जंग खत्म करने और परमाणु हथियार नियंत्रण समझौते को लेकर बातचीत कर सकते हैं। इसके अलावा वे चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग से अलग मुलाकात करेंगे।

मोदी बोले- ये दुनिया के लिए आपदाओं का दशक

## नहीं बदले तो गरीबी के दलदल में फंसेंगे

एजेंसी ▸▸ द हेग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीदरलैंड दौरे पर हैं। उन्होंने द हेग में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए दुनिया के मौजूदा हालात पर चिंता जताई। मोदी ने कहा कि आज मानवता के सामने कई बड़ी चुनौतियां हैं। ये दशक आपदाओं का दशक बन गया है। दुनिया पहले कोरोना, फिर युद्ध और अब ऊर्जा संकट से जूझ रही है। अगर हालात नहीं बदले तो बीते कई दशकों के काम पर पानी फिर जाएगा और दुनिया की बहुत बड़ी आबादी गरीबी के दलदल में फंस जाएगी।



### एनसीबी ने 182 करोड़ की कैप्टागॉन ड्रग जब्त की, शाह बोले- यह जिहादी ड्रग

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बताया कि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने कैप्टागॉन की तस्करी में शामिल एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह से लगभग 227.7 किलोग्राम कैप्टागॉन जब्त किया गया है। जिसे जिहादी ड्रग भी कहते हैं, इसकी कीमत 182 करोड़ रुपए है। गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कैप्टागॉन की पहली खेप जब्त करने के लिए एजेंसी की सराहना की। शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने नशामुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया है। कैप्टागॉन एक आम नाम है जो फेनेथिलिन से जुड़ा है। यह 1960 के दशक में बनाया गया एक सिंथेटिक स्टिमुलेंट (उत्तेजक) है। इसका गलत इस्तेमाल और तस्करी पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में एक्टिविस्ट और कॉन्फ्लिक्ट जोन के नेटवर्क से जुड़ी है।

भारत में इस साल सामान्य से कम बारिश का अनुमान

# सूखा और भीषण गर्मी पड़ने की आशंका

## सुपर अल नीनो के मई-जुलाई के दौरान दस्तक देने की संभावना

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत में इस साल सामान्य से कम बारिश के अनुमान के बीच सुपर अल-नीनो भी एक्टिव हो सकता है। अमेरिकी मौसम एजेंसी नेशनल ओशेनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (नोआ) के अनुसार यह मई-जुलाई के दौरान ही दस्तक दे सकता है।

नोआ ने बताया कि प्रशांत महासागर का तापमान इस बार मई में सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। यह गर्मी की स्थिति इस बार पूरे मानसून सीजन के दौरान बनी रह सकती है। पिछले महीने जारी अनुमान में यह संभावना 61% थी, जो अब बढ़कर 82% हो गई है।

भारतीय मौसम विभाग के चीफ मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि इसका सीधा असर मानसून की बारिश पर पड़ेगा। इससे देश में सूखे का खतरा और ज्यादा बढ़ जाएगा।

अल नीनो के कारण समुद्र का पानी असमान्य रूप से गर्म हो जाता है, जिसके साथ हवा के पैटर्न में भी बदलाव आता है। इसके असर से दुनियाभर में बारिश का चक्र बिगड़ जाता है। कहीं भयंकर सूखा तो कहीं मूसलाधार बारिश और बाढ़ आती है।



सीधे शब्दों में कहें तो जब अल-नीनो एक्टिव होगा, तब प्रशांत महासागर से भारत की तरफ आने वाली मानसूनी हवाओं को रोक देगा। इससे बारिश पर असर पड़ेगा।

### भारत के कौन से इलाके सबसे ज्यादा जोखिम में

- उत्तर, पश्चिम और मध्य भारत के हिस्सों में सूखे जैसी स्थिति बनने का सबसे ज्यादा खतरा है, जिससे लंबे सूखे और कृषि नुकसान की आशंका बढ़ सकती है।
- पंजाब, हरियाणा और राजस्थान अगस्त-सितंबर के दौरान सबसे संवेदनशील राज्यों में माने जा रहे हैं। वहीं मध्य और पश्चिम भारत में जहां अच्छी बारिश होती है वहां भी सामान्य से कम बारिश की संभावना है।
- मध्य प्रदेश में इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, रीवा, शहडोल, सागर और नर्मदापुरम संभागों में सामान्य से कम बारिश होने का अनुमान है।
- हालांकि लद्दाख, राजस्थान के कुछ हिस्से, तेलंगाना, साथ ही उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में इसका असर कम होगा।

### अल-नीनो की संभावना 82% बढ़ी, दुनिया पर असर

- नोआ के नए अपडेट के मुताबिक इस साल मई से जुलाई के दौरान सुपर अल नीनो डेवलप होने की 82% संभावना है। इसके सर्दियों (दिसंबर 2026 से फरवरी 2027) तक जारी रहने की 96% आशंका है। जबकि, इसके स्ट्रॉन्ग या वेरी स्ट्रॉन्ग रहने की करीब 67% आशंका है। इससे, कमजोर मानसून, सूखे और हीटवेव की आशंका अब ज्यादा हो गई है।
- भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया में बारिश कम होती है। भीषण गर्मी पड़ती है।
- इंडोनेशिया, उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में नमी खत्म होने से सूखा पड़ता है और जंगलों में आग का खतरा बढ़ जाता है।
- मध्य प्रशांत क्षेत्र में समुद्र का तापमान बढ़ने से भारी बारिश और चक्रवात की स्थिति बनती है।




## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## ज्यादा खुशी में नाम के अध्यक्ष बेकाम के हुए

पुराने समय में बुजुर्गवार कहते थे कि ज्यादा खुशी गम का कारण बन सकती है। ऐसा ही कुछ हाल ही में देखने को मिल रहा है। वैसे भी सियासत में कब क्या हो जाए इसका भरोसा कोई नहीं दे सका है। बच्चों की सरकारी किताबों के संस्थान में सियासती नियुक्ति के बाद अध्यक्ष जी की खुशी सामान्य थी और समर्थकों का इसमें शामिल होना भी उनके प्रति श्रद्धा जताने का मसला था। इस बीच हालात तब्दील हो गए । खुशी एवं श्रद्धा के बीच पदभार ग्रहण हो गया जो परिवर्तित हालातों के निदेर्शों के विपरित हुआ।




मामला उगलने एवं निगलने की परिस्थिति से बाहर होने पर काम के अध्यक्ष जी नाम के रह गए और कार्यालय अथवा परिसर में प्रवेश, किसी भी सुविधा, वाहन, कर्मचारी, कार्यालय का उपयोग, निगम से संबंधित बैठक में भाग लेना या अध्यक्षता करना, किसी भी प्रशासनिक या वित्तीय निर्णय में भाग लेना या हस्ताक्षर करना। कर्मचारी को निर्देश जारी करना या किसी भी महत्वपूर्ण आदेश को अनुमोदित करना जैसे अधिकारों से अभी तो प्रतिबंधित कर दिए गए हैं। खुसूर-फुसूर है कि ये तो वही हाल हैं कि कुर्सी सामने है और उस पर बैठने का अधिकार नहीं है। अधिकार हैं लेकिन उनका उपयोग करने की स्थिति नहीं है। ऐसे में मात्र नाम के लिए ही सब कुछ मिला काम के लिए कुछ नहीं जैसे हालात बन गए है। स्थिति यह है कि अब खुशी में गम मनाया जाए या गम में खुशी समर्थक यह तय नहीं कर पा रहे हैं।

## न्यूज कॉलम

### मकान सूचीकरण कार्य में बेहतर प्रदर्शन करने पर प्रगणक जीवन सिंह परमार का सम्मान



**उज्जैन।** भारत की जनगणना 2027 के अन्तर्गत चल रहे मकान सुचीकरण अभियान सराहनीय कार्य करने पर प्रगणक जीवन सिंह परमार को अनुविभागीय कार्यालय घट्टिया मे प्रगणक जीवन सिंह परमार सर्कल क्रमांक (01) एचएलबी 02 धनडा भल्ला को एसडीएम राजाराम करजरे तहसीलदार रुपकला परमार द्वारा सम्मान किया गया। परमार के उत्कृष्ट कार्य की प्रशंसा करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी।

### शरीर का सबसे बड़ा छुपा दुश्मन ब्लड प्रेशर : डॉ. गर्ग

**उज्जैन।** शहर के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. विजय गर्ग ने उच्च रक्तचाप दिवस पर बताया कि आज की बात है शहर की दो गहन चिकित्सा इकाई जिसमें 31 बिस्तर है और भरे हुए थे 25 उन बिस्तरों की व्याख्या की तो मालूम पड़ा कि करीब 11 मरीज उच्च रक्तचाप से होने वाली बीमारियों से भरे थे जिसमें प्रमुख थी दिल की बीमारी, लकवा, गुर्दे की बीमारी और एकदम श्वास चलना। तो निष्कर्ष यह है कि करीब 35-40 प्रतिशत उच्च रक्तचाप की बीमारियों से गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती होते है। जिसमें 10-15 प्रतिशत स्वर्ग सिधार जाते हैं। आज से 1 माह पूर्व अखिल उम्र 40 वर्ष उज्जैन चेरिटेबल में भर्ती हुआ था जो 210/120 के साथ और साथ में पहली बार उसको दिल का दौरा पड़ा। उसी तरह करीब 6 माह पूर्व ग्यारसी बाई उम्र 45 वर्ष मेरे दवाखाने में आई जिसको खून की कमी, सूजन और पेशाब होना मुख्य बात थी उसका उच्च रक्तचाप 190/106 मिली एच.जी. साथ में गुर्दे सिर्फ 20 प्रतिशत काम कर रहे थे। गुर्दे की बीमार भी उच्च रक्तचाप के कारण उस महिला को हुई। करीब 20 दिन पूर्व एक महिला चिकित्सक ने एक गर्भधारण महिला सीता उम्र 22 वर्ष को मेरे पास भेजा उसका रक्तचाप था 170/114। महिला एवं बच्चें दोनों को बचाने के लिए बीपी का कन्ट्रोल करना बहुत जरूरी था। डॉ. गर्ग ने कहा कि उपरोक्त उदाहरण यह बताते है कि उच्च रक्तचाप एक छुपा रुस्तम है। जो कि 40 प्रतिशत लोगों में बिना तकलीफ के जानलेवा बीमारी के साथ प्रदर्शित होता है।

**कैसे उच्च रक्तचाप से बचें :** नमक का सेवन कम, ब्रेड, समोसे, कचोरी, चिप्स बंद, सिगरेट, मोटापा, का नियंत्रण, प्रतिदिन घूमना, अच्छी नींद, योगा, ध्यान करना, हरी सब्जी फल का सेवन मुख्य है। हर मनुष्य अपना ब्लड प्रेशर पांच वर्ष में नपवाएं अगर उनको यह बीमारी है तो प्रतिवर्ष और अपने डॉक्टर की सलाह के अनुसार दवा चालू करें। शुगर की बीमारी एवं शरीर में चर्बी को नियंत्रित रखना जरूरी है।

**कितना ब्लड प्रेशरः** सामान्यतः हर मनुष्य का ब्लड प्रेशर 140/80 से ज्यादा नहीं होना चाहिए। और तो और अगर आदमी को डायबिटीज या गुर्दे की बीमारी हो तो यह 130/80 होना चाहिए।

**कौन सी जाँचे जरूरीः** हर उच्च रक्तचाप से ग्रसित मरीज को प्रतिवर्ष पेशाब की जाँच, शुगर की जाँच, रक्त में कॉलेस्ट्रोल की जाँच (प्रति दो वर्ष में), ईसीजी, सीरम केट्रेनिन एवं रेटिना की जाँच कराना (प्रति दो वर्ष में) आगे की जाँचे अपने डॉक्टर के निर्देशानुसार करावें।

### विशेष संयोग में मनाया गया शनि जयंती और शनिचरी अमावस्या का पर्व

# त्रिवेणी स्थित शनि मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़







## शिप्रा स्नान कर भक्तों ने किए शनिदेव के दर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शनिवार को 13 वर्षों बाद शनि जयंती और शनिचरी अमावस्या का दुर्लभ एवं विशेष संयोग बना। इस अवसर पर त्रिवेणी स्थित प्राचीन शनि मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। देशभर से आए भक्तों ने पहले शिप्रा नदी में स्नान किया और उसके बाद शनिदेव के दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा शिप्रा नदी के त्रिवेणी घाट पर फव्वारों के माध्यम से स्नान की विशेष व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालु स्नान के बाद मंदिर पहुंचकर तेल, काला तिल, नारियल और काला वस्त्र अर्पित कर दान-पुण्य करते नजर आए।



### शनि जयंती और अमावस्या का विशेष महासंयोग

ज्येष्ठ अमावस्या के अवसर पर शनिचरी अमावस्या और शनि जयंती का विशेष महासंयोग बना, जिसके चलते मंदिर में दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। तड़के मंदिर के पट खुलने के बाद भगवान शनिदेव का पंचामृत अभिषेक एवं विशेष पूजन किया गया। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए प्रवेश दिया गया। मंदिर परिसर को पुष्पों और आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया गया। सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए गर्भगृह में आम श्रद्धालुओं की एंट्री बंद रखी गई। मंदिर के महंत राकेश बैरागी ने बताया कि शनिदेव को 24 घंटे तक तेल अर्पित करने का क्रम जारी रहेगा। श्रद्धालु अपने साथ लाए तेल, काले तिल, नारियल और काला कपड़ा अर्पित कर शनिदेव से सुख-समृद्धि की कामना की।

### शनि दोष से मुक्ति की मान्यता

मान्यता है कि त्रिवेणी शनि मंदिर में तेल अर्पित करने से शनि दोष, साढ़ेसाती और ढैय्या के प्रभावों से राहत मिलती है। श्रद्धालु शिप्रा स्नान के बाद अपने जूते-चप्पल और वस्त्र मंदिर के बाहर दान स्वरूप छोड़ते दिखाई दिए।



शनि जयंती और शनिश्चरी अमावस्या के दुर्लभ संयोग पर उज्जैन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने सिद्धवट और त्रिवेणी स्थित शनि मंदिरों में पूजा-अर्चना की तथा शिप्रा नदी में पुण्य स्नान किया।

### त्रिवेणी घाट पर फव्वारों से किया स्नान

त्रिवेणी घाट स्थित प्राचीन नवग्रह शनि मंदिर में लाखों श्रद्धालु शिप्रा स्नान और शनिदेव के दर्शन के लिए पहुंचे। सिंहस्थ कार्यों के चलते शिप्रा नदी में जल स्तर कम होने के कारण प्रशासन ने नर्मदा नदी से जल लाकर स्नान की व्यवस्था की। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस, होमगार्ड और रज्ञ्ज्ञकी टीमें तैनात रहीं। घाट और मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही।

### शनि महाराज की कृपा प्राप्त करने के उपाय

पंडित अमर डिब्बेवाला के अनुसार शनिदेव को प्रसन्न करने के लिए प्रातःकाल पीपल वृक्ष पर जल और कच्चा दूध अर्पित करना चाहिए। साथ ही काले तिल चढ़ाकर तिल के तेल का दीपक जलाना शुभ माना जाता है। उन्होंने बताया कि शनि स्तोत्र का पाठ, नारियल में राजगीरे के आटे का मिश्रण भरकर भूमि में दबाना तथा पूर्व जन्म के ज्ञात-अज्ञात दोषों के लिए क्षमा प्रार्थना करना भी लाभकारी माना गया है। शनि मंदिर में शनि प्रतिमा के चरणों में तिल के तेल का अभिषेक किया जाता है। इसके अलावा काले उड़द, काले तिल, काला वस्त्र, नारियल, लोहे की वस्तुएं, छाता, चप्पल आदि का दान भी विशेष फलदायी माना गया है।

### वैदिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व

शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या, महादशा और अंतर्दशा की शांति के लिए वैदिक ब्राह्मणों द्वारा जप, हवन और अभिषेकात्मक अनुष्ठान कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही सुंदरकांड, हनुमान अष्टक और हनुमान स्तवन का पाठ भी शनि अनुकूलता के लिए शुभ माना गया है।

# फैक्ट्री ब्लास्ट में अब भी दो मजदूर लापता

## मामले में लापरवाही के चलते एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार सहित चार निलंबित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवास जिले के टोंककला के पास हुई पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट की घटना के बाद अब दो मजदूरों के लापता होने की बात सामने आई है। हादसे में घायल मजदूरों का कहना है कि उनके दो साथी राजू और बाबुल ब्लास्ट के बाद से लापता हैं। दोनों का अब तक कोई पता नहीं चल पाया है। दोस्तों ने आशंका जताई है कि कहीं दोनों हादसे का शिकार तो नहीं हो गए। वहीं इस हादसे में अब तक 5 मजदूरों की मौत हो चुकी है। इधर मामले में लापरवाही के चलते एसडीएम टोंकखुर्द संजीव सक्सेना, एसडीओपी सोनकच्छ दीपा मांडवे, नायब तहसीलदार रवि शर्मा, चौकी प्रभारी टोंककला रमनदीप हुंडल को निलंबित किया गया है।

देवास जिला अस्पताल में भर्ती घायल मजदूर शशि कुमार ने बताया कि ब्लास्ट से पहले उनकी राजू और बाबुल से खाना खाते समय बात हुई थी। इसके बाद दोनों नजर नहीं आए। शशि कुमार के मुताबिक हादसे के बाद से दोनों से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। परिजनों से भी बात की गई और अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती घायलों के बारे में जानकारी जुटाई गई, लेकिन दोनों का कहीं पता नहीं चला। घायल मजदूरों और उनके साथियों का कहना है कि उन्हें आशंका है कि कहीं दोनों के शव घटना स्थल पर ही न हों। इसी वजह से वे घटना स्थल पर जाकर जानकारी लेने की मांग कर रहे हैं। मजदूरों ने बताया कि राजू और बाबुल बिहार के अरहरिया जिले के रहने वाले हैं। कुछ महीने पहले ही गांव से काम करने देवास आए थे। कलेक्टर और जिला दंडाधिकारी ऋतुराजसिंह ने मामले की जांच के लिए एक विशेष दल का गठन किया है।



### एसडीएम, एसडीओपी सहित चार निलंबित

इधर राज्य शासन ने मामले में प्रारंभिक स्तर पर जांच के बाद संभाग आयुक्त अशीष सिंह ने एसडीएम टोंकखुर्द संजीव सक्सेना और नायब तहसीलदार रवि शर्मा को किया निलंबित कर दिया है। दोनों पर विस्फोटक सामग्री के संबंध में शासन निर्धारित मापदण्ड अनुसार क्षेत्रांतर्गत प्रशासकीय निरीक्षण में पदीय कर्तव्यो के निवर्हन में गंभीर लापरवाही / उदासीनता एवं अनियमितता बरतने के आरोप हैं। निलंबन काल में एसडीएम सक्सेना एवं नायब तहसीलदार टप्पा चिडावद तहसील टोंकखुर्द रवि शर्मा का मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर जिला देवास रहेगा। इसी प्रकार से आयुक्त उज्जैन संभाग, उज्जैन से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर सुश्री दीपा मांडवे, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), सोनकच्छ, जिला-देवास को भी कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनतापूर्ण आचरण के आरोप के चलते अवर सचिव गृह ने निलंबन आदेश जारी किया है। निलंबन काल में इनका मुख्यालय भोपाल किया गया है। एक अन्य आदेश में एसपी देवास पुनीत गेहलोद ने चौकी प्रभारी टोककलां सुश्री रमनदीप हुंडल को असूचना संकलन के अभाव पदीय कर्तव्यों में लापरवाही के आरोप में निलंबित करते हुए पुलिस लाईन देवास भेजा गया है।

### दो पर रासुका,3 माह भेरूगढ़ जेल

कलेक्टर सिंह ने आरोपी अनिल पिता दिनेश मालवीय एवं आरोपी आजास पिता निजाम खान पर एनएसए के तहत कार्रवाई की है। दोनों ने लोक व्यवस्था के अनुरक्षण के प्रतिकुल किसी भी रीति से कार्य करने से रोकने के अभिप्राय से यह कार्रवाई राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3 की उपधारा (2) में आदेश जारी किया है।दोनों को तीन माह तक की अवधि के लिए निरुद्ध कर केन्द्रीय जेल भेरूगढ़ उज्जैन में रखा जाएगा। पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर यह कार्रवाई की गई है।

## संस्कृत भारती मालवा प्रांत द्वारा सप्त दिवसीय प्रबोधन वर्ग का शुभारंभ



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

संस्कृत भारती मालवा प्रान्त द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय प्रबोधन वर्ग का शुभारंभ महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान में हुआ। वर्ग के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. गोविन्द गंधे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रान्त अध्यक्ष सीमा जिन्दल ने की।

इस अवसर पर प्रान्त मन्त्री सुरेन्द्र शर्मा एवं वर्ग अधिकारी अभय तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन पर बल देते हुए कहा कि संस्कृत भारतीय संस्कृति और ज्ञान परम्परा की मूल आधारशिला है तथा इसे जन-जन तक पहुँचाने के लिए ऐसे वर्ग अत्यंत उपयोगी हैं। प्रबोधन वर्ग में संस्कृत संभाषण, गीत, श्लोक, व्याकरण एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को संस्कृत भाषा का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। वर्ग में मालवा प्रान्त के विभिन्न क्षेत्रों से 85 प्रशिक्षणार्थी संस्कृत प्रेमी, विद्यार्थी एवं शिक्षक सहभागिता कर रहे हैं।

आयोजकों के अनुसार यह वर्ग 15 से 23 मई तक संचालित होगा। वर्ग का उद्देश्य संस्कृत भाषा के प्रति जनमानस में रुचि जागृत करना एवं संस्कृत संभाषण को सरल एवं व्यवहारिक रूप में प्रसारित करना है।

महानगर मंत्री सुभाष कुमावत ने बताया कि यह सप्त दिवसीय वर्ग संस्कृत के प्रचार-प्रसार एवं संस्कृत संभाषण को सहज रूप में जनसामान्य तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है।

### महापौर की अध्यक्षता में आयोजित मेयर इन काउंसिल की बैठक में विभिन्न विकास एवं जनहित से जुड़े प्रस्तावों पर बिंदुवार चर्चा

# चौड़ीकरण में प्रभावित भवन स्वामियों के मुआवजा प्रकरणों को स्वीकृति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शनिवार को नगर निगम की मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित एमआईसी सदस्य शिवेन्द्र तिवारी, सत्यनारायण चौहान, रजत मेहता, प्रकाश शर्मा, कैलाश प्रजापत, जितेंद्र कुवाल, डॉ. योगेश्वरी राठौर, दुर्गाशक्ति सिंह चौधरी तथा सुगन बाबूलाल बाघेला उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वप्रथम 28 अप्रैल 2026 को आयोजित मेयर इन काउंसिल बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई। इसके बाद विभिन्न विकास एवं जनहित से जुड़े प्रस्तावों पर बिंदुवार चर्चा कर सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में गौंड बस्ती आवासीय इकाई के अधिग्रहण के अंतर्गत निवासरत परिवारों के विस्थापन के लिए पंवासा क्षेत्र में



ईडब्ल्यूएस आवासीय इकाइयों के निर्माण संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा कर स्वीकृति दी गई।

**अधिकारीगण रहे उपस्थित-** बैठक में अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, संदीप शिवा, पुनीत शुक्ला, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, मनोज मौर्य, संजेश गुप्ता, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, वैभव भावसार, आर.के. जैन, जगदीश मालवीय, साहिल मैदावाला एवं पलाश शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**स्विमिंग कॉम्प्लेक्स खेल विभाग को हस्तांतरित होगा-** उज्जैन स्थित स्विमिंग कॉम्प्लेक्स को स्विमिंग अकादमी स्थापना हेतु खेल एवं युवा कल्याण विभाग को हस्तांतरित किए जाने संबंधी प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की गई।

### मार्ग चौड़ीकरण प्रभावितों को मिलेगा मुआवजा

बैठक में शहर के विभिन्न मार्ग चौड़ीकरण कार्यों से प्रभावित भवन स्वामियों एवं परिवारों को मुआवजा दिए जाने संबंधी प्रस्तावों को सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई। इनमें प्रमुख रूप से गदापुलिया से जयसिंहपुरा होते हुए लालपुल तक भगतसिंह मार्ग चौड़ीकरण कार्य, वीडी मार्केट से तेलीवाड़ा ढाबा रोड होते हुए छोटी पुलिया तक मार्ग चौड़ीकरण, गाड़ी अड्डा चौराहा से बड़ा पुल तक लाला लाजपत राय मार्ग, वल्लभभाई पटेल मार्ग एवं वीर दुगार्दास मार्ग चौड़ीकरण कार्य शामिल हैं।

**देवास रोड स्थित तरणताल आउटसोर्स पर दिया जाएगा-** वार्ड क्रमांक 52 अंतर्गत देवास रोड स्थित तरणताल स्विमिंग पूल को तीन वर्ष की अवधि के लिए संचालन हेतु आउटसोर्स माध्यम से ठेके पर दिए जाने संबंधी प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई।

**अमृत मिशन के सीवरेज कार्यों को मिली मंजूरी-** बैठक में अमृत मिशन 1.0 अंतर्गत शहर में लंबित सीवरेज परियोजनाओं के कार्यों के लिए विभिन्न निविदाओं एवं दरों को स्वीकृति प्रदान की गई। इनमें सीवर नेटवर्क, मैनहोल, हाउस सर्विस कनेक्शन तथा सड़क पुनर्स्थापन से संबंधित कार्य शामिल हैं।

**इन कार्यों में–** सीवर जोन 7 पार्ट-1, सीवर जोन 1, 2 एवं 4, सीवर जोन 7 पार्ट-2, सीवर जोन 8 एवं 9 के शेष कार्यों की स्वीकृति शामिल रही। साथ ही अमृत मिशन 1.0 के अंतर्गत जारी 12 निविदाओं एवं फिफ्थ रिवाइज्ड बीओक्यू से संबंधित प्रस्तावों पर भी चर्चा कर स्वीकृति प्रदान की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### 30 जून तक चलाया जाएगा अभियान

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत गांव-गांव, नगर-नगर में जल-संरक्षण एवं जल-संवर्धन के कार्य व्यापक रूप से कराए जा रहे हैं। प्रदेश में गत तीन वर्षों से यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य वर्षा काल के पूर्व जल स्त्रोतों की साफ-सफाई, जीर्णोद्धार एवं आवश्यक मरम्मत कराए जाना है, जिससे वर्षा काल में इनमें पर्याप्त मात्रा में जल संग्रहण हो सके। इस अभियान में समाज के हर वर्ग का सहयोग लिया जा रहा है तथा इसे जन-आंदोलन का रूप दिया गया है। इस वर्ष जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत 19 मार्च को इंदौर से की गई थी, तब से यह अनवरत जारी है और 30 जून तक चलाया जाएगा।

### लगभग 1 लाख 55 हजार रुपए बाजार मूल्य की अवैध मदिरा एवं वाहन जप्त

**इंदौर।** कलेक्टर जिला इंदौर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निदेर्शानुसार कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के नेतृत्व में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज वृत्त देपालपुर अंतर्गत उप निरीक्षक भगवानदास अहरवार एवं उनकी टीम द्वारा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर काली बिल्लौद रोड़ पर वाहन चेकिंग के दौरान काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल क्रमांक MP09-DZ8265 को रोका गया। वाहन पर सवार निवासी इंदौर संजय पिता अमरसिंह एवं सुनील पिता भंवरसिंह द्वारा अवैध मदिरा का परिवहन किया जा रहा था। तलाशी के दौरान एक झोले से 24 नग बोल्ट बीयर केन जप्त की गईं। जप्त मदिरा एवं वाहन का कुल अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 1 लाख 55 हजार रुपए आंका गया है। उक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)(क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। कार्यवाही में आरक्षक सुश्री राशि सोलट, श्री रवींद्र कुमार बघेल एवं श्री सावन सिसोदिया का सराहनीय योगदान रहा।

### उन्नत कृषकों से 25 मई तक मंगाए गए आवेदन

**इंदौर।** इन्दौर जिले में किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 2025-26 में कृषि की उन्नत तकनीक अपनाकर अधिक उत्पादन प्राप्त कर अपनी आय बढ़ाने वाले उन्नत किसानों को राज्य शासन द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। यह पुरस्कार कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य पालन, कृषि अभियांत्रिकी किसानों को आत्मा योजनान्तर्गत मिलेंगे। कृषि तकनीकी प्रबंध संस्था की परियोजना संचालक सह उप संचालक श्रीमती शर्ली थामस ने बताया कि आत्मा योजनान्तर्गत उन्नत किसानों को जिला स्तर पर 25-25 हजार रुपये और विकासखण्ड स्तर पर 10-10 हजार के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके लिये विभाग द्वारा जिले के किसानों से 25 मई 2026 तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन मंगाए गए हैं। कृषि श्रेणी हेतु आवेदन संबंधित विकासखण्ड के विकासखण्ड तकनीकी प्रबंधक आत्मा या वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से प्राप्त किए जा सकते है। इसी प्रकार उद्यानिकी कृषक आवेदन उद्यान विभाग तथा पशुपालक कृषक पशुपालन विभाग से और मछली पालक कृषक मछली पालन विभाग से एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग से आवेदन प्राप्त कर, आवेदन संबंधित उसी विभाग से सत्यापन पश्चात 25 मई 2026 शाम 6 बजे तक जमा कर सकते है।

### शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026 का हुआ शुभारंभ

**इंदौर।** मध्यप्रदेश शासन के पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के युवाओं को सैन्य बल, पुलिस, होमगार्ड एवं अन्य समकक्ष सुरक्षा सेवाओं में भर्ती हेतु सक्षम बनाने के उद्देश्य से 45 दिवसीय प्रशिक्षण शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना-2026 का शुभारंभ आज देवी अहिल्या विश्वविद्यालय खंडवा रोड स्थित तक्षशिला परिसर ऑडिटोरियम में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर विधिवत किया गया। कार्यक्रम जिला पंचायत की अध्यक्ष रीना सतीश मालवीय के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षाविद डॉ. स्वप्निल कोठारी, सहायक संचालक एवं नियंत्रणकर्ता अधिकारी (शौर्य संकल्प प्रशिक्षण योजना) पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के सहायक संचालक डॉ. अनिल सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्बोधन करते हुए जिला पंचायत की अध्यक्ष रीना सतीश मालवीय ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए शौर्य संकल्प प्रशिक्षण की सफलता की कामना की। उन्होंने कहा कि युवाओं में ऊर्जा, क्षमता और राष्ट्रसेवा का जज्बा प्रचुर मात्रा में है। शासन की यह योजना उन्हें उचित मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण प्रदान कर आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने का कार्य करेगी। उन्होंने युवाओं से प्रशिक्षण का पूर्ण लाभ उठाकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का आह्वान किया।

---

मत्स्य क्षेत्र में सहकार से समृद्धि के दृष्टिकोण को सशक्त बनाने हेतु

# मत्स्य सहकारी संस्थाओं पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

**सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने मत्स्य सहकारी संस्थाओं के लिए तकनीकी एकीकरण एवं बाजार संपर्क की आवश्यकता पर बल दिया**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ हैदराबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहकार से समृद्धि के दृष्टिकोण से प्रेरित, जिसे माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देशभर में क्रियान्वित किया जा रहा है, मत्स्य सहकारी संस्थाओं पर एक राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला का आयोजन 15 मई को हैदराबाद में किया गया। यह कार्यशाला देश के विभिन्न हिस्सों में आयोजित की जा रही क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय सहकारी परामर्श बैठकों की निरंतर श्रृंखला का हिस्सा थी, जिसका उद्देश्य मत्स्य सहकारी पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करना तथा मछुआरा समुदायों एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं के समावेशी एवं सतत विकास हेतु सहकारिता में सहकार को बढ़ावा देना है। इससे पूर्व इसी पहल के अंतर्गत मिजोरम और जयपुर में भी कार्यशालाएँ आयोजित की जा चुकी हैं।

राष्ट्रीय कार्यशाला में विभिन्न राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारियों, मत्स्य क्षेत्र से जुड़ी संस्थाओं, सहकारी संगठनों, वित्तीय संस्थानों तथा विकास एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भारत सरकार के मत्स्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी वर्चुअल माध्यम से विचार-विमर्श में शामिल हुए। राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड ने भी कार्यशाला की प्रक्रिया एवं तकनीकी चर्चाओं में सक्रिय भागीदारी निभाई। विचार-विमर्श का मुख्य उद्देश्य राज्यों के बीच समन्वय को सुदृढ़ करना, मत्स्य क्षेत्र से संबंधित योजनाओं के जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन को गति देना तथा नियमित निगरानी, समस्याओं के समाधान एवं नीतिगत फीडबैक हेतु संस्थागत तंत्र विकसित करना था।

### प्रणालियों के एकीकरण की आवश्यकता पर बल दिया

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी ने ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ करने, आय के अवसर बढ़ाने तथा समुदाय आधारित सतत आर्थिक प्रणालियों के निर्माण में मत्स्य सहकारी संस्थाओं की बढ़ती भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाएँ विशेष रूप से मछुआरों, महिलाओं तथा मत्स्य मूल्य श्रृंखला से जुड़े ग्रामीण परिवारों के समावेशी विकास को सुनिश्चित करने का एक प्रभावी माध्यम बनकर उभरी हैं। उन्होंने संस्थागत तंत्र को मजबूत करने, सुलभ वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने, सहकारी संरचनाओं के आधुनिकीकरण तथा बेहतर उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन परिणामों हेतु तकनीक आधारित प्रणालियों के एकीकरण की आवश्यकता पर बल दिया।



### विकास मॉडल के महत्व पर बल दिया

डॉ. भूटानी ने कहा कि सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद से मत्स्य क्षेत्र के संतुलित एवं समावेशी विकास हेतु एक मजबूत संस्थागत ढांचा विकसित करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सहकारी संस्थाओं, विकास एजेंसियों एवं वित्तीय प्रणालियों के समन्वित प्रयासों से एक सशक्त जमीनी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित हो रहा है, जो रोजगार सृजन, पोषण सुरक्षा तथा ग्रामीण आर्थिक सुदृढ़ीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### तकनीकी एवं विषयगत सत्र आयोजित किए

कार्यशाला में मत्स्य सहकारी संस्थाओं के विकास के विभिन्न आयामों पर विस्तृत तकनीकी एवं विषयगत सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में नई मत्स्य सहकारी संस्थाओं के गठन, मौजूदा संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण, वित्त वर्ष 2026-27 के लक्ष्यों तथा प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह-योजना के अंतर्गत संस्थाओं के सशक्तिकरण की रणनीतियों पर चर्चा हुई। सदस्यता विस्तार, ऊउउइ ऋण संपर्क को मजबूत करने, निष्क्रिय मत्स्य सहकारी संस्थाओं के पुनर्जीवन तथा बोर्ड सदस्यों एवं संस्थाओं के सदस्यों के क्षमता निर्माण कार्यक्रमों पर विशेष बल दिया गया।

---

# पानी का संकट: विरोध में लोग सड़क पर उतरे

## नगर निगम के सभी 22 जोनल कार्यालय का घेराव कर मटके फोड़े

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

पीने के पानी के संकट से जूझते इंदौर शहर में आज हजारों लोग इंदौर नगर निगम के खिलाफ नारे लगाते हुए सड़क पर उतर गए। यह सभी लोग नगर निगम के 22 झोन कार्यालय पर कांग्रेस के द्वारा आयोजित किए गए प्रदर्शन में भाग लेने के लिए आगे आए। सभी प्रदर्शन के स्थान पर खाली मटके फोड़कर नगर निगम से पर्याप्त पानी देने की मांग की गई। इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने शहर की पानी की समस्या को लेकर आज नगर निगम के सभी 22 जोनल कार्यालय का घेराव करने का ऐलान किया था। हर जोनल कार्यालय पर प्रदर्शन करने के लिए कांग्रेस के द्वारा अलग से प्रभारी नियुक्त किए गए थे। इस प्रदर्शन में भाग लेने के लिए हजारों की संख्या में पानी के संकट से पीड़ित नागरिक स्वयं ही निकलकर आगे आ गए। सुबह से ही हर जोनल कार्यालय पर कांग्रेस के झंडे को लहराते हुए लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। हर कोई नगर निगम और उसकी व्यवस्था के विरोध में अपना आक्रोश व्यक्त करता हुआ नजर आ रहा था। प्रदर्शन के दौरान हर जोनल कार्यालय पर जमकर नारेबाजी की गई और खाली मटके फोड़कर पानी देने के लिए आवाज उठाई गई।



**निगम के पास लोगों की आवश्यकता की पूर्ति के लिए पानी देने की व्यवस्था नहीं**

**निगम मुख्यालय में नेता प्रतिपक्ष और अपर आयुक्त में हुई तीखी बहस**

### पानी की मोटर को सुधारने की व्यवस्था नहीं कर पाया

जब ज्ञापन देते हुए पानी की समस्या के समाधान की मांग की गई तो पाठक और चौकसे के बीच तीखी बहस हो गई। पाठक का कहना था कि हर पार्षद को टैंकर दे दिए हैं अब पानी उपलब्ध कराना पार्षद की जिम्मेदारी है। जबकि चौकसे का कहना था कि टैंकर देने से कुछ नहीं होगा टैंकर भरने की भी व्यवस्था करना पड़ेगी। उन्होंने कहा कि यह कितना शर्मनाक है कि पिछले 20 साल में नगर निगम अपने विभाग में पानी की मोटर को सुधारने की व्यवस्था नहीं कर पाया है। आज सैकड़ो बोरिंग मोटर खराब हो जाने के कारण बंद है। यदि मोटर सुधारने का काम हो जाए तो बहुत सारे क्षेत्र के पानी की समस्या समाप्त हो जाएगी।

### समस्या वाले क्षेत्र को समाधान देने की मांग की गई

हर जोनल कार्यालय पर वहां मौजूद अधिकारी को ज्ञापन देखकर उस जोनल कार्यालय के क्षेत्र की पानी की समस्या की विस्तार से जानकारी दी गई और समस्या वाले क्षेत्र को समाधान देने की मांग की गई। इस प्रदर्शन के बाद हर जोनल कार्यालय पर ज्ञापन दिया गया। इस मौके पर इंदौर नगर निगम के मुख्यालय में भी चिंटू चौक से के नेतृत्व में कांग्रेस के नेताओं ने पानी की व्यवस्था के प्रभारी अपर आयुक्त आशीष पाठक को ज्ञापन दिया।

---

# भीषण गर्मी और देवास हादसे के बाद प्रशासन अलर्ट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

गत दिवस देवास जिले में पटाखा फैक्ट्री में हुई दुर्घटना तथा वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री शिवम वर्मा ने आमजन की सुरक्षा के मद्देनजर जिले के सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र में संचालित पटाखा गोदामों एवं फैक्ट्रियों की जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ऐसी फैक्ट्रियां जो अत्यधिक संवेदनशील हैं, जैसे एसिड अथवा अग्नि से सीधे संबंधित इकाइयां, उनकी विशेष जांच कर आवश्यक कार्रवाई शीघ्र करने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिला प्रशासन के अमले द्वारा आज किए गए निरीक्षण के दौरान सुरक्षा में कमियां पाए जाने पर तीन पटाखा फैक्ट्री को सील किया गया है।

एडीएम रोशन राय ने बताया कि इसी क्रम में तहसील हातोद के ग्राम खजुरिया स्थित पटाखा फैक्ट्री का तहसीलदार द्वारा निरीक्षण किया गया तथा संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सुरक्षा मानकों में कमी पाए जाने पर खजुरिया स्थित इस फैक्ट्री को सील किया गया है। इस फैक्ट्री के संचालक विनोद पिता रूपाजी हैं। वहीं एसडीएम सांवेर द्वारा धतुरिया एवं पंचडेरिया क्षेत्र में स्थित पटाखा संस्थानों की आकस्मिक जांच की गई। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक सुधार करवाए गए तथा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित संचालकों को दिए। अनुविभाग बिचोली क्षेत्र में भी पटाखा फैक्ट्री और गोदामों की जांच की गई। इस दौरान सुरक्षा मानकों में कमियां पाये जाने पर ग्राम राजधरा स्थित शाना फायर वर्क्स (संचालक अकरम मंसूरी) एवं बाबा फायर वर्क्स की पटाखा फैक्ट्री को सील किया गया।

---


श्रद्धा की जीत! आंखें नहीं थीं पर आस्था खींच लाई महाकाल के दरबार में

# दृष्टिहीन भक्त को गाड्र्स ने कराए बाबा महाकाल के विशेष दर्शन

### पहली बार बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचे उज्जैन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल की भक्ति का एक भावुक दृश्य देखने को मिला। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के रहने वाले 60 वर्षीय दृष्टिहीन भक्त सुशील कुमार को मंदिर प्रशासन और सुरक्षा कर्मियों की मदद से बाबा महाकाल के विशेष दर्शन कराए गए। इस दौरान मंदिर परिसर भक्ति और श्रद्धा के भाव से भर गया। जानकारी के अनुसार फतेहपुर जिले के अनोखी निवासी सुशील कुमार आंखों से देख नहीं सकते, लेकिन बाबा महाकाल के प्रति उनकी आस्था उन्हें उज्जैन तक खींच लाई। सुशील पहली बार उज्जैन पहुंचे थे और बैरिकेड्स से बाबा महाकाल के दर्शन कर रहे थे। इस दौरान वह लगातार ॐ नमः शिवाय का जाप कर रहे थे।





### सुरक्षा गाड्र्स ने भक्ति देखकर करवाए विशेष दर्शन

मंदिर के सुरक्षा गाड्र्स की नजर जब सुशील कुमार पर पड़ी, तो उन्होंने उनकी गहरी भक्ति को महसूस किया। इसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें बैरिकेड्स से बाहर निकालकर नंदी हॉल तक पहुंचाया। वहां सुशील कुमार को बाबा महाकाल के नजदीक से दर्शन करवाए गए। इस दौरान वह बंद आंखों से भी लगातार ॐ नमः शिवाय का जाप करते रहे।

### दर्शन के बाद भावुक हुए सुशील कुमार

दर्शन के बाद सुशील कुमार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि श्री महाकालेश्वर मंदिर की दर्शन व्यवस्था बहुत अच्छी है। उन्होंने कहा कि मंदिर प्रशासन और कर्मचारियों ने उनकी काफी मदद की। उन्होंने कहा कि वह पहली बार बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन आए थे और यहां उन्हें पूरा सहयोग मिला। सुशील कुमार ने भावुक होते हुए कहा कि आंखें नहीं होने के कारण वह बाबा महाकाल की छवि तो नहीं देख सके, लेकिन मंदिर की इतनी अच्छी व्यवस्था और यहां मिला सम्मान उन्हें हमेशा याद रहेगा।


### पोते ने पूरी की दादाजी की इच्छा

सुशील कुमार के पोते ब्रजलाल ने बताया कि उनके दादाजी की लंबे समय से बाबा महाकाल के दर्शन करने की इच्छा थी। इसी वजह से वह उन्हें उज्जैन लेकर आए। उन्होंने कहा कि मंदिर की व्यवस्था काफी अच्छी है और यहां आने वाले हर श्रद्धालु को व्यवस्थित तरीके से दर्शन कराए जाते हैं।

---

# धार नाका पुलिया निर्माण बना मुसीबत, वैकल्पिक मार्ग पर फंसी महू-इंदौर बस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



महू-इंदौर मार्ग पर धारनाका पुलिया निर्माण कार्य के चलते बनाई गई वैकल्पिक सड़क अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। शुक्रवार रात को अव्यवस्थित और धूल भरे रास्ते पर एक महू-इंदौर बस फंस गई, जिससे लंबे समय तक यातायात बाधित रहा और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क पर मिट्टी और गड्ढों के कारण बड़े वाहनों का निकलना मुश्किल हो रहा है। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। रोजाना हजारों यात्री इसी मार्ग से महू और पीथमपुर के बीच सफर करते हैं, लेकिन निर्माण कार्य के दौरान पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को वैकल्पिक मार्ग की मरम्मत और यातायात व्यवस्था पर तुरंत ध्यान देना चाहिए।

---

# निगम मंडलों में सिंधिया समर्थकों को नहीं मिली कोई जगह

### इंदौर में ही समर्थकों की हालात खराब

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इन दिनों केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य के समर्थक यह मानने लगे हैं कि वे भले ही सत्ता में बने हो पर उनके समर्थकों की पूछ परख खत्म होती जा रही है। इसके चलते महाराज के कई दिग्गज समर्थक अब घरों में बैठ गये हैं।

पिछले समय सरकार में की गई नियुक्तियों में भी सिंधिया समर्थकों को जगह नहीं मिलने को लेकर बड़ी चर्चा है इसमे मुरैना से लेकर इंदौर तक कई दिग्गज उम्मीद कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का क्या बीजेपी में कद कम रहा है? क्या ज्योतिरादित्य सिंधिया की बीजेपी में अब पूछ परख कम हो गई है? क्या सिंधिया समर्थक अब अपने महाराज से दूरी बना रहे है? क्या मध्यप्रदेश की सरकार के साथ सिंधिया का तालमेल ठीक नहीं है? यह कुछ ऐसे सवाल है जो इन दिनों सियासी गलियारों में तेजी से घूम रहे हैं। मध्यप्रदेश की राजनीति में इन अटकलों की वजह निगम मंडलों में सिंधिया समर्थकों की अनेदखी है। मोहन सरकार ने अब तक करीब दो दर्जन निगम मंडलों, आयोग, बोर्ड, प्राधिकरणों में नियुक्तियां की है लेकिन इन नियुक्तियों में सिंधिया समर्थकों को सिरे से दरकिनार कर दिया गया है, वह भी जब इन नियुक्तियों में ग्वालियर-चंबल अंचल के नेताओं को बड़े पैमाने पर पदों से नवाजा गया है।

### भाजपा में पूछ परख कम होती दिख रही

सियासत के जानकार कहते हैं कि 2020 में भाजपा में आने से पहले ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर चंबल के एक बड़े नेता माने जाते थे लेकिन भाजपा में शामिल होने के बाद धीमे धीरे सिंधिया को भाजपा में पूछ परख कम होती दिख रही है। हाल में ही नियुक्तियों में जिस तरह से ग्वालियर चंबल में सिंधिया समर्थक चेहरों को दरकिनार किया गया, वह इसका साफ संकेत है। इसके चलते इंदौर में भी उनके समर्थक यह मानने लगे हैं कि भाजपा में उनका कोई भविष्य फिलहाल नहीं दिखाई दे रहा है। ले देकर तुलसी सिलावट ही अकेले उनके समर्थक दिखाई दे रहे हैं। बाकि कई दिग्गज अब अपने घरों में बैठ चुके हैं। इस मामले में उनके एक कट्टर समर्थक से पूछा गया तो उसने कहा कि मैं महाराज को बोल चुका हूं आपका निजी कोई काम हो तो आप मुझे याद करिएगा। भाजपा में तालमेल संभव नहीं हो रहा है। यहां पर तीसरे से और चौथे क्रम के नेताओं में ही सिंधिया समर्थक शुमार नहीं हो पा रहे हैं।

बाकि कई दिग्गज अब अपने घरों में बैठ चुके हैं। इस मामले में उनके एक कट्टर समर्थक से पूछा गया तो उसने कहा कि मैं महाराज को बोल चुका हूं आपका निजी कोई काम हो तो आप मुझे याद करिएगा।

भाजपा में तालमेल संभव नहीं हो रहा है। यहां पर तीसरे से और चौथे क्रम के नेताओं में ही सिंधिया समर्थक शुमार नहीं हो पा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि सिंधिया के कई समर्थक जो कांग्रेस से भाजपा में आये थे उपचुनाव में हारने के बाद आज भी अपनी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। उन्हें भी निगम मंडलों में जगह नहीं मिल रही है।

## न्यूज कालम



### विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया कृषि क्रांति रथ को रवाना

**सनावद/बेड़िया**-खेती को लाभ का धंधा बनाने एवं आधुनिक कृषि तकनीक का संदेश लेकर निकले कृषि क्रांति रथ को विधायक सचिन बिरला ने शनिवार को ग्राम डूडगांव से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कृषि कल्याण वर्ष-2026 के अंतर्गत उन्नत कृषि तकनीकों के प्रचार-प्रसार हेतु 16 से 28 मई तक क्षेत्र की 40 ग्राम पंचायतों में कृषि क्रांति रथ भ्रमण करेगा।विधायक ने कहा कि कृषि रथ के भ्रमण के दौरान किसानों को नवीन एवं उन्नत कृषि अभियांत्रिकी, पशुपालन,उद्यानिकी, मत्स्य पालन,जैविक तथा प्राकृतिक कृषि,मृदा स्वास्थ्य परीक्षण,एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन,कीट नियंत्रण,फसल विविधीकरण,पराली प्रबंधन एवं खेती में उपयोगी नवीन एवं उन्नत तकनीकों से अवगत कराया जाएगा। कृषि क्रांति रथ के भ्रमण के दौरान किसान बंधु कृषि वैज्ञानिकों से सीधा संपर्क कर अपनी जिज्ञासाओं और कृषि संबंधी समस्याओं का समाधान पा सकेंगे।विधायक ने कहा कि प्रदेश की डॉ.मोहन यादव सरकार प्रदेश में खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है।

### ग्राम पंचायत लेकोडा में कृषक संगोष्ठी व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया

**उज्जैन।** कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अनुक्रम में कलेक्टररौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में 15 मई को ग्राम पंचायत लेकोडा, उज्जैन में सुबह कृषक संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संगोष्ठी एवं जागरूकता कार्यक्रम में किसानों को फार्मर आईडी बनाने, ई- टोकन प्रणाली से खाद वितरण की संपूर्ण जानकारी , संतुलित उर्वरकों का प्रयोग, नरवाई प्रबंधन , फसल विविधीकरण ,प्राकृतिक खेती करने के उपाय एवं आगामी खरीफ सीजन के लिए के पूर्व तैयारी के संबंध में समसामयिक विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई द्यकार्यक्रम में भारतीय सोयाबीन अनुसंधान संस्थान इंदौर के वैज्ञानिक गण , कृषि विज्ञान केंद्र उज्जैन के वैज्ञानिक , कृषि विभाग और आत्मा एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### प्रारूप मतदाता सूची का किया गया सार्वजनिक प्रकाशन

**उज्जैन।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संदीप सिंह ने बताया कि नगरीय निकायों की फोटो युक्त मतदाता सूची वार्षिक पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत जिले की समस्त 8 नगरीय निकायों के समस्त 192 वार्डों में निहित स्थानों पर प्रारूप मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन शुक्रवार 15 मई को कर दिया गया है। इसी प्रकार पंचायतों की फोटो युक्त मतदाता सूची वार्षिक पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत जिले के समस्त 6 विकासखंडों की समस्त 609 ग्राम पंचायतों में विहित स्थानों पर प्रारूप मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन भी कर दिया है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत सफाई कर्मचारी हेतु आवेदन आमंत्रित

**बड़वानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बड़वानी के अन्तर्गत तहसील विधिक सेवा समिति सेंधवा, खेतिया, राजपुर में निर्मित मीडिएशन सेंटर भवन की साफ सफाई के लिए १-१ पद उल्लेखित शर्तों के अधीन साफ सफाई कर्मचारी नियुक्त १६ जून तक आवेदन आमंत्रित किये गये है। उक्त नियुक्ति किसी भी परिस्थिति में नियमित सेवा एवं शासकीय सेवा के अन्तर्गत नहीं मानी जावेगी। इस पर राशि २७३० तक की सीमा में मासिक मानदेय दिया जावेगा। जिला विधिक सहायता अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार इन पदो हेतु ८वीं पास उत्तीर्ण अनिवार्य है। आयु न्यूनतम १८ वर्ष (आवेदन की अंतिम दिनांक १६ जून २०२६ की स्थिति में) में होना चाहिये । इच्छुक उम्मीदवार आवेदन की प्रारम्भिक तिथि १८ मई से १६ जून तक अनिवार्य रूप से अपने आवेदन कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर बड़वानी में प्रस्तुत कर सकते है।

### यात्री बस में लगेज ढोने वाली बस व ब्लैक फिल्म वाहन चालको पर की कार्यवाही

**नीमच।** पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास , अति. पुलिस अधीक्षक नवलसिह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के निर्देशन में शनिवार 15.मई व 16 मई को थाना प्रभारी यातायात सोनू बडगुर्जर, यातायात टीम द्वारा बस स्टैंड क्षेत्र में वाहन चेकिंग की गई द्य जिसमें बस स्टैंड क्षेत्र में ट्रेवल्स बस क्र एम पी 13 जेड ई 25630 यात्री बस में छत पर भारी मात्रा में लगेज भरा था द्य यातायात टीम द्वारा बस को जप्त कर कार्रवाई की जाकर जुमार्ना वसूल किया गया। वही शहर में चल रही ब्लैक फिल्म की चार पहिया वाहनों की ब्लैक फिल्म निकालकर चालानी कार्यवाही की गई द्य और नाबालिग बच्चों द्वारा वाहन चलाने पर उनके परिजनों को थाने पर बुलाकर वाहन न चलाने देने के संबंध में हिदायत दी गई उक्तक कार्यवाही के दौरान कुल 109 चालान समंस शुल्क 57 हजार रुपए वसुल किया गया । साथ ही यातायात पुलिस आमजन से अपील की है, कि अपने चार पहिया वाहन मे काली फिल्म ना लगाए द्य बस संचालक यात्री वाहन बसों मे लगेज का परिवहन नही करे एवं बसों के सभी दस्ता वेज पूर्ण रखे एवं यातायात के नियमों का पालन करे आपका सहयोग ही हमारा प्रयास है ।

### कृति का चित्रकला प्रशिक्षण शिविर 1 से 7 जून तक



**नीमच।** शहर की प्रमुख साहित्यिक, सांस्कृतिक संस्था कृति द्वारा बाल प्रतिभाओं को निखारने के लिए चित्रकला प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 1 जून से 7 जून तक गायत्री शक्तिपीठ के सौजन्य से प्रज्ञा माध्यमिक विद्यालय में किया जाएगा। प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक दिया जाएगा। यह जानकारी देते हुए संस्था के प्रचार सचिव कृष्णकुमार शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में कक्षा 5 और उससे ऊपर अध्ययनरत बालक/बालिका भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे । शिविर में पंजीयन हेतु मुकेश कासलीवाल से सम्पर्क कर एंट्री कर सकते हैं । संस्था के सहसचिव श्याम टांकवाल ने चित्रकला मे बच्चों के कला रूचि विकास हेतु अपने बच्चों को चित्रकला प्रशिक्षण शिविर में भेजने की अपील की है ।

## 52 करोड़ की लागत से बनेगी सिंधीबस्ती-लोनी रोड, सांसद-महापौर ने किया निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

शहर से महाराष्ट्र सीमा को जोड़ने वाले बहुप्रतीक्षित सिंधी बस्ती चौराहे से लोनी तक 11 किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग का शुक्रवार को खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, महापौर माधुरी अतुल पटेल सहित जनप्रतिनिधियों ने निरीक्षण किया। करीब ५२ करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस मार्ग के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।। संयुक्त निरीक्षण के दौरान सांसद पाटील, महापौर श्रीमती पटेल, पूर्व महापौर अतुल पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गजानन महाजन ने सड़क परिवहन मंत्रालय के कार्यपालन यंत्री रविन्द्र वर्मा तथा निर्माण एजेंसी ठेकेदार के साथ सिंधी बस्ती चौराहा, टेक्समो पाइप फैक्ट्री चौराहा, होटल उत्सव के पास बहादरपुर से लेकर लोनी तक पूरे मार्ग का जायजा लिया। टेक्समो पाइप फैक्ट्री चौराहा सहित मार्ग में बनने वाली पुलियाओं की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

यह सड़क मार्ग मध्यप्रदेश को महाराष्ट्र से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। सिंधी बस्ती से कलेक्टर कार्यालय तक सड़क को लगभग ३६ मीटर चौड़ा विकसित किया जाएगा। सड़क निर्माण के बाद नगर निगम द्वारा दोनों ओर साइड पटरी के साथ सौंदर्यीकरण कार्य भी कराया जाएगा। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि लंबे समय से क्षेत्र की जनता इस सड़क निर्माण का इंतजार कर रही है। मार्ग के कई हिस्सों में संकरी सड़क और अंधे मोड़ होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद दुर्घटनाओं में कमी आएगी और यातायात व्यवस्था बेहतर होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार जताया। सांसद ने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान नागरिकों को कम से कम परेशानी हो, इसके लिए विशेष ध्यान रखा जाए। पूर्व महापौर अतुल पटेल ने निगम द्वारा इस मार्ग पर किये जाने वाले कार्यों को लेकर चर्चा की। इस दौरान मनोज टंडन, किशोर शाह, विठ्ठल चौधरी, विनोद कोली, गजेंद्र पाटील, जय पाटील आदि मौजूद रहे।

## श्रीमद भागवत कथा श्रवण मात्र से असंख्य पुण्य की प्राप्ति होती है - पूज्य गोपाल कृष्ण महाराज

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



जिला पर्यटन नगरी बुरहानपुर के गणेश उ.मा. विद्यालय प्रांगण में श्री गणेश भागवत कथा समिति द्वारा आयोजित साप्ताहिक श्रीमद भागवत कथा में राष्ट्रीय संत कथाकार पूज्य गोपाल कृष्ण महाराज ने कहा कि धर्म की किसी भी सभा, श्रीमद भागवत कथा, रामायण, शिवपुराण या अन्य धार्मिक कार्य में मानव के आने व श्रवण मात्र से असंख्य पुण्य फल की प्राप्ति होती है। कथा के पांचवे दिन जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर द्वारा व्यास पीठ के दर्शन कर राष्ट्रीय संत का शाल, श्रीफल, हार व भेंट से भावभीना स्वागत किया गया। जनजाग्रति संस्था जिले में समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था है। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक व संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन, संस्था अध्यक्ष डॉ. किरण सिंह, सदस्य शोभा चौधरी, रविन्द्र महाजन, आर एस ठाकुर, कथा समिति के प्रमुख जगदीश वाडे, सचिव गोपाल सिंह मुजाल्दा, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण भल्लावी, पांडाल व्यवस्था प्रमुख दिलीप इंगले, नरेन्द्र जाधव, प्रशांत पाटिल, रवि गावडे सहित अन्य सदस्य व बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं-पुरुष उपस्थित थे। कथा श्रवण अवसर पर म.प्र. शासन की पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक अर्चना चिटनिस एवं बुरहानपुर जिले के विभिन्न मंदिरों के संत व महंतगण भी उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी एवं कृष्ण बसन्ती अंतरराष्ट्रीय अवार्ड समारोह का आयोजन किया जाएगा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन



सम्राट् विक्रमादित्य विश्व विद्यालय, उज्जैन द्वारा प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका अक्षरवार्ता और कृष्ण बसंती शैक्षणिक एवं सामाजिक जन कल्याण समिति के सहयोग से 18 मई 2026 को वाग्देवी भवन में अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी एवं कृष्ण बसन्ती अंतरराष्ट्रीय अवार्ड समारोह का आयोजन किया जाएगा।

यह संगोष्ठी कृत्रिम बुद्धिमत्ता के परिप्रेक्ष्यः शिक्षा, साहित्य और संस्कृति पर एकाग्र होगी, जिसमें देश विदेश के विशेषज्ञ भाग लेंगे।यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलानुशासक एवं हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेन्द्रकुमार शर्मा एवं अक्षरवार्ता अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका के सम्पादक और कृष्ण बसंती शैक्षणिक एवं सामाजिक जनकल्याण समिति के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मोहन बैरागी ने बताया कि समारोह में देश के दस से अधिक राज्यों के शिक्षाविद, प्राध्यापक, संस्कृतिकर्मी एवं शोधकताओं को अतिथियों द्वारा कृष्ण बसन्ती अंतरराष्ट्रीय अवार्ड 2026 से सम्मानित किया जाएगा। दिनांक 18 मई, सोमवार को प्रातः 10.30 बजे वाग्देवी भवन, हिंदी अध्ययनशाला, सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि वाल्मीकि धाम पीठाधीश्वर और राष्ट्रीय सन्त बालयोगी पूज्यश्री उमेशनाथ जी महाराज, संसद सदस्य, राज्यसभा मप्र. शासन होंगे। अध्यक्षता सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज करेंगे। सारस्वत अतिथि महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन के कुलगुरु प्रो. शिवशंकर मिश्र, कुलानुशासक प्रो. शैलेंद्रकुमार शर्मा होंगे।

संगोष्ठी के समन्वयक सम्राट् विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन के आचार्य प्रो. जगदीश चंद्र शर्मा ने बताया कि समारोह में साहित्य के क्षेत्र की दो महत्वपूर्ण पुस्तकों जयश्री उपाध्याय, बड़वाह के ललित निबन्ध संग्रह एवं डॉ. मोहन बैरागी के कहानी संग्रह ढाई आखर की खोज का लोकार्पण अतिथियों द्वारा किया जाएगा।

## जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढाने 25 मई तक शिविर आयोजित किये जायेंगे

**बड़वानी ।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय दिल्ली द्वारा पीएम अंतर्गत सम्मिलित ग्रामों में पीव्हीटीजी जनजातीय समुदायों के लिए कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढाने हेतु १८ से २५ मई तक राष्ट्रव्यापी सूचना, शिक्षा एवं संचार अभियान जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले अभियान संचालित करने एवं क्कङ्क्षञ्जत्र जनजातीय समुदायों हेतु लाभार्थी संतृप्ति शिविर आयोजित किये जायेंगे। उक्त अभियान में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन हेतु ब्लॉक स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नोडल अधिकारी तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी रहेंगे। इस अभियान में जमीनी स्तर पर जन भागीदारी गतिविधियां, आदि सेवा केन्द्रों में जनसुनवाई, स्वास्थ्य शिविर और जनजातीय वर्ग के युवाओं एवं महिला उद्यमियो की कहानिया शामिल होगी । इस कार्यक्रम के परिणाम स्वरूप जिले के चयनित 529 जनजातीय ग्रामों में विशेष रूप से आदिवासी आबादी तक, ग्राम पंचायतों और अन्य ग्राम स्तरीय हितधारकों जैसे गैर सरकारी संगठनों, स्व सहायता समूहों के माध्यम सूचना का प्रसार किया जाना है, इसका उददेश्य सामुदायिक जागरूकता पैदा करना, योजनाओं और अधिकारों के बारे में जानकारी देना और उनकी व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करना है। अभियान अन्तर्गत नियुक्त नोडल अधिकारी समस्त विभाग प्रमुखों से आपसे समन्वय स्थापित करते हुए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कराये जावेंगे।

## खंडवा की महापौर ने कृषक जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा



शासन के निर्देश अनुसार कृषि विभाग की योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर से कृषक जागरूकता रथ खंडवा की महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष श्री राजपाल सिंह तोमर और तथा अपर कलेक्टर श्रीमती सृष्टि देशमुख गौड़ा, परियोजना संचालक आत्मा श्री ए. एस. सोलंकी, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक श्री डी.के. वाणी, सहित कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। उपसंचालक कृषि श्री नितेश यादव ने बताया कि कृषक रथ का संचालन आगामी 10 दिवस के लिए किया गया है। यह कृषि रथ जिले के सभी विकास खंडों की सभी ग्राम पंचायतों में जाएगा । इस कृषि रथ के माध्यम से कृषकों को ई-विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था तथा उर्वरकों का अनुशंसा अनुसार उपयोग करने, जैविक खेती एवं प्राकृतिक कृषि क्षेत्रों का विस्तार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का प्रचार-प्रसार, एकीकृत पोषक तत्व, कीट एवं रोग प्रबंधन, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना, विभागीय कृषि योजनाओं का प्रचार-प्रसार, पराली प्रबंधन के बारे में किसानों को जानकारी दी जाएगी। कृषि अभियांत्रिकी द्वारा खरीफ पूर्व, खेतों का समतलीकरण, स्थानीय स्तर पर कृषि वैज्ञानिकों, विभागीय अधि कारियों, कृषि उद्यमी तथा प्रगतिशील कृषकों को तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाएगा। "कृषि रथ" के सफल संचालन के लिए कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य, कृषि अभियांत्रिकी विभाग एवं आत्मा के अधिकारियो की निर्धारित रूट चार्ट अनुसार ड्यूटी लगाने के आदेश जारी किए हैं। उपसंचालक कृषि श्री यादव ने बताया कि इसी तरह के कृषि रथ जिले के अन्य विकास खंड मुख्यालय से भी जन प्रतिनिधियों ने रवाना किए। उन्होंने बताया कि विकासखंड छैगांव माखन मे जनपद अध्यक्ष श्री महेंद्र सिंह सावनेर ने कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जबकि मूंदी से कृषि रथ को विधायक नारायण पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## डेंगू दिवस पर जिला अस्पताल में शपथ दिलाई

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा



मानसून की दस्तक से पहले डेंगू और अन्य मच्छर जनित बीमारियों पर रोकथाम करने के लिए शनिवार को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय परिसर में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, चिकित्सकों और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से समाज में डेंगू के प्रति जागरूकता फैलाने और इसके उन्मूलन की शपथ ली। सिविल सर्जन डॉ अनिरुद्ध कौशल ने बताया कि डेंगू दिवस मनाने का उद्देश्य केवल चर्चा करना नहीं बल्कि धरातल पर कड़े कदम उठाना है।

उन्होंने बताया कि डेंगू के मच्छर साफ पानी में पनपते हैं इसलिए पानी के बर्तनों, पानी की टंकी आदि को ढक कर रखे घर के आसपास सफाई रखें। साथ ही छत पर प्रयोग में ना आने वाले कंटेनर टायर आदि न रखें क्योंकि बारिश के मौसम में इनमें पानी जमा होता है, जिसमें मच्छर पनपते हैं । उन्होंने नागरिकों को सुझाव दिया है कि डेंगू से बचाव के लिए शरीर को पूरी तरह से ढकने वाले कपड़े पहने, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, अपने आसपास के क्षेत्रों में जलजमाव नहीं होने दें । उन्होंने बताया कि बुखार आने पर तुरंत निकट के अस्पताल में जाएं ताकि समय पर इसका इलाज हो सके।

कार्यक्रम में महामारी विशेषज्ञ डॉक्टर योगेश शर्मा ने बताया कि डेंगू एक रोके जाने योग्य बीमारी है, जो साफ ठहरे हुए पानी में पनपने वाले एडीज मच्छर के काटने से होती है। शपथ ग्रहण के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को पम्फलेट बांटकर डेंगू के लक्षण जैसे– अचानक तेज बुखार, सिरदर्द, और बदन दर्द होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने की सलाह दी गई।

कार्यक्रम में जिला मलेरिया अधिकारी श्री करण सिंह भूरिया ने बताया कि डेंगू डेन वायरस के कारण होता है, एवं उसे फैलाने का कार्य संक्रमित मादा एडिज मच्छर करता है।

डेंगू, चिकुनगुनिया, मलेरिया जैसी बीमारीयों के नियंत्रण के लिए घरों एवं कार्यालयों की साफ-सफाई रख इन बीमारीयों को पैदा या फैलाने वाले मच्छर को पैदा होने से रोककर, काटने से बचाव कर इन बीमारी को फैलने से रोक सकते है। उन्होंने सलाह दी कि डेंगू, चिकुनगुनिया की बीमारी के लक्षण होने पर चिकित्सक की सलाह पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर अपनी जाँच करवाये।

## उत्तराखंड यात्रा पर निकले यात्रियों का पोरवाल परिवार ने किया पुष्पमालाओ से किया स्वागत

**पिपलिया मंडी।** 15 मई शुक्रवार को कल्पना ट्रेवल्स से उत्तराखंड की यात्रा पर निकले सितामऊ क्षेत्र के यात्रियों का रिच्छा के पोरवाल परिवार में श्रीमती गुड्डीबाई पोरवाल, राधेश्याम पोरवाल, गोबिंद पोरवाल सहित बड़ी संख्या में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने स्थानीय चौपाटी पर स्वागत किया।





## जनजातीय वर्ग के लिए संचालित योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए ₹जन भागीदारी सबसे दूर-सबसे पहले₹ अभियान शुरू होगा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खंडवा

जनजातीय वर्ग के लिए शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार करने और इन योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 18 से 25 मई तक राष्ट्रव्यापी सूचना, शिक्षा एवं संचार अभियान "जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले" अभियान संचालित किया जाएगा।

इस दौरान जनजातीय समुदायों के हितग्राहियों को इन योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से शिविर भी आयोजित किए जाएंगे।

प्रधानमंत्री जन धन योजना एवं धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले की सभी जनपद पंचायतों के चयनित ग्रामों में जनपद के चयनित ग्रामों में लाभार्थी संतृप्ति शिविर आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार के दिशा-निर्देश अनुसार बलडी के 8 ग्रामों, छेगावमाखन ब्लॉक के 70 ग्रामों, हरसूद विकासखंड के 6 गांव, खालवा विकासखंड के कुल 109 गांव, खंडवा विकासखंड के 17, पंधाना विकासखंड के 58 तथा पुनासा विकासखंड के 37 गांवो में ये शिविर आयोजित होंगे।

इन शिविरों में कुल 18 विभाग की 25 सेवाओं से जनजाति वर्ग के ग्रामीणों को लाभान्वित किया जाएगा और सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी व्यक्ति उसकी पात्रता अनुसार योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे।

## ग्राम जलगोन में थाना पानसेमल पुलिस का जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में थाना पानसेमल पुलिस द्वारा आज दिनांक 16 मई 2026 को ग्राम जलगोन में आम नागरिकों के साथ जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस एवं जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना, सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा कानून व्यवस्था को मजबूत बनाना रहा। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणजनों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

**यातायात नियमों के पालन हेतु किया जागरूक**

ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य उपयोग करने, ओवरस्पीडिंग एवं शराब पीकर वाहन चलाने से बचने हेतु प्रेरित किया गया।

**सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु प्रेरित किया गया**

ग्राम में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से घरों, दुकानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लाभ बताए गए। पुलिस द्वारा बताया गया कि सीसीटीवी कैमरे अपराधों की रोकथाम एवं जांच में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं।

**साइबर फ्रॉड से बचाव संबंधी जानकारी दी गई**

कार्यक्रम में ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक एवं ओटीपी साझा न करने के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी दी गई।

**महिला सुरक्षा एवं सामाजिक सहयोग पर चर्चा**

ग्रामीणों को डायल 100/112 सेवा, महिला सुरक्षा, नशा मुक्ति अभियान एवं सामाजिक सहभागिता से अपराध नियंत्रण जैसे विषयों पर भी जानकारी साझा की गईकार्यक्रम के दौरान ग्रामीणजनों ने अपनी समस्याएं एवं सुझाव पुलिस के समक्ष रखे, जिनके निराकरण हेतु पुलिस द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया। अंत में पानसेमल पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि सुरक्षित एवं अपराधमुक्त समाज का निर्माण किया जा सके।

## न्यूज -कॉलम

### दिवंगत पुलिसकर्मियों के बच्चों को उज्जैन में अनुकंपा नियुक्ति



**उज्जैन।** नीमच में पदस्थ आरक्षक अनिलसिंह भाटी और ग्वालियर में पदस्थ एएसआई रामसजीवन गौतम के दिवंगत होने पर उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने शनिवार को अनिलसिंह की पुत्री साक्षी और रामसजीव के पुत्र पुनीत को अनुकंपा के माध्यम से बाल आरक्षक पद के लिये नियुक्ति पत्र सौंपा। इस दौरान एसपी शर्मा ने दोनों बच्चों को अपनी शिक्षा जारी रख जीवन में आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया। एसपी ने कहा कि पुलिस विभाग अपने कर्मचारियों और उनके परिवारों के साथ हर परिस्थिति में खड़ा है। नीमच और ग्वालियर में पद खाली नहीं होने पर दोनों दिवगंत पुलिसकर्मियों के बच्चों को उज्जैन में नियुक्ति दी गई है। गौरतलब हो कि एसपी शर्मा के उज्जैन में पदस्थ होने के बाद सबसे अधिक दिवगंत पुलिसकर्मियों के बच्चों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की गई है।

### दोस्त ने दुनियां छोड़ी तो युवक ने मौत को लगाया गले

**उज्जैन।** निजी बैंक में होम लोन का काम करने वाले युवक ने 3 दिन पहले जहरीला पदार्थ खाकर दुनियां को अलविदा कर दिया था। इसी बात से दुखी उसके साथी ने भी शुक्रवार रात जहरीला पदार्थ खाकर मौत को गले लगा लिया। 12 मई की रात ग्राम बाड़कुम्मेद की रहने वाले आशीष विश्वकर्मा ने बैंक से घर लौटते समय जहरीला पदार्थ खा लिया था। तलाश में निकले परिजनों को वह बेसुध हालत में पड़ा मिला था, जिसकी अस्पताल में मौत हो गई थी। तीन दिन बाद शुक्रवार शाम बाड़कुम्मेद में रहने वाले समीर पिता दिलीप मीणा 19 साल ने भी घर की छत पर जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया था। जिसे परिजन उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां उसकी मौत हो गई। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि आशीष की मौत के बाद से ही समीर तनाव में आ गया था। वह तीन दिनों से मरने की बात कह रहा था। लेकिन पता नहीं था कि ऐसा कदम उठा लेगा। समीर और आशीष दोस्त थे। आशीष की मौत का समीर को सदमा लगा था। परिजनों ने यह भी बताया कि समीर परिवार का एकलौता पुत्र था, उसकी तीन बहने है। पिता ड्रायवरी करते है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। 3 दिन में 2 दोस्तों के दुनियां छोड़ने से बाड़कुम्मेद में माहौल गमगीन हो गया था।

### दुर्घटना में घायल चैन्नई के 77 साल के वृद्ध की मौत

**उज्जैन।** देवास में हुई सड़क दुर्घटना में 20 दिन पहले घायल हुए चैन्नई के रहने वाले 77 साल के वृद्ध ब्रजभूषण पिता मिल्कीचंद का लाम्बा का नीलगंगा थाना क्षेत्र के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। शनिवार सुबह वृद्ध की मौत हो गई। नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक पियुष मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलने पर मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। परिजनों का शव अंतिम संस्कार के लिये सौंपा गया है। मर्ग डायरी के साथ मामले की जांच देवास पुलिस को सौंपी जायेगी।

### एमपीईबी कर्मचारी को सांप ने डंसा, हालत गंभीर

**उज्जैन।** चिंतामण जवासिया में रहने वाला सीताराम पिता तोलाराम 55 साल मक्सीरोड एमपीईबी कार्यालय में कर्मचारी है। शनिवार शाम कार्यालय परिसर में सीताराम को सांप ने डंस लिया। हालत बिगड़ने पर उसे अन्य कर्मचारी उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है। घटनाक्रम की जानकारी लगने पर परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंच गये थे।

### पॉली क्लीनिक के संचालक को मिल सकती है जमानत

**उज्जैन।** मंछामन कालोनी स्थित जनसेवा नोबल पॉली क्लीनिक में एक सप्ताह पहले 11 साल की बालिका दीपिका डाबी की अपेंडिक्स ऑपरेशन के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों ने डॉक्टर और क्लीनिक संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया था। नीलगंगा पुलिस ने क्लीनिक संचालक राजेश चौहान और डॉ. देवेश तिवारी के खिलाफ मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया था। गुरूवार को न्यायालय ने डॉ. तिवारी को जमानत पर रिहा कर दिया था। अब पॉली क्लीनिक संचालक ने भी कोर्ट में जमानत याचिका लगाई है। संभावना है कि सोमवार को उसे भी जमानत पर रिहा किया जा सकता है। वहीं मामले में नीलगंगा थान प्रभारी तरूण कुरील का कहना है कि मामले की जांच जारी है। फिलहाल बालिका की स्पष्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 234 | 256-3 |
| मेन बाजार | 169-6 | 167-4 |
| कल्याण नाइट | 247-3 | 360-9 |
| मिलन डे | 170-8 | 256-3 |
| मिलन नाइट | 123-6 | 288-8 |
| मधुर डे | 136-0 | 490-3 |
| मधुर नाइट | 189-8 | 677-0 |
| शुभांक | 1 | 5 6 |

# डीजीपी का रिश्तेदार बताकर युवकों से ठगे लाखों

## वन विभाग में नौकरी का देता था झांसा, पुलिस ने दर्ज किया मामला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

पुलिस विभाग के डीजीपी का रिश्तेदार बताकर नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की धोखाधडी का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायती आवेदनों की जांच पर मामले में प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की है। अब तक 10 से 12 युवक सामने आ चुके है, सभी एक गांव के रहने वाले है।

महिदपुर थाना प्रधान आरक्षक जितेन्द्र चौहान ने बताया कि कुछ समय पहले ग्राम तालोद चिंतामण क्षेत्र के रहने वाले फतेहसिंह पिता भैरूसिंह ने आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी पहचान ग्राम झरखेडी में रहने वाले बालू पिता भैरूसिंह चौहान से वर्ष 2022 में हुई थी। उसने खुद को पुलिस विभाग के डीजीपी का रिश्तेदार होना बताया और वन विभाग में नौकरी दिलाने की बात कहीं। उसने वन विभाग में कई पद खाली होने की बात कहीं थी। नौकरी मिलने की आस में उससे जानकारी मांगी गई। उसने शिक्षा संबंधित दस्तावेज (मार्कशीट), आधार कार्ड मांगा। वहीं 80 हजार रूपये की बात कहीं। दस्तावेजों के साथ रूपये देने के बाद परीक्षा होने की बात कही। उसने अन्य पदों के लिये भी युवकों की बात कहीं। जिसके चलते गांव तालोद के 10-12 युवकों को वन विभाग में नौकरी के पद खाली होने की बात कहीं। गांव के जितेन्द्र चंद्रवंशी, विकास सूर्यवंशी, मुकेश चंद्रवंशी, बलराम चंद्रवंशी सहित अन्य भी नौकरी पाने के लिये तैयार हो गये। सभी को डीजीपी का रिश्तेदार बताने वाले बालूसिंह ने झारडा कटन चौराहा चाय की दुकान पर अलग-अलग बुलाया और दस्तावेजों के साथ किसी से ढाई लाख, किसी से डेढ़ लाख, एक लाख रूपये लिये, करीब 25 लाख के लगभग लेने के बाद कई दिनों तक टाल-मटौल करता रहा। नौकरी नहीं मिलने पर रूपये लौटाने की बात कहीं तो जान से मारने की धमकी देने लगा।

प्रधान आरक्षक चौहान के अनुसार थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार के निर्देशन में शिकायती आवेदनों की जांच शुरू की गई। जिसमें 10 से 12 युवकों के साथ धोखाधडी होना सामने आने पर मामले में शुक्रवार रात बालूसिंह के खिलाफ धारा 420, 120 बी, 294, 506 भादवि का प्रकरण दर्ज कर लिया गया। फिलहाल आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

### परीक्षा के नाम पर ले गया भोपाल

फतेहसिंह ने पुलिस को बताया कि सभी युवकों से रूपये और दस्तावेज प्राप्त करने के बाद बालूसिंह उन्हे भोपाल लेकर गया था, जहां परीक्षा कराने की बात कहीं थी। लेकिन एक होटल में ठहरा कर दूसरे दिन वापस ले आया और कहा कि सभी का नाम लिस्ट में आ जायेगा। विश्वास कर कई दिनों तक नौकरी मिलने की आस लगाकर बैठे रहे। लेकिन समय गुजरने के साथ बालूसिंह टाल मटौल करने लगा। कुछ समय बाद उसने संपर्क करना भी बंद कर दिया और लापता हो गया।

### सामने आ सके है कई पीड़ित युवक

प्रधान आरक्षक जितेन्द्र चौहान ने बताया कि डीजीपी का रिश्तेदार बताकर नौकरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसके झांसे में फंसकर धोखाधडी के शिकार कई युवा सामने आ सके है। जिनको महिदपुर पुलिस द्वारा न्याय दिलाया जायेगा। फिलहाल आरोपी की तलाश में उसके ठिकानों का पता लगाने के लिये परिजनों से पूछताछ कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

# कैमरों में दिखा रेलवे ट्रेक पर घूमता लापता बालक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

रेलवे स्टेशन परिजनों के साथ ट्रेन का इंतजार कर रहा सात साल का बालक भीड के बीच लापता हो गया। बालक के लापता होने पर मां ने रेलवे पुलिस को सूचना दी। आरपीएफ की टीम ने कैमरों की मदद से बालक को कुछ घंटो में रेलवे ट्रेक पर घूमते हुए खोज निकाला।

आरपीएफ एएसआई शिवसिंह बघेल ने बताया कि शनिवार दोपहर को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर जबलपुर के कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम बोरियो की रहने वाली पूना पति विजय ठाकुर ने सूचना देकर बताया कि वह महाकाल दर्शन करने उज्जैन आई थी। वापस जबलपुर जाने के लिये प्लेटफार्म पर ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। उसी दौरान भीड में सात साल का पुत्र लापता हो गया है। आसपास खोजने पर नहीं मिला। एएसआई बघेल द्वारा सीसीटीवी ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षक राजकुमार देवडा को कैमरों के माध्यम से सर्च करने निर्देश दिये और स्वयं स्टेशन ड्यूटी पर तैनात आरक्षक नंदसिंह, जगदीश कसाना, लखन सैनी, महिला आरक्षक प्रतिभा शर्मा, सुरेखा के साथ बालक की तलाश में जुट गये। इस दौरान स्टेशन पर अनाउंसमेंट करवाया। कुछ देर में ही प्रधान आरक्षक राजकुमार ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से बताया कि नागदा साइड एफओबी के ऊपर एक बालक घूमता दिखाई दे रहा है। तलाश में लगी टीम तत्काल मौके पर पहुंची और बालक को बरामद किया गया। शिकायत दर्ज कराने वाली पूना ठाकुर ने बालक को पुत्र के रूप में पहचान लिया और सीने से लगा लिया। बालक के कुछ देर में सकुशल मिलने पर उसे मां के सुपुर्द किया गया।

### इधर 30 मिनट में परिजनों को खोजा

शनिवार को अमावस्या होने पर नवग्रह शनि मंदिर त्रिवेणी संगम पर आस्था का नहान और शनिदेव के दर्शन करने लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। इस दौरान भीड़ में गुना के ग्राम रूथ्यायी से आया 4 साल का बालक अंश पिता सुनील राजपूत परिवार से बिछड गया। ड्युटी पर तैनात नगर सैनिक रवि कुमार ने बालक को मंदिर गेट के पास बदहवास हालत में देखा तो तत्काल मंदिर परिसर में बने पुलिस कंट्रोलरूम लेकर आया। बालक के माता-पिता को तलाशने के लिये अनाउंसमें टकराया गया। करीब 30 मिनट में बालक परिजन मिल गये। यहीं नहीं शनि मंदिर पर ड्युटी कर रहे पुलिसकर्मियों ने संवेदना और मानवीयता का परिचिय दिया। पुलिसकर्मियों के सहयोग से एक दिव्यांग श्रद्धालु को सहजता के साथ दर्शन कराये गये।

### शादी का झांसा देकर शोषण करने वाला गिरफ्तार

**उज्जैन।** शादी का झांसा देकर छह माह तक साथ रखकर शोषण करने वाले युवक की शिकायत मिलने पर पुलिस ने उसे शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। जिसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

चिमनगंज थाना एसआई सुरेन्द्र मंडलोई ने बताया कि शुक्रवार को इंदिरानगर क्षेत्र की रहने वाली युवती ने शिकायत दर्ज कराई कि वह माता-पिता से अलग किराये के मकान में रहती है। कुछ माह पहले उसकी पहचान प्रीतिनगर दारू गोदाम के पास रहने वाले अंश मालवीय से हुई थी। अंश में शादी का वादा किया और अपने साथ रखने लगा। करीब छह माह तक साथ रहने के दौरान उसने संबंध बनाये। कुछ दिन पहले शादी की बात कहीं तो उसके द्वारा मारपीट की जाने लगी। उसने शादी से इंकार कर साथ रखने से मना कर दिया और घर से निकाल दिया। एसआई मंडलोई के अनुसार मामला झांसा देकर शोषण का होने पर युवती की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया और शनिवार सुबह आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### देवर ने किया अनैतिक कृत्य, पति-सास गिरफ्तार

**उज्जैन।** नागदा थाना क्षेत्र में रहने वाली महिला के साथ देवर ने अनैतिक कृत्य किया। विरोध करने पर पति और सास ने महिला को जान से मारने की धमकी दी। अनैतिक कृत्य के बाद देवर महिला को अपने साथ दूसरे स्थान पर भी ले गया, जहां धमकाकर गलत काम किया। देवर के साथ पति और सास के शामिल होने पर महिला ने मामले की शिकायत नागदा थाने पहुंचकर दर्ज कराई।

थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि मामला गंभीर होने पर देवर के खिलाफ दुष्कर्म करने और पति-सास के खिलाफ अनैतिक कृत्य में सहयोग करने और धमकाने का मामला दर्ज किया। पति और सास को गिरफ्तार कर लिया गया है। देवर फरार है, जिसकी तलाश जारी है। पति और सास को पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया था। जिन्हे कोर्ट में पेश कर पति को खाचरौद उपजेल और सास को भैरवग? जेल भेजा गया है।

# नेशनल हाईवे पर पलटा नैनावद चौकी प्रभारी का वाहन

### बस में लगी आग की खबर पर जा रहे थे घटनास्थल

**उज्जैन।** मक्सी-शाजापुर नेशनल हाईवे 52 पर शुक्रवार-शनिवार रात एयर कंडीशन वॉल्वो बस में लगी आग की खबर मिलने पर नैनावद चौकी प्रभारी निजी वाहन से घटनास्थल के लिये रवाना हुये। इस दौरान रास्ते में उनका वाहन पलटी खा गया। घटनाक्रम में चौकी प्रभारी और आरक्षक को चोंट लगी है।

तराना थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर रात 11.50 बजे इंदौर से ग्वालियर जा रही वॉल्वो बस में शार्ट सर्किट के बाद भीषण आग लग गई थी। घटनास्थल होटल जैन पथ तराना थाने की नैनावद चौकी अंतर्गत आता है। जिसके चलते तराना पुलिस घटनास्थल पहुंची थी, वहीं नैनावद चौकी से एक वाहन में कुछ पुलिसकर्मी सवार होकर निकले। चौकी प्रभारी गोकुलसिंह मंडोत और आरक्षक जितेन्द्रसिंह निजी वाहन बुलेरो से जैन पथ होटल घटनास्थल के लिये रवाना हुये। इस दौरान रास्ते में अचानक सामने से ट्रक आने पर चौकी प्रभारी का वाहन सड़क मार्ग से उतरकर पलटी खा गया। गनीमत रही कि प्रभारी एसआई और आरक्षक की जान बच गई, लेकिन अंदरूनी चोंट लगने पर दोनों घायल हो गये। बताया जा रहा है कि नेशनल हाईवे पर बस में हुई आगजनी के बाद मार्ग का ट्राफिक वन-वे कर दिया गया था। चौकी प्रभारी अपनी सही दिशा में आ रहे थे। लेकिन वन-वे होने पर ट्रक सामने से आ गया था। विदित हो कि बस में हुई आगजनी के दौरान चार साल का बच्चा अनय पिता अभिषेक जैन निवासी शिवपुरी बस में भीड के बीच फंस गया था और आगजनी में उसकी जान चली गई थी।

# शाजापुर के कॉलेज परिसर में घुसे चोर

## तीन घंटे के सर्च ऑपरेशन के बाद दो संदिग्ध गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर (उज्जैन)

शाजापुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात 1 बजे करीब पुलिस ने चोरी की वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे चार संदिग्ध युवकों में से दो को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान आरोपी पुलिस से बचने के लिए पंडित बालकृष्ण शर्मा नवीन महाविद्यालय परिसर में घुस गए, जहां करीब 3 घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद उन्हें पकड़ा गया। जबकि दो आरोपी मौके से फरार हो गए।



कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि द्वारकापुरी कॉलोनी क्षेत्र में चार संदिग्ध युवक घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही चारों युवक भागने लगे और कॉलेज की दीवार कूदकर परिसर के अंदर घुस गए। इसके बाद पुलिस ने चारों तरफ घेराबंदी कर दी और स्वयं भी दीवार फांदकर कॉलेज परिसर में पहुंची।

**आरोपियों से जब्त सामान-** पुलिस ने परिसर में लगातार तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान एक आरोपी कॉलेज परिसर में दीवार के पीछे छिपा मिला, जिसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। दूसरा आरोपी कॉलेज की छत पर करीब एक घंटे तक छिपा रहा। काफी खोजबीन और मशक्कत के बाद पुलिस ने उसे भी पकड़ लिया। हालांकि उनके दो साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान

पकड़े गए आरोपियों की पहचान रवि पिता जवर सिंह (22) निवासी काकड़पुआ, कुक्षी जिला धार तथा अविन पिता बहादुर सिंह (20) निवासी गडडरावद, कुक्षी जिला धार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से बिगड़े चेचिस नंबर की दो बाइक बरामद की हैं, जिन्हें लालघाटी थाना क्षेत्र स्थित ब्यास नर्सिंग होम के पास से जब्त किया गया। आरोपियों के पास से गोफन और पत्थर जैसी सामग्री भी मिली है।पूरी कार्रवाई में यातायात थाना प्रभारी सौरव शुक्ला, प्रधान आरक्षक प्रमोद नगर, आरक्षक शिशुपाल गुर्जर, निलेश नागवंशी, सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# स्वास्थ्य विभाग ने 7 दिन में तलाशे 39 अवैधानिक चिकित्सा स्थल

**उज्जैन ।** जनसेवा नोबाल पॉली क्लीनिक में अपेंडिक्स ऑपरेशन के दौरान हुई बच्ची की मौत के बाद जिले में अवैध क्लिनिक और अस्पतालों के खिलाफ जांच का अभियान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शुरू किया है। सात दिनों में टीम ने 39 अवैधानिक चिकित्सा के स्थल तलाशे हैं। जिसमें से कुछ को सील किया जा चुका है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि जिले में नियमों का उल्लंघन कर संचालित किये जा रहे क्लीनिकों और अस्पतालों के खिलाफ जांच के लिये 6 से 7 टीम स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों की बनाई गई है। जो पूरे जिले में संचालित क्लीनिकों और अस्पतालों की जांच कर रही है। 10 मई से जांच अभियान शुरू किया था। शनिवार तक जांच टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण किया। शहरी क्षेत्र में कुल 68 स्थानों पर जांच की गई। जिसमें 29 अस्पतालों और क्लीनिकों के पंजीयन पाए गए, वहीं 39 अपंजीकृत होना सामने आये है। ग्रामीण क्षेत्र में कुल 51 स्थान पर जांच की गई, जिसमे पंजीकृत 16 एवं अपंजीकृत 35 होना सामने आये है। जिले मे जांच दल द्वारा शहर के लक्ष्मी नगर स्थित आदिनाथ क्लिनिक और महिदपुर तहसील के शिफा क्लिनिक को सील कर दिया है। निरीक्षण के दौरान कई स्वास्थ्य संस्थान बिना वैध पंजीयन, आवश्यक अनुमति एवं निर्धारित मापदंडों के विपरीत संचालित पाए गए। ऐसे संस्थानों द्वारा मध्यप्रदेश उपचर्या गृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं अधिनियम 1973 के प्रावधानों का उल्लंघन किया जाना पाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बताया गया कि चिन्हित अवैध अस्पतालों एवं क्लिनिक संचालकों को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। आवश्यकतानुसार संबंधित संस्थानों को बंद कराने, दस्तावेज जांच, पंजीयन सत्यापन एवं अन्य वैधानिक कार्यवाही भी की जा रही है।

### उज्जैन में 17 मई से शुरू होगा आस्था का महाकुंभ

**उज्जैन।** मोक्षदायिनी नगरी उज्जैन में 17 मई से आस्था का महाकुंभ प्रारंभ होने जा रहा है। श्री मातंगी ज्योतिष केंद्र के ज्योतिर्विद पं. अजय कृष्ण शंकर व्यास के अनुसार, इस बार ज्येष्ठ माह के मध्य में आने वाले अधिक मास में पांच रविवार का अद्भुत संयोग बन रहा है। इस विशेष संयोग के चलते दुर्लभ लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण हो रहा है। यह पवित्र पुरुषोत्तम मास 17 मई से शुरू होकर 15 जून 2026 तक चलेगा। सप्तपुरियों में से एक और महाकालेश्वर की विश्व प्रसिद्ध नगरी उज्जैन में शिव और विष्णु उपासना की प्राचीन परंपरा रही है। लोकमान्यता है कि इस पवित्र मास में लीला पुरुषोत्तम नारायण मंदिर और 84 महादेव मंदिरों की यात्रा करने से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है। श्रद्धालुओं को चारों धाम की तीर्थयात्रा के समान पुण्य फल मिलता है। इस दौरान यहां के प्राचीन सरोवरों, देवालयों और साधना स्थलों पर आराधना का विशेष महत्व रहेगा। वैदिक पंचांग गणना के अनुसार, चंद्र वर्ष लगभग 354 दिन और सौर वर्ष 365 दिन का होता है। दोनों के बीच लगभग 11 दिन का अंतर रहता है। यह अंतर हर वर्ष जुड़कर 32 माह, 16 दिन और 8 घंटे के अंतराल में एक पूरा अतिरिक्त चंद्र मास बन जाता है। इसी खगोलीय संतुलन को बनाए रखने के लिए हर 32 से 33 महीने में पंचांग में एक अतिरिक्त चंद्र मास जुड़ता है, जिसे अधिक मास या मलमास कहा जाता है।


### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1. संतोष पिता श्री मनोहरलालजी 2. श्रीमती पवित्रा पुत्री श्री मनोहरलालजी 3. श्रीमती ज्योति पुत्री श्री मनोहरलालजी 4. श्रीमती प्रतिभा पुत्री श्री मनोहरलालजी निवासी ग्राम चिकली तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वामित्व एंव आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 544/1 रकबा 2.2300 हेक्टर, ग्राम चिकली प.ह.न. 00161 तहसील बड़नगर जिला उज्जैन में स्थित है को मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा दिनांक 24/03/2026 को किया होकर बयाना राशि अदा कर सौदा अनुबंध पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया है और अनुबंध पत्र अनुसार शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। लेकिन मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि भूमि स्वामी द्वारा मेरे पक्षकार के हित में विक्रय पत्र का सम्पादन नही करते हुये किसी अन्य को उक्त भूमि को विक्रय करने प्रयास किया जा रहा है अगर किसी के द्वारा उक्त भूमि का सौदा किया जाता है तो उसकी समस्त जबावदारी स्वयं के रहेगी उसमें मेरे पक्षकार पर किसी का कोई क्लेम आदि नही रहेगा। सूचित हो

इति दिनांक:- 16-05-2026 उज्जैन

**श्रीमती नीलम अग्रवाल (एडवोकेट)**
**एम.ए.एल.एल.बी.**
**61, महाकाल सिंधी कॉलोनी उज्जैन**
**मो. 98264-44002**

### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी धीरज सिंह पिता श्री हाकमसिंह निवासी ग्राम रामवासा देवास रोड़ उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वामित्व एंव आधिपत्य का भवन म्यु. क्रमांक 132 का उत्तरी एवं 133 का दक्षिणी भाग ''श्री सांई विहार'' कॉलोनी शक्करवासा उज्जैन में स्थित है जिसकी लम्बाई- पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण 15.24 मीटर चौड़ाई- उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम 3.35 मीटर होकर कुल क्षेत्रफल 51.05 वर्गमीटर होकर जिसके पूर्व की ओर- मकान क्रमांक 112 पश्चिम की ओर- रोड़ कॉलोनी का, उत्तर की ओर- भूखण्ड क्रमांक 133 का भाग व दक्षिण की ओर- भूखण्ड क्रमांक 132 का भाग मिला है के मध्य स्थित भवन को उस पर किये हुये एक मंजिला निर्माण उसमें लगे मटेरियल फिटिंग फिक्सर्च एवं मय तला व हवाई हक व नल व बिजली कनेक्षन मय मीटर डिपाजिट सहित क्रय करने का सौदा को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भवन में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भवन पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक,अथवा सरकारी,साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक:- 16-05-2026 उज्जैन

**श्रीमती नीलम अग्रवाल (एडवोकेट)**
**एम.ए.एल.एल.बी.**
**61, महाकाल सिंधी कॉलोनी उज्जैन**
**मो. 98264-44002**

# ईश्वर स्वरूप जल



जल के लिए अब जो दृष्टि लोगों की है, उस दृष्टि में दोष है। उसका मूल कारण जल के प्रति जो आध्यात्मिक भावना थी, वह नष्ट हो गई। जो लौकिक भावना होनी चाहिए थी कि जल बहुत उपयोगी है, वह भी नहीं बन पाई है। इसके लिए राष्ट्रीय प्रयास नहीं हुए हैं। नल लगते गए, टंकियां बनती गईं, जल आपूर्ति बढ़ी, किंतु राष?ट्रीय स्तर पर अनेक अच्छे मूल्यों का प्रसार नहीं हुआ। बुद्ध की क्या महिमा है, लोग गांधी का नाम भुनाकर वोट लेते समय चर्चा करते हैं, किंतु गांधी से जुड़े अच्छे मूल्यों की स्थापना के लिए शिविर लगने बंद हो गए। बाकी शिविर लग रहे हैं, आप कैसे वोटरों को लाएंगे, कैसे चुनाव में मत डलवाएंगे, यह सब बताया जा रहा है।

जल की जो भौतिक महत्ता है, न उसे ठीक से प्रचारित किया गया है, न जल के प्रति लगाव का भाव लोगों में डाला गया है। जल की जो आध्यात्मिक महत्ता थी, वह भी धूल में मिल गई है। विस्मृत हो गई है। जल के लिए मैं अपने ही जीवन का अनुभव बता रहा हूं। कुएं पर हम लोग चप्पल पहनकर जल नहीं निकाल सकते थे। यदि जूता पहने हुए हैं और जल निकाल रहे हैं, तो रास्ता चलता कोई भी आदमी टोक देता था, ऐ बेवकूफ, जल भगवान निकाल रहे हो और जूता पहने हो? ये कुआं भगवत्स्वरूप हैं, जल दे रहे हैं, वरुण देव का छोटा स्वरूप हैं, बड़ों पर जूता रखोगे? गांव में हल जोतने वाला जो मजदूर है, वह भी जल का अपमान करने वालों को डांट लगा सकता था। छोटी आयु से ही लोग जल की आध्यात्मिक महत्ता को समझते थे और उसके आधार पर उसका बहुत ही संतुलित और संयमित सदुपयोग करते थे। तो जल की मात्रा भी सुरक्षित रहती थी, किंतु अब जल का अपमान हो रहा है, तो नल सूख रहे हैं, कुएं, तालाब सूख रहे हैं। भूजल स्तर तेजी से घट रहा है। जहां पर नदियों की भरमार है, उस बिहार में भी जल स्तर नीचे चला गया है। वैज्ञानिकों की मदद से यह समझ कर कहना चाहिए कि जल का संयमित प्रयोग करो, वरना आने वाले दिनों में आपको पीने के लिए और भोजन बनाने के लिए जल नहीं मिलेगा। कृषि के लिए नहीं मिलेगा। जैसे पृथ्वी के बिना सृष्टि बेकार है, वैसे ही जल के बिना पृथ्वी भी बेकार है। जल भगवान का स्वरूप है - कहते-कहते बता दिया जाता था कि जल ब्रह्म सर्वत्र फैला है, किंतु कुछ नदियों में तो जल भगवान का शरीर है। बृहदारण्यकोपनिषद् का वाक्य है : यस्य वायु शरीरम। यस्य जलं शरीरम। हरि के सब शरीर ही हैं, वायु, जल, आकाश, प्रकाश, अग्नि इत्यादि। यह भावना ही सच्ची ईश्वरीय भावना है। जैसे हम अपने जीवन का सदुपयोग करना चाहते हैं, ठीक वैसे ही हमें जीवन से जुड़े संसाधनों का भी सदुपयोग सीखना चाहिए।



सम्पादकीय

## परीक्षा सुधार का समय

भारत में परीक्षाओं को सोलह आना चाक-चौबंद बनाने की कोई भी कोशिश सराहनीय है। मेडिकल प्रवेश परीक्षा को लेकर सवालों के अंबार लगे हुए हैं, जिनका जवाब सरकार को ठोस कदम उठाकर देना चाहिए। शुक्रवार को सरकार ने इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं को भी अब ऑनलाइन ढंग से कराने का फैसला लिया है। ध्यान रहे, इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन ढंग से होती है और उसे लेकर कभी सवाल नहीं खड़े होते। मेडिकल प्रवेश परीक्षा में प्रश्नोत्तर पुस्तिका और कागज-कलम का प्रयोग होता है। प्रश्नों की हार्ड कॉपी के लीक होने की आशंका रहती है। अब जिस तरह से पेपर लीक की जांच हो रही है और जो शर्मनाक तथ्य सामने आ रहे हैं, उनको देखते हुए बीते वर्षों में हुई नीट या मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं को सौ प्रतिशत ईमानदार नहीं माना जा सकता। पेपर लीक में जैसे लोग पकड़े जा रहे हैं, उससे यही लगता है कि पेपर लीक का एक पूरा गिरोह परीक्षा तंत्र में सेंध मारे बैठा है। देश के भविष्य और सम्मान से खिलवाड़ करने वाले किसी गिरोह के सांस लेने की रत्ती भर भी गुंजाइश नहीं छोड़नी चाहिए। यह परीक्षा-द्रोह किसी भी सूरत में देशद्रोह से कम नहीं है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पेपर लीक के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का जो वादा दोहराया है, उसे साकार रूप देने की जरूरत है। केवल छात्र ही नहीं, पूरा देश परीक्षाओं को बेदाग बनाने के पक्ष में है। चोरों को ठिकाने लगाने और मेधावी छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए पेपर-लीक पर पूरी तरह से लगाम लगाने के तमाम प्रबंध होने चाहिए। परीक्षा लेने वाली एजेंसी एनटीए की कमियों को दूर करने के साथ ही, उसे पूरी तरह से जिम्मेदार बनाने की जरूरत है। अगले महीने जब 21 जून को नीट-यूजी-2026 का आयोजन होगा, तब किसी छात्र को शिकायत का मौका नहीं मिलना चाहिए। बीती 3 मई को हुई परीक्षा के रद्द होने से छात्रों को जो तकलीफ हुई है, उसकी हरसंभव भरपायी करने की जरूरत है। स्नातक चिकित्सा कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए 22 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों को एक बार फिर परीक्षा से गुजरना होगा, इन तमाम परीक्षार्थियों के साथ ही देश को भी आश्वस्त करने की जरूरत है। परीक्षा पर विश्वास की बहाली कैसे होगी? जो लोग पेपर लीक में शामिल हैं, उन्हें कठोर दंड देकर भी विश्वास की बहाली संभव होगी।

अपेक्षाओं का बढ़ता बोझ

# अंकों की अंधी दौड़ और खोता बचपन

भारत जैसे विकासशील देश में शिक्षा को हमेशा से सम्मान और प्रगति का माध्यम माना गया है। शिक्षा व्यक्ति को केवल ज्ञान ही नहीं देती, बल्कि उसे जीवन जीने की समझ, सामाजिक चेतना और बेहतर भविष्य की दिशा भी प्रदान करती है। किंतु समय के साथ शिक्षा का स्वरूप बदलता गया और आज स्थिति यह हो गई है कि शिक्षा का अर्थ केवल अधिक अंक लाना और प्रतियोगिता में आगे निकलना भर रह गया है। बच्चों का मूल्यांकन उनके व्यक्तित्व, व्यवहार, रचनात्मकता या संवेदनशीलता से नहीं, बल्कि उनकी मार्कशीट के प्रतिशत से किया जाने लगा है। परिणामस्वरूप बचपन दबाव, तनाव और अपेक्षाओं के बोझ तले कराह रहा है।



प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

आज हर माता-पिता चाहते हैं कि उनका बच्चा कक्षा में प्रथम आए, सर्वोच्च अंक प्राप्त करे और समाज में प्रतिष्ठित पद हासिल करे। यह इच्छा स्वाभाविक है, क्योंकि हर अभिभावक अपने बच्चों का उज्ज्वल भविष्य चाहता है। समस्या तब शुरू होती है जब यह इच्छा अपेक्षा बन जाती है और अपेक्षा धीरे-धीरे दबाव में बदल जाती है। बच्चे की रुचि क्या है, उसकी क्षमता क्या है, उसे किस क्षेत्र में आनंद मिलता है–इन प्रश्नों पर कम ध्यान दिया जाता है। मुख्य चिंता केवल अंक और रैंक की रह जाती है।

वर्तमान शिक्षा व्यवस्था ने बच्चों के जीवन को अत्यधिक प्रतिस्पर्धात्मक बना दिया है। स्कूल की पढ़ाई के अतिरिक्त कोचिंग, ट्यूशन, ऑनलाइन क्लास और असाइनमेंट ने बच्चों के दिन का अधिकांश समय घेर लिया है। पहले बच्चे शाम को मैदानों में खेलते थे, पेड़ों पर चढ़ते थे, दोस्तों के साथ हँसते-भागते थे, लेकिन आज उनका बचपन पुस्तकों और स्क्रीन के बीच कैद होकर रह गया है। खेल का मैदान अब मोबाइल की स्क्रीन में सिमट गया है और खुलकर हँसने की जगह परिणामों की चिंता ने ले ली है।

हर वर्ष परीक्षा परिणाम आने के बाद समाज का व्यवहार बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को और अधिक प्रभावित करता है। जिन बच्चों के अंक अधिक आते हैं, उन्हें समाज होनहार घोषित कर देता है, जबकि अपेक्षाकृत कम अंक पाने वाले बच्चे स्वयं को कमतर समझने लगते हैं। यह तुलना बच्चों के भीतर आत्महीनता पैदा करती है। कई बच्चे तनाव, अवसाद और भय से घिर जाते हैं। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि कुछ बच्चे परीक्षा में असफलता के कारण आत्मघाती कदम तक उठा लेते हैं। यह स्थिति केवल शिक्षा व्यवस्था की नहीं, बल्कि पूरे समाज की विफलता का संकेत है। आज बच्चों पर सबसे अधिक प्रभाव तुलना का पड़ रहा है। देखो, शर्मा जी का बेटा कितना पढ़ता है, उसके 98 प्रतिशत आए हैं, तुम्हारे क्यों नहीं?–ऐसे वाक्य बच्चों के मन पर गहरी चोट करते हैं। तुलना कभी प्रेरणा नहीं बनती, बल्कि आत्मविश्वास को कमजोर करती है। हर बच्चा अपनी क्षमता, सोच और प्रतिभा में अलग होता है। कोई संगीत में उत्कृष्ट हो सकता है, कोई खेल में, कोई चित्रकला में और कोई लेखन में। लेकिन हमारी शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक सोच केवल डॉक्टर, इंजीनियर और प्रशासनिक अधिकारी बनने को ही सफलता का पर्याय मानती है।

यह भी एक बड़ा प्रश्न है कि क्या केवल अधिक अंक प्राप्त कर लेना जीवन की सफलता की गारंटी है? इतिहास और वर्तमान दोनों इस बात के साक्षी हैं कि अनेक महान व्यक्तियों ने साधारण शैक्षिक उपलब्धियों के बावजूद असाधारण कार्य किए। सफलता केवल पुस्तकीय ज्ञान से नहीं आती, बल्कि साहस, धैर्य, रचनात्मकता, संवेदनशीलता और मेहनत से आती है। यदि शिक्षा मनुष्य को अच्छा इंसान नहीं बना पा रही, तो वह अधूरी है।

आज के बच्चे तकनीकी रूप से बहुत तेज हैं, लेकिन भावनात्मक रूप से अकेले होते जा रहे हैं। माता-पिता दोनों के कामकाजी होने, संयुक्त परिवारों के टूटने और मोबाइल संस्कृति के बढ़ने से बच्चों को संवाद और भावनात्मक सहयोग कम मिल रहा है। वे अपनी परेशानियाँ किसी से खुलकर कह नहीं पाते। ऐसे में परीक्षा और भविष्य का दबाव उन्हें भीतर से तोड़ देता है। शिक्षा का वातावरण आनंददायक होने के बजाय भय का वातावरण बनता जा रहा है।

कोचिंग संस्थानों की बढ़ती संस्कृति ने भी इस समस्या को गंभीर बनाया है। बड़े-बड़े विज्ञापनों में टॉपर्स के चेहरे दिखाकर बच्चों और अभिभावकों के मन में यह धारणा बना दी जाती है कि सफलता केवल कठिन प्रतिस्पर्धा और लगातार पढ़ाई से ही मिलेगी। बच्चों को मशीन की तरह तैयार किया जा रहा है। उनकी रचनात्मकता और स्वतंत्र सोच धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है। शिक्षा अब सीखने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि अंकों की फैक्ट्री बनती जा रही है।

सबसे दुखद स्थिति तब होती है जब बच्चे स्वयं को अपने माता-पिता के सपनों का बोझ समझने लगते हैं। वे डरते हैं कि यदि उनके अंक कम आए, तो वे परिवार को निराश कर देंगे। यह डर उन्हें मानसिक रूप से कमजोर बनाता है। कई बार माता-पिता अनजाने में बच्चों को यह महसूस करा देते हैं कि उनका प्यार भी अंकों पर निर्भर है। जबकि बच्चों को सबसे अधिक आवश्यकता बिना शर्त स्वीकार्यता और भावनात्मक सुरक्षा की होती है।

हमें यह समझना होगा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल नौकरी प्राप्त करना नहीं है। शिक्षा का लक्ष्य होना चाहिए–मानवता, संवेदनशीलता, नैतिकता और आत्मविश्वास का विकास। यदि कोई बच्चा दूसरों की मदद करना सीखता है, अपने माता-पिता का सम्मान करता है, समाज के प्रति जिम्मेदार बनता है और मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है, तो वही सच्ची शिक्षा है।

बच्चों को अपनी रुचियों के अनुसार आगे बढ़ने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। यदि किसी बच्चे को संगीत पसंद है, तो उसे संगीत में आगे बढ़ने दिया जाए। यदि किसी को खेल, अभिनय, लेखन, कला या किसी अन्य क्षेत्र में रुचि है, तो उसका सम्मान किया जाए। हर प्रतिभा महत्वपूर्ण है। समाज को यह समझना होगा कि दुनिया केवल डॉक्टर और इंजीनियरों से नहीं चलती, बल्कि कलाकारों, शिक्षकों, किसानों, लेखकों, वैज्ञानिकों, संगीतकारों और खिलाड़ियों से भी समृद्ध होती है।

अभिभावकों और शिक्षकों की जिम्मेदारी यहाँ सबसे अधिक है। बच्चों को डाँटने और डराने के बजाय उन्हें समझाना और प्रेरित करना आवश्यक है। यदि बच्चा असफल होता है, तो उसे यह विश्वास दिलाया जाना चाहिए कि असफलता अंत नहीं, बल्कि सीखने का अवसर है। कई बार जीवन की सबसे बड़ी सफलताएँ असफलताओं से ही जन्म लेती हैं।

## पछतावा

शहर के सबसे बड़े मल्टी-स्पेशालिटी अस्पताल के आईसीयू वार्ड के बाहर वेटिंग एरिया में एक अजीब सी गंध थी फिनाइल और मरती हुई उम्मीदों का कॉकटेल। सुमित वहां इस तरह बैठा था जैसे किसी पुराने कबाड़खाने में कोई टूटी हुई कुर्सी फेंक दी गई हो।

तभी वहां 'वह' आई। अवनि। उसके चेहरे पर महंगे मॉइस्चराइजर की चमक थी और हाथ में लेटेस्ट आईफोन, जिसका कैमरा शायद सुमित की बदहाली को भी में कैद कर सकता था।

सुमित! अंकल की हालत कैसी है? मुझे अभी पता चला तो रहा नहीं गया। तुम्हें तो पता है न, मेरा दिल कितना कमजोर है, अवनि ने इस अंदाज में कहा जैसे वह शोक सभा में नहीं, किसी अवॉर्ड फंक्शन में गेस्ट अपीयरेंस देने आई हो।

सुमित ने सूजी हुई आँखों से उसे देखा। दिल कमजोर है या याददाश्त अवनि? खैर, पिता जी वेंटिलेटर पर हैं। डॉक्टर कह रहे हैं कि सांसे उधार की हैं और किश्तें बहुत भारी हैं। बिल्कुल तुम्हारी उन वादों की तरह, जो तुमने पांच साल पहले किए थे।

अवनि ने एक बनावटी ठंडी आह भरी। तुम आज भी वही पुरानी बातें लेकर बैठे हो। देखो, मैंने अरेंज करवाया है। शहर के सबसे बड़े हार्ट सर्जन कल उन्हें देखेंगे। मैंने अपनी जान-पहचान लगा दी है। आखिर इंसानियत भी कोई चीज होती है। सुमित की हंसी एक कराह बनकर निकली। इंसानियत? गजब का शब्द चुना है। जिस 'इंसानियत' की कोचिंग तुम मुझे मुफ़्त में दे रही हो, उसे निभाने के चक्कर में पिता जी ने अपनी ज़िंदगी की जमापूंजी उस घर में लगा दी थी, जिसे तुमने 'मिडिल क्लास स्मेल' कहकर छोड़ दिया था। आज वह अस्पताल के बेड पर लेटे हैं और तुम अपनी 'कांटेक्ट लिस्ट' का झुनझुना बजा रही हो?

अवनि ने चिढ़कर अपना पर्स सँभाला। मैं यहाँ मदद करने आई हूँ सुमित, ताने सुनने नहीं। यह लो चेक। इसमें इतनी रकम है कि तुम्हारे पिता जी के फेफड़े फिर से नाचने लगेंगे। मुझे अहसान के बोझ तले दबकर जीना पसंद नहीं।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 17 मई 2026 रविवार
सूर्योदय - 05:49 सूर्यास्त 18:58
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - एकम 21:41 उपरांत दुतिया
नक्षत्र - कृतिका 14:32 उपरांत रोहिणी
योग - शोभन 06:15 उपरांत अतिगंड 02:00 उपरांत सुकर्मा
करण - किंस्तुघ्न
चन्द्रमा - दिन पूर्ण वृषभ में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 29 तारिख

**मेष-** आज यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कोई बड़ी समस्या का हल सहज ही होगा। समय अनुकूल है।

**वृषभ-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें।

**मिथुन-** शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। बेरोजगारी के प्रयास सफल रहेंगे।

**कर्क-** आर्थिक उन्नति की योजना बनेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है।

**सिंह-** नए उपक्रम प्रारंभ हो सकते हैं। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है।

**कन्या-** जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। थकान व कमजोरी रहेगी। किसी बड़े काम को करने की तीव्र इच्छा जागृत होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**तुला-** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक-** भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**धनु-** ऐश्वर्य के साधनों पर अधिक व्यय होगा। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। शत्रु पस्त होंगे।

**मकर-** मेहनत अधिक होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। मानसिक बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा।

**कुंभ-** कोई बड़ी बाधा उठ खड़ी हो सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें, गुम हो सकती है। विवाद के बढ़ावा न दें।

**मीन-** उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। बुद्धि का प्रयोग करेंगे। कार्य में सफलता मिलेगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा।

समसामयिक

## पेपर लीक: देश के भविष्य के साथ सबसे बड़ा हमला

किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसकी युवा पीढ़ी, उनकी मेहनत और उनके सपनों में छिपी होती है। यही युवा अपने परिवार, समाज और देश के बेहतर भविष्य की उम्मीद लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं और शैक्षणिक चुनौतियों का सामना करते हैं। लेकिन जब मेहनत और ईमानदारी के बीच पेपर लीक जैसी घटनाएं सामने आती हैं, तब केवल एक परीक्षा प्रभावित नहीं होती, बल्कि लाखों विद्यार्थियों का विश्वास भी डगमगाने लगता है।



कमलेश शर्मा
दैनिक अवन्तिका

आज प्रतियोगी परीक्षाएं करोड़ों युवाओं के जीवन का महत्वपूर्ण आधार बन चुकी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर छोटे शहरों तक अनेक विद्यार्थी सीमित संसाधनों में रहकर कठिन परिश्रम करते हैं। कई परिवार अपनी आर्थिक परिस्थितियों से संघर्ष करते हुए बच्चों की पढ़ाई पर अपना सब कुछ लगा देते हैं। ऐसे में यदि परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र लीक होने की खबर सामने आती है, तो यह उन मेहनती छात्रों के मनोबल को गहरा आघात पहुंचाती है, जिन्होंने सफलता के लिए दिन-रात एक कर दिए होते हैं।

पेपर लीक केवल परीक्षा प्रक्रिया की कमजोरी नहीं दर्शाता, बल्कि यह व्यवस्था की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर भी प्रश्न खड़े करता है। जब कुछ लोग अनुचित तरीकों से सफलता प्राप्त करने का प्रयास करते हैं, तब ईमानदार विद्यार्थियों के भीतर निराशा और असमानता की भावना बढ़ने लगती है। इसका प्रभाव केवल एक परीक्षा तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह युवाओं के आत्मविश्वास और समाज में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा की भावना को भी प्रभावित करता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए केवल कार्रवाई ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि परीक्षा प्रणाली को तकनीकी रूप से अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की आवश्यकता है। साथ ही दोषियों के विरुद्ध त्वरित और कठोर कदम उठाना भी जरूरी है, ताकि युवाओं का विश्वास व्यवस्था पर बना रहे।

देश का भविष्य उन विद्यार्थियों के हाथों में है, जो कठिन परिस्थितियों में भी मेहनत और ईमानदारी का रास्ता चुनते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि उनकी मेहनत और सपनों की रक्षा के लिए शिक्षा व्यवस्था को निष्पक्ष, सुरक्षित और भरोसेमंद बनाया जाए। क्योंकि जब मेहनत का सम्मान सुरक्षित रहेगा, तभी राष्ट्र का भविष्य भी मजबूत रहेगा।

## राजनीति का आईना

सत्ता की गलियों में चलता, वक्त हैं बड़ा बलवान,
कल जिनके 'जयकारे' गूंजे, आज वही अनजान।
नेहरू की विरासत थी, जिस पर देश इतराता था,
इंदिरा का दृढ़ साहस, 'हिंदुस्तान' आगे जाता था।
यूं राजीव के सपनों ने भी, नई दिशा दिखलाई थी,
राजनीति की आँधी ने, हर 'तस्वीर' बदलवाई थी।
राहुलझ्रप्रियंका नाम बड़े, जनता 'मन' पढ़ना होगा,
सिर्फ विरासत से नहीं, 'संघर्षों' में भी बढ़ना होगा।
मीडिया के मंचों पर चाहे, चेहरे क्यों चमकाए जाएँ,
जनता केवल कर्म देखती, वादें कब बहलाए जाएँ।
लोकतंत्र का यही उसूल है, 'जनमत' सबसे ऊपर है,
जो जनता के दर्द समझे, वही असली नेता सुपर है।

**संजय एम तराणेकर**

# अगर आप भी पीते हैं ज्यादा ठंडा पानी तो हो जाए सावधान

चिलचिलाती धूप से घर आते ही पीने को एक गिलास ठंडा फ्रिज का पानी मिल जाए तो तन-मन को ठंडक मिलने के साथ आत्मा भी तृप्त हो जाती है। अगर आपका हाल भी कुछ ऐसा ही है और आप भी ठंडा पानी पीने के शौकीन हैं तो अपनी ये आदत तुरंत बदल डालिए। सुनकर हैरानी हो सकती है लेकिन क्या आप जानते हैं आपका ये शौक आपको बीमार बना सकता है। आइए जानते हैं कैसे।

### कब्ज की समस्या

अगर आपको पहले से ही कब्ज की शिकायत है तो भूलकर भी ठंडा पानी न पिएं। ठंडा पानी पीने से आपकी परेशानी और ज्यादा बढ़ सकती है। दरअसल, जब आप ठंडा पानी पीते हैं, तो भोजन शरीर से गुजरते समय सख्त हो जाता है और आंतें भी सिकुड़ जाती हैं, जो कब्ज के प्रमुख कारणों में से एक है। कोशिश करें कि न ज्यादा ठंडा और न ज्यादा गर्म पानी पिएं।

### सिरदर्द की समस्या

बहुत अधिक ठंडा पानी या बर्फ वाला पानी पीने से ब्रेन फ्रीज की समस्या हो सकती है। ठंडा पानी सिर पर



मौजूद क्रॉनियल नस को भी अफेक्ट करती है जिससे सिर में तेज दर्द होता है। आमतौर पर गर्मियों के मौसम में तेज सिर दर्द होने पर लोग यही सोचते हैं कि दर्द तेज धूप के कारण सिर में दर्द हो रहा होगा मगर दर्द का असली कारण तेज धूप से सीधे आकर ठंडा पानी पीना होता है। जिन लोगों को साइनस की समस्या है, उनके लिए मुसीबत और ज्यादा बढ़ सकती है।

### खाना पचाने में दिक्कत

बहुत अधिक ठंडा पानी पीने से पाचन तंत्र प्रभावित होता है। जिससे व्यक्ति को खाना पचने में दिक्कत होने की वजह से कब्ज, पेट दर्द, जी मिचलाना, पेट फूलना जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

### वेट लॉस में मुश्किल

ठंडा पानी शरीर के फैट को सख्त बना देता है, जिससे वसा को जलाने में समस्या आने लगती है। कोशिश करें कि कम से कम ठंडा पानी पिएं और ज्यादा से जयादा गर्म पानी पिएं। गर्म पानी से आपकी बॉडी में मौजूद फैट आसानी से बाहर निकल सकता है।

### एनर्जी लेवल डाउन

ठंडा पानी पीने से बॉडी में मेटाबॉलिज्म स्लो काम करने लगते हैं और शरीर में ज्यादा काम करने की क्षमता नहीं रह जाती है। दरअसल, ठंडा पानी शरीर से फैट को रिलीज नहीं कर पाता है, जिस वजह से शरीर सुस्त रहता है और एनर्जी लेवल डाउन हो जाता है।

### गले में इन्फेक्शन

ठंडे पानी पीने से आपकी आवाज भी खराब हो सकती है। ठंडा पानी गले में इन्फेक्शन पैदा करने के साथ कफ का कारण भी बन सकता है। कफ से बुखार और खांसी भी हो सकती है। इस लिए ठंडे पानी की जगह नॉर्मल पानी ही पीया जाए तो अच्छा होगा।

धर्म-आस्था

# आज से प्रारंभ अधिक मास: पूरे महीने चलेगा विशेष भक्ति का दौर

सनातन कालगणना की दिव्य परंपरा में आज से एक अत्यंत दुर्लभ और पुण्यमय अध्याय का शुभारंभ होने जा रहा है। खेडापति हनुमान मंदिर के पुजारी पं विप्र पवन ब्रज जगदीश पारीक ने बताया कि चंद्र और सूर्य की गणना के सामंजस्य से आने वाला अधिक मास आज से प्रारंभ होगा। यह केवल पंचांग का एक अतिरिक्त महीना नहीं, बल्कि आध्यात्मिक साधना, आत्मशुद्धि, जप, तप, दान और भगवान विष्णु की आराधना का दिव्य अवसर माना जाता है।

धर्मशास्त्रों में अधिक मास को पुरुषोत्तम मास भी कहा गया है। मान्यता है कि जब बारह मासों में किसी मास को संक्रांति का अधिकार प्राप्त नहीं होता, तब वह मलमास कहलाता था। किंतु भगवान विष्णु ने उसे अपना नाम और दिव्यता प्रदान कर पुरुषोत्तम मास बना दिया। तभी से यह मास साधना और भक्ति का सर्वश्रेष्ठ काल माना जाने लगा। पुराणों के अनुसार एक बार सभी मासों ने उस उपेक्षित मास का तिरस्कार किया। दुःखी होकर वह मास भगवान श्रीहरि की शरण में पहुंचा। तब भगवान विष्णु ने करुणा प्रकट करते हुए कहा आज से तुम मेरे नाम से पूजित होओगे, और जो भी भक्त इस मास में श्रद्धा से जप, तप, दान और व्रत करेगा, उसे अनंत गुना पुण्य प्राप्त होगा। तभी से अधिक मास पुरुषोत्तम मास कहलाया।

### क्यों आता है अधिक मास



पारीक के अनुसार वैदिक पंचांग चंद्रगति पर आधारित है, जबकि ऋतुएँ सूर्यगति से संचालित होती हैं। चंद्र वर्ष लगभग 354 दिनों का होता है, जबकि सौर वर्ष लगभग 365 दिनों का। दोनों में लगभग 11 दिनों का अंतर आता है। यही अंतर लगभग 32 महीने 16 दिन 8 घंटे में एक अतिरिक्त मास के रूप में जुड जाता है, जिसे अधिक मास कहा जाता है। यह अद्भुत वैज्ञानिक और आध्यात्मिक संतुलन भारतीय कालगणना की विलक्षणता को दशार्ता है। धार्मिक मान्यता है कि अधिक मास में किए गए जप, तप, दान, भागवत श्रवण, रामायण पाठ, गीता पाठ और तीर्थ स्नान का फल अनेक गुना बढ जाता है। यही कारण है कि मंदिरों, आश्रमों और तीर्थ क्षेत्रों में विशेष धार्मिक आयोजनों की तैयारियाँ प्रारंभ हो गई हैं।

पं. विप्र पवन ब्रज जगदीश पारीक के अनुसार अधिक मास आत्मचिंतन और आध्यात्मिक उन्नाति का काल है। इस मास में भगवान विष्णु, श्रीकृष्ण और राम नाम का जप विशेष फलदायी माना गया है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में प्रातःकाल स्नान, तुलसी पूजन, दीपदान, सत्संग, कथा श्रवण तथा गौसेवा करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है। अधिक मास में विवाह, गृहप्रवेश, मुंडन, नवीन प्रतिष्ठा और मांगलिक कार्य सामान्यतः वर्जित माने जाते हैं, किंतु धार्मिक साधना, दान-पुण्य, उपवास, भजन-कीर्तन और तीर्थाटन अत्यंत शुभ माने गए हैं। यही कारण है कि श्रद्धालु इस पूरे मास को संयम, साधना और सेवा के रूप में व्यतीत करने का संकल्प लेते हैं। खेड़ापति हनुमान मंदिर सहित क्षेत्र के मंदिरों में भी अधिक मास के स्वागत की तैयारियाँ पूर्ण हो चुकी हैं। श्रद्धालु तुलसी पूजन, स्मरण, स्तोत्र पाठ, रामायण, गीता, भागवत और श्रीहरि नाम संकीर्तन,स्नान,दान के माध्यम से इस मास को आध्यात्मिक उत्सव के रूप में मनाएंगे।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति और एलआर आलू 400 से 900 रुपए क्विंटल बिके जबकि कुछ अच्छे लॉट 1000 रुपए तक पहुंचे। आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 12500 से 13000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारिक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1400-3400 मसूर- 6530-6700, चना शरबती- 3791, चना देशी-5101-5750, डालर-3461-8000, मटर-1100-3176, उड़द- 7501, सोयाबीन-2651-7676, मैथीदाना- 2601-5580, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,52,300 रवा- 1,52,100 चांदी-टंच- 2,54,000 पाट- 2,53,300।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



43 डिग्री पहुंचा तापमान, लू के मरीज बढे

## सड़को पर सन्नाटा, आने वाले दिनों में और बढ सकती है गर्मी

**सारंगपुर।** सारंगपुर में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है, जहां तापमान लगातार खतरनाक स्तर पर पहुंच रहा है। मई माह के दूसरे सप्ताह में ही गर्मी ने रिकॉर्ड तोड दिए हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। शहर अधिकतम तापमान 43 डिग्री तक पहुंच गया। तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को परेशान किया है। भीषण गर्मी के कारण दोपहर के समय शहर की सडकों पर आवाजाही कम हो गई है। बाजारों और मुख्य चौराहों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। लोग केवल आवश्यक कार्यों के लिए ही घरों से बाहर निकल रहे हैं, जबकि अधिकांश लोग सुबह और शाम को ही खरीदारी के लिए निकल रहे हैं। गर्मी का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी दिख रहा है। सिविल अस्पताल और निजी अस्पतालों में लू, डिहाइड्रेशन, उल्टी-दस्त और कमजोरी के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। डॉक्टरों के मुताबिक, तेज गर्मी और शरीर में पानी की कमी के कारण लोग बीमार पड रहे हैं। बुजुर्ग, बच्चे और बाहर काम करने वाले मजदूर विशेष रूप से प्रभावित हो रहे हैं। पशु-पक्षियों पर भी भीषण गर्मी का प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है, और पक्षी पानी की तलाश में भटक रहे हैं। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जलसंकट की स्थिति भी धीरे-धीरे गंभीर होती जा रही है। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के आसार कम हैं और आने वाले दिनों में तापमान में और बढोतरी हो सकती है।

## अवैध शराब के विरुद्ध आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, ग्रामों में दी दबिश



**सारंगपुर।** अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के सख्त निदेशों के पालन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 14 मई को आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब जब्त की और कई प्रकरण दर्ज किए। कार्रवाई का मुख्य केंद्र सारंगपुर वृत्त रहा, जहाँ मुखबिर की सूचना पर विभाग ने सुनियोजित तरीके से दबिश दी। सारंगपुर वृत्त प्रभारी सौरभ कनासे के नेतृत्व में आबकारी टीम ने ग्राम देवलीमन जागीर, अरनिया, दुगया क्षेत्रों में छापेमारी की। तलाशी के दौरान टीम ने भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की। इस अभियान के तहत मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क के अंतर्गत कुल 03 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। मौके से 20 पाव देसी मदिरा और 02 लीटर अवैध हाथ भट्टी कच्ची शराब जब्त की गई है। इस पूरी कार्रवाई को सफलतापूर्वक अंजाम देने में खिलचीपुर आबकारी वृत्त प्रभारी अंकित चौहान, आबकारी आरक्षक इमरान खान एवं दियांशी गौड की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इन अधिकारियों ने मौके पर सक्रिय रहकर पूरी मुस्तैदी से अपनी जिम्मेदारी निभाई।

## जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप ने किया जीव दया एवं सेवा का पुनीत कार्य

**महिदपुर रोड।** नगर जैन समाज के जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप 'केसरिया यूनिक' द्वारा सेवा और समर्पण की राह पर अपना कदम बढ़ाते हुए प्रथम गौरवशाली कार्य संपन्न किया गया। ग्रुप के सदस्यों ने श्री गोपाल गौशाला पहुँचकर जीव दया के संकल्प का कार्य किया॥ इस दौरान गौ पूजन कर गायों को तिलक लगाकर सदस्यों ने गौ माता का आशीर्वाद लिया। तथा सेवा कार्य करते हुए गौवंश को तरबूज एवं हरा चारा खिलाया गया। इस दौरान ग्रुपके सभी दम्पति उपस्थित रहे संचालन ग्रुप की अध्यक्षा नेहा अरविंद बरडिया ने किया । आभार चेतना मनोज बोथरा ने माना। इस अवसर पर भविष्य में निरंतर जीवदया सेवा कार्य का संकल्प सभी महिलाओ ने लिया।

## मलावर पुलिस ने अपहृत नाबालिग बालिका को सुरक्षित ढूंढ निकाला

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के मल्लापुर थाना अंतर्गत फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिग पुत्री को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 125/26 धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया तथा बालिका की शीघ्र खोज हेतु पुलिस टीम गठित की पुलिस टीम ने उपलब्ध साक्ष्यों, तकनीकी विश्लेषण एवं सतत प्रयासों के आधार पर नाबालिग बालिका को सुरक्षित ढूंढ लिया। प्रकरण में पीड़िता के कथनों के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

दैनिक अवन्तिका कार्यालय
2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन
0734-4041777, मोबा. 9977755777

### बदनावर में ने बोलेरो पिकअप लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

# 8 लाख का सामान लूटने वाले आरोपी पर था 5 हजार रुपये का इनाम घोषित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बदनावर



कानवन पुलिस ने दिनदहाड़े हुई बोलेरो पिकअप लूट की वारदात का खुलासा करते हुए शुक्रवार रात दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लूटा गया बोलेरो पिकअप वाहन भी बरामद कर लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी राहुल डामर (26), निवासी सांगवी पीपलीपाड़ा, थाना बदनावर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 12 मई 2026 को चार अज्ञात आरोपियों ने उनका बोलेरो पिकअप वाहन किराए पर बुलाया था। खिलैड़ी-दसई रोड पर ग्राम टकरावदा के कच्चे मार्ग पर आरोपियों ने राहुल के साथ मारपीट कर बोलेरो पिकअप वाहन, उसमें रखे सीमेंट के पाइप और मोबाइल फोन लूट लिया था। लूटी गई संपत्ति की कुल कीमत लगभग 8 लाख 18 हजार रुपये बताई गई है।

फरियादी की शिकायत पर थाना कानवन में अपराध क्रमांक 167/2026, धारा 309(4) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए, धार पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित की गई। इस टीम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारुल वेलापुरकर, एसडीओपी बदनावर अरविंदसिंह तोमर और थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र बारिया शामिल थे। पुलिस ने क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया।

जांच के दौरान, पुलिस ने आरोपी आकाश पिता संतोषदास वैष्णव (20) को गिरफ्तार किया। वह ग्राम पंचमुखी, थाना कानवन का निवासी है और वर्तमान में कंजरोटा, थाना सरदारपुर में रहता है। पुलिस ने उसके कब्जे से लूटी गई बोलेरो पिकअप (क्रमांक एमपी 04 जीबी 2625) और वारदात में इस्तेमाल किया गया लोहे का कड़ा जब्त किया। पूछताछ में आरोपी आकाश ने अपने साथी मनोज, विकास और एक अन्य युवक के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।

आकाश ने पुलिस को बताया कि बोलेरो वाहन के पूर्व मालिक जीवन पिता विक्रम सिसौदिया, निवासी कराडिया ने वाहन को वापस हासिल करने के उद्देश्य से लूट की योजना बनाई थी। पुलिस ने जीवन सिसौदिया को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी आकाश पहले भी थाना कानवन के एक अन्य प्रकरण में फरार चल रहा था, जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय वि.वि. ब्यावरा सेवाकेंद्र में अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शहीद कॉलोनी ब्यावरा सेवाकेंद्र में अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया गया, जिसमें परिवार को प्यार और मानसिक शांति का आधार स्तंभ बताया गया। कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठजन रोड सिंह दांगी , प्रेमलता अग्रवाल , कृष्ण मालवीय , ब्यावरा सेवाकेंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी, ब्रह्माकुमारी तेजस्वी दीदी , ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी आदि ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया ।

सेवाकेंद्र की प्रभारी ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी दीदी ने परिवार दिवस पर ईश्वरीय परिवार के महत्व पर जोर दिया, जबकि विशेषज्ञ राजयोग व आध्यात्मिकता ज्ञान ही परिवार को सुखद बना सकता है। तथा पारिवारिक रिश्तों को मजबूत करने का संदेश दिया। परिवार में प्रेम, सहयोग और मानसिक शांति बढ़ाना परिवार केवल रक्त के संबंध नहीं, बल्कि प्रेम और मयार्दा का सूत्र है, जो तनावपूर्ण जीवन में सुखमय वातावरण बना सकता है। वसुधैव कुटुंबकम की भावना का प्रसार करना।

इसी कड़ी में संस्था से जुड़े हुए प्रेमलता अग्रवाल ने कहा कि ईश्वरीय ज्ञान के माध्यम से रिश्तों में स्नेह और करुणा जगाना, और टूटे हुए परिवारों को पुनः जोड़ना। यह आध्यात्मिकता के बिना नहीं हो सकता । वही रोशन सिंह दांगी ने अपने अनुभव में बताया की इस राज्यायोग के माध्यम ध्यान मेडिटेशन से परिवार के सदस्यों को एक-दूसरे के करीब लाना। लौकिक परिवार के साथ-साथ ईश्वरी को याद कर एक ' ईश्वरीय परिवार' का हिस्सा बनने से जीवन में परिवर्तन आए। कार्यक्रम के अंत में ब्रह्माकुमारी तेजस्वी दीदी , ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी के द्वारा ईश्वरीय परिवार के भाई बहनों को तिलक , पुष्पगुच्छों के साथ मुकुट पहनकर उनका सम्मान किया जिसमें बड़ी संख्या में उपस्थित रहे लक्ष्मी नारायण दांगी, कमला माता ,कृष्ण शिवहरे , वैजयंती अग्रवाल , सुशील यादव, गिरिराज दांगी , आकाश अग्रवाल, ममता बहन उपस्थित रहे।

## नीट पेपर लीक पर एनएसयूआई का प्रदर्शन

शिक्षा मंत्री का पुतला दहन

**आगर मालवा।** आगर मालवा में शनिवार दोपहर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने NEET परीक्षा में पेपर लीक के आरोपों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। नेहरू शासकीय कॉलेज के सामने हुए इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया और केंद्र सरकार व राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन का नेतृत्व एनएसयूआई के राष्ट्रीय महासचिव अंकुश भटनागर ने किया। बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने छात्र विरोधी सरकार मुदार्बाद, पेपर लीक बंद करो जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल रहा और पुलिस बल भी तैनात किया गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया और वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया। इसके बावजूद कार्यकर्ता शिक्षा मंत्री का पुतला दहन करने में सफल रहे। इस दौरान कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। एनएसयूआई नेता अंकुश भटनागर ने आरोप लगाया कि ठएएळ पेपर लीक से देशभर के करीब 22 लाख छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा कि यह घटना शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है और सरकार की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए।

### पोलायकला सायलो केंद्र पर अव्यवस्था, किसान परेशान

# भीषण गर्मी में पेयजल, छाया तक का इंतजाम नहीं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ अकोदिया

अकोदिया स्थित पोलायकला-खड़ी जोड़ स्थित गेहूं उपार्जन केंद्र सायलो पर किसान अव्यवस्थाओं से जूझ रहे हैं। समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने आए किसानों को यहां दिन-रात इंतजार करना पड़ रहा है। केंद्र के बाहर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी कतारों के कारण क्षेत्र में दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे किसानों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, उपार्जन केंद्र पर गेहूं की तौल और परिवहन कार्य धीमी गति से हो रहा है। इस कारण किसानों की ट्रॉलियां समय पर खाली नहीं हो पा रही हैं। केंद्र के बाहर करीब 5 किलोमीटर तक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की लंबी लाइन लगी हुई है। सड़क के दोनों ओर खड़े वाहनों से यातायात प्रभावित हो रहा है, जिससे छोटे वाहन चालकों को भी निकलने में दिक्कत आ रही है।

भीषण गर्मी के बीच किसान खुले आसमान के नीचे घंटों इंतजार करने को मजबूर हैं। अरनियाकला के किसान मोहन राणा सहित अन्य किसानों का आरोप है कि उपार्जन केंद्र पर पीने के पानी, छाया और बैठने जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। किसानों ने बताया कि उन्हें टैंकर के माध्यम से पानी पिलाया जा रहा है, लेकिन इतनी बड़ी संख्या में किसानों के लिए यह स्थायी पेयजल व्यवस्था अपर्याप्त है। कई किसानों ने बताया कि उन्हें रातभर ट्रैक्टर-ट्रॉली में ही रुकना पड़ रहा है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों के साथ आए किसानों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। किसानों का कहना है कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं पूरी तरह नाकाम साबित हो रही हैं। स्थानीय किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि उपार्जन केंद्र पर अतिरिक्त कर्मचारियों की व्यवस्था की जाए और तौल कार्य में तेजी लाई जाए, ताकि किसानों को अनावश्यक इंतजार न करना पड़े। साथ ही, इस भीषण गर्मी में पेयजल और छाया जैसी आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराने की मांग की।

**कार्यालय नगर पालिक निगम देवास (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

**सूचना क्र./30/लो.नि.वि./26** **देवास, दिनांकः- 14.05.2026**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| क्र. | टेण्डर आ.ई.डी. | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा क्रय एवं जमा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_507924_1 | वार्ड क्रं. 03 आवास नगर में तुलजा विहार गेट से सतपुड़ा एकेडमी तक नवीन नाली निर्माण कार्य। (द्वितीय निविदा) | 60 दिवस, 13,17,000/- | 2,000/- 9,878/- | 26.05.2026 |
| 2 | 2026_UAD_507881_1 | वार्ड क्रं. 41 अखाड़ा रोड पर राम मंदिर से मालीपुरा रोड तक नाली निर्माण कार्य। (तृतीय निविदा) | 60 दिवस, 10,10,000/- | 2,000/- 7,575/- | 26.05.2026 |

निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम, देवास**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार ने भूमि मोहनलाल गुर्जर पिता स्वं केशरलाल गुर्जर निवासी ग्राम सिपावरा तहसील घटिटया जिला उज्जैन से मूल भूमि स्वामी रेखाबाई पति स्वं संतोष गुर्जर निवासी 45 ग्राम सिपावरा से अपनी अनुबंधित की हुई कृषि भुमि जिसका सर्वे नम्बर 192/2 रकबा 0.72 हैक्टर सर्वे क्रमाकं 181 रकबा 0.18 हैक्टेयर भूमि कुल किता 02 कुल रकबा 0.90 हैक्टेयर भूमि स्थित ग्राम सिपावरा प.ह.न. 09 तहसील घटिटया जिला उज्जैन (म.प्र.) में होकर उक्त भुमि का विक्रय टोकन/सौदा चिठठी/अनुबंध पत्र संपादित करवाकर बयाना राशि भी मैरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है।

यह कि उक्त भुमि विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित कृषि भुमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त भूमि/संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक, निकाय शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयिन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके । अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मैरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नही होगी। सुचित हो । इति दिनांक-16-05-2026

**ज्योतिष शर्मा**
**(दस्तावेज लेखक/सर्विस प्रोवाईडर)**
**कार्यालय पता उन्हैल चौराहा भैरवगढ़ उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 96300-65216**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार ने भूमि मोहनलाल गुर्जर पिता स्वं केशरलाल गुर्जर निवासी ग्राम सिपावरा तहसील घटिटया जिला उज्जैन से मूल भूमि स्वामी अरुण पिता शिवनारायण जी गुर्जर आयु निवासी ग्राम सिपावरा से अपनी अनुबंधित की हुई कृषि भुमि जिसका सर्वे नम्बर 181/2 रकबा 0.19 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम सिपावरा प.ह.न. 09 तहसील घटिटया जिला उज्जैन (म.प्र.) में होकर उक्त भुमि का विक्रय टोकन / सौदा चिट्ठी/अनुबंध पत्र संपादित करवाकर बयाना राशि भी मैरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है।

यह कि उक्त भुमि विक्रय में यदि उक्त अनुबंधित कृषि भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त भूमि/संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था, बैंक, निकाय शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयिन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके । अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा । तत्पश्चात कोई आपत्ति मैरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नही होगी । सुचित हो । इति दिनांक-16-05-2026

**ज्योतिष शर्मा**
**(दस्तावेज लेखक/सर्विस प्रोवाईडर)**
**कार्यालय पता उन्हैल चौराहा भैरवगढ़ उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा. 96300-65216**



भोजशाला फैसले के बाद देवास में मनाया जश्न

## सयाजी द्वार पर की गई आतिशबाजी, मिठाई खिलाकर मनाया उत्सव

**देवास।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के भोजशाला संबंधी फैसले के बाद देवास में उत्सव का माहौल देखा गया। शहर में लोगों ने इस निर्णय को सनातन धर्म की जीत बताते हुए जमकर जश्न मनाया। देवास के सयाजी द्वार पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। उन्होंने आतिशबाजी की, एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और 'जय सियाराम' के नारे लगाए। इस दौरान कई लोगों के हाथों में भोजशाला की तस्वीरें भी थीं। जश्न में शामिल लोगों ने बताया कि यह फैसला आस्था और संस्कृति से जुड़ा है, जिसके कारण लोगों में विशेष उत्साह है। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक और उत्सवी माहौल बना रहा।

## जिम में एक्सरसाइज के दौरान युवकों में विवाद, मामला दर्ज

**शुजालपुर।** शहर के फ्रीगंज क्षेत्र स्थित एक जिम में एक्सरसाइज के दौरान युवकों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दो युवकों ने एक किशोर और उसके साथी के साथ मारपीट कर दी। मामले में पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फ रियादी किशोर निवासी कृष्णा नगर शुजालपुर मंडी ने शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने दोस्त कार्तिक कुशवाह के साथ जिम में एक्सरसाइज करने गया था। 14 मई की रात करीब 8.30 बजे दोनों जिम में व्यायाम कर रहे थे। इसी दौरान एक्सरसाइज करते समय कार्तिक का वजन उठाते हुए संतुलन बिगड़ गया, जिस पर वहां मौजूद समीर निवासी अकोदिया नाका ने टोका-टोकी शुरू कर दी। फ रियादी के अनुसार उसने समीर से थोड़ी देर रुकने की बात कही, लेकिन इसी बात पर विवाद बढ़ गया। आरोप है कि समीर एवं चांद खां ने मिलकर कार्तिक के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने बेल्ट और हाथ-मुक्कों से मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे फ रियादी के साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर दी, जिससे गर्दन और पीठ पर चोटें आईं। घटना के दौरान कार्तिक के पिता राजू कुशवाह भी मौके पर पहुंच गए। फ रियादी का आरोप है कि आरोपियों ने उनके साथ भी धक्का-मुक्की करते हुए मारपीट की, जिससे आंख के पास चोट आई। जिम में मौजूद अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सारंगपुर में आज होगा 11वां इज्तिमाई शादी सम्मेलनः

## 32 जोडे निकाह के बंधन में बंधेंगे, अकोदिया रोड पर होगा आयोजन

**सारंगपुर।** निकाह को आसान बनाने और फिजूलखर्ची को रोकने के उद्देश्य से इज्तिमाई शादी कमेटी सारंगपुर द्वारा एक सराहनीय पहल की जा रही है। कमेटी के तत्वाधान में आज इस वर्ष 11वां इज्तिमाई शादी (सामूहिक विवाह) सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है, जिसमें 32 जोडे एक साथ निकाह के मुकद्दस बंधन में बंधेंगे। कमेटी के संयोजक एजाज यादें और पूरी टीम के पदाधिकारियों ने सम्मेलन में शामिल जोड़ो के परिजनों से अपील की है कि वे निर्धारित संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर दूल्हा-दुल्हनों को अपनी दुआओं से नवाजें और नेक कार्य में जुटी कमेटी का हौसला अफजाई करें। यादें ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि आज रविवार शाम 06.00 बजे से अकोदिया रोड बायपास स्थित गार्डन में कार्यक्रम आयोजित होगा।

In The Court Of VIII Additional District and Sessions Judge, District Court, Ujjain Presiding Officer:

**श्री हीरालाल अलावा**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
**सक्सेशन प्रकरण क्रमांक** (MJC SUC/0000022/2026)

**शेखर बत्रा------आवेदक**
**Vs**
**रानी बत्रा---------अनावेदक**

Process Id-/2026
**पेशी दिनांकः 28/07/2026**

**प्रेषिती**
(1) सर्वसाधारण पता- सर्वसाधारण
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शेखर बत्रा पिता स्व. भूषण बत्रा, आयु-56 वर्ष, धंधा-व्यापार, निवासी-66/166 बत्रा भवन दशहरा भवन नेहरु पार्क के सामने एम एल नगर उज्जैन मप्र की ओर से इस न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 278 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के अधीन आवेदक के पिता स्व. भूषण बत्रा की मृत्यु दिनांक 15/12/2025 को हो चुकी है, स्व. भूषण बत्रा के कानूनी वारिस स्व. भूषण बत्रा की पत्नि अनावेदक क्रं. 1 श्रीमती रानी बत्रा पति स्व. भूषण बत्रा, आयु 71 वर्ष, व्यवसाय-गृहकार्य, क्रं.2 कुमारी राखी बत्रा पिता स्व. भूषण बत्रा, आयु-47 वर्ष, क्रं.3 श्रीमती सीमा दआ पिता स्व. भूषण बत्रा, आयु-51 वर्ष, निवासीगण-66/166 बत्रा भवन दशहरा भवन नेहरु पार्क के सामने एम एल नगर उज्जैन मप्र एवं आवेदक है, आवेदक के पिता स्व. भूषण बत्रा अपने जीवनकाल में एक फर्म भूषण ऑटो मोबाईल के प्रोप्रायटर थे जिसमें एक पेट्रोल पम्प 160 नागझिरी देवास रोड पर स्थित था जिसमें पेट्रोल, ऑयल का क्रय विक्रय का व्यापार किया जाता था । आवेदक के पिता स्व. भूषण बत्रा ने इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड से पेट्रोल पंप का संचालन हेतु अनुबंध भी किया था, आवेदक के पिता मृतक भूषण बत्रा ने अपनी मृत्यु के पूर्व एक वसीयतनामा वसीयग्रहिता आवेदक के पक्ष में दिनांक 09/11/2023 को नोटरी के समक्ष निष्पादित किया था, आवेदक के पिता की मृत्यु के पश्चात आवेदक की मांग पर इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड में आवेदक को पेट्रोल पम्प के अस्थायी संचालन पुर्नगठन प्रक्रिया पूरी होने तक पेट्रोल पम्प के संचालन हेतु नियुक्त किया है किन्तु इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड इंदौर के संभागीय कार्यालय में आवेदक को दिनांक 25/02/2026 को पत्र प्रेषित कर रिटेल आउटलेट मेसर्स भूषण ऑटो मोबाईल के संचालन हेतु आवेदक के पक्ष में मेसर्स ऑटो मोबाईल पेट्रोल पम्प स्थित नागझिरी देवास रोड उज्जैन के संचालन हेतु प्रशासन पत्र का प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु प्रस्तुत किया

है जिसकी सुनवाई दिनांक 28 जुलाई 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 28 जुलाई 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 13 मई 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**हीरालाल अलावा**
**अष्टम जिला न्यायाधीश, उज्जैन (म.प्र.)**

**कृपया ध्यान दे-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## स्वीमिंग पूल में डूबा विधायक का कर्मचारी, मौत

**भोपाल।** भोपाल के कजलीखेड़ा में बने केके रिसार्ट के स्विमिंग पूल में डूबने से विधायक भगवानदास सबनानी के बंगले पर काम करने वाले युवक की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार रात का है। वह दोस्तों के साथ पार्टी करने गया था। दोस्तों ने बताया कि युवक को पूरी तरह से तैरना नहीं आता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। कजलीखेड़ा कुनाल महावत पिता बलवीर महावत 22 वर्ष निवासी बरखेडी विधायक भगवानदास सबनानी के बंगले पर काम करता था। कजलीखेडा के केके रिसोर्ट में दोस्त अनीकेत शाक्य, कुनाल और दो अन्य के साथ गया था। चार दोस्त रिसोर्ट के एक हिस्से में बैठे थे। इसी बीच कुनाल वहां से चला गया, कुछ देर नहीं दिखा तब दोस्तों ने उसकी तलाश की। लगा कि कहीं बहार चला गया होगा। बाहर जाकर देखा तो भी नहीं मिला। कॉल करने पर कॉल नहीं लगा। तब उसकी तलाश शुरू की, स्वीमिंग पूल की ओर गए तो बॉडी पानी में तैरती दिखी। जिसे बाहर निकालने के बाद अस्पताल पहुंचाया। मृतक के दोस्त अनीकेत शाक्य ने बताया कि कुनाल विधायक भगवानदास सबनानी के बंगले पर काम करता था। वहां पहुंचे तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## शिक्षक भर्ती में पदवृद्धि की मांग पर डीपीआई पहुंचे अभ्यर्थी

**भोपाल।** भोपाल में शिक्षक भर्ती परीक्षा-2025 पास कर चुके अभ्यर्थियों का आंदोलन शनिवार को और उग्र हो गया। पदवृद्धि और जल्द जॉइनिंग की मांग को लेकर प्रदेशभर से बड़ी संख्या में वर्ग 2 और वर्ग 3 के अभ्यर्थी लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) पहुंचे और नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। दोपहर की भीषण गर्मी में प्रदर्शन कर रही एक महिला अभ्यर्थी की तबीयत बिगड़ गई। मौके पर एंबुलेंस भी पहुंची, लेकिन युवती ने अस्पताल जाने से इनकार करते हुए आंदोलन जारी रखा। दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुए प्रदर्शन में अभ्यर्थी तेज धूप के बीच डीपीआई परिसर के बाहर धरने पर बैठ गए। पद वृद्धि और दूसरी काउंसलिंग की मांग को लेकर लगातार नारेबाजी होती रही। इसी दौरान गर्मी की वजह से एक महिला अभ्यर्थी की तबीयत बिगड़ गई। साथी अभ्यर्थियों ने मौके पर ही उन्हें पानी, एनर्जी ड्रिंक और दवाइयां दीं, जिसके बाद उनकी हालत सामान्य हुई। महिला अभ्यर्थी की तबीयत बिगड़ने के बाद एंबुलेंस मौके पर पहुंची, लेकिन युवती ने अस्पताल जाने से इनकार कर दिया।

## स्कूटी को धक्का लगाकर पेट्रोल पंप पहुंची महिला कांग्रेस

**भोपाल।** शनिवार को पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के विरोध में महिला कांग्रेस ने अनोखा 'धक्का मार्च' निकाला। महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी के नेतृत्व में कार्यकर्ता स्कूटी को धक्का देते हुए न्यू मार्केट स्थित नानके पेट्रोल पंप पहुंचीं। यहां केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से पेट्रोल भरवाया और ईंधन कीमतों में राहत की मांग की। दिलचस्प बात यह रही कि प्रदर्शन खत्म होने के बाद कई कार्यकर्ता चार पहिया वाहनों में बैठकर वापस रवाना हुईं। पेट्रोल-डीजल की मार सिर्फ मुझ पर नहीं, पूरे देश की आम जनता पर है। इसका सीधा असर घर के बजट पर पड़ता है। रसोई से लेकर सब्जी तक हर चीज महंगी हो जाती है। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की जब भी संकट आता है, सरकार जनता से सहयोग मांगती है, लेकिन महंगाई कम करने की ठोस रणनीति नजर नहीं आती। आज महिलाएं सड़क पर उतरकर अपनी आवाज उठा रही हैं।

## जावद क्षेत्र के खेत में आग से किसान को लाखों का नुकसान

**नीमच।** जिले की ग्राम पंचायत कंजार्डा के अंतर्गत गांव झोपड़िया में शुक्रवार दोपहर अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। इसमें किसान प्रकाश धाकड़ पिता मेघराज धाकड़ के खेत मे लाखों रुपए का नुकसान हो गया । जानकारी अनुसार किसान के बाड़े समीप खेत में आग इतनी तेजी से फैली कि खेत व आसपास रखा कृषि सामान जलकर राख हो गया। आगजनी की घटना में ट्रैक्टर की ट्राली, पाइप, फव्वारा गन सेट सहित पशुओं के लिए रखा भारी मात्रा में सूखा चारा जलकर राख हो गया। घटना की सूचना मिलते ही जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुनील धाकड़ ने तत्परता दिखाते हुए मनासा व डीकेन से फायर ब्रिगेड को सुचना कर बुलाया। दमकल की टीम ने ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों ने बताया कि पठार क्षेत्र में आसपास लगभग आठ पंचायतें आती हैं, जहां आए दिन आगजनी की घटनाएं होती रहती हैं। ग्रामीणों ने क्षेत्र में स्थायी फायर ब्रिगेड की व्यवस्था किए जाने की मांग करते हुए विधायक एवं जिला प्रशासन से इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई की मांग की। वहीं पीड़ित किसान ने प्रशासन से हुए नुकसान का उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## जिले के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया राष्ट्रीय डेंगू दिवस

**धार।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं जिला स्वास्थ्य समिति (एनवी.बी.डी.सी.पी.) जिला धार के निर्देशानुसार, आज 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बाकानेर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनीता सिंगारे विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उनकी गरिमामयी उपस्थिति में उपस्थित चिकित्सा अधिकारियों, नर्सिंग स्टाफ और स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले ने डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी घातक बीमारियों के नियंत्रण और रोकथाम के लिए सामूहिक रूप से शपथ ली। इसी प्रकार जिले में भी विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यक्रम आयोजित कर स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू उन्मूलन की शपथ दिलाई गई। बाकानेर स्वास्थ्य केंद्र परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनीता सिंगारे सहित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपना दाहिना हाथ आगे बढ़ाकर समाज में स्वच्छता बनाए रखने और मच्छरों के जनन स्त्रोतों को नष्ट करने का संकल्प लिया।

# मंडी प्रांगण क्रमांक 3 में लगेगा साप्ताहिक हाट बाजार

### प्रशासन के इस निर्णय से ग्राहक व दुकानदार दोनों होगें परेशान

**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**



मंडी क्षेत्र में रविवार को लगने वाला साप्ताहिक हाट बाजार अब कस्बा क्षेत्र के स्थान पर भीलखेडी रोड स्थित कृषि उपज मंडी समिति के प्रांगण क्रमांक 3 में लगेगा। यह निर्णय प्रशासन ने शहर की यातायात व्यवस्था एवं आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिए जाने की बात कही। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शुजालपुर ने आदेश जारी किया।

जिसके परिपालन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी शुजालपुर ने हाट बाजार संचालन एवं व्यवस्थाओं के लिए कर्मचारियों का दल गठित किया गया है। दल में महेश कुमार बिजनिया, सोहन सिंह खटीक, जयराम मालवीय, प्रहलाद मालवीय, संतोष भैरवे एवं घनश्याम सिंह राठौर को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जारी आदेश में प्रत्येक रविवार को आयोजित होने वाले हाट बाजार में यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, पशुओं की व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक कार्यों की जिम्मेदारी संबंधित कर्मचारियों को दी गई है। नगर पालिका द्वारा हाट बाजार स्थल परिवर्तन की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए मुनादी के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। बता दे विगत कई वर्षो से रविवार को लगने वाला साप्ताहिक हाट बाजार चौबे मार्ग, उपाध्याय मार्ग व लोहिया मार्ग पर लगता आ रहा है, हालांकि उक्त हाट बाजार के कारण रविवार को इन मार्गो पर यातायात व्यवस्था बिगडती है, लेकिन जिस नए स्थान का चयन प्रांगण क्रमांक 3 के रूप में प्रशासन ने किया है वह स्थल शहरी बस्ती के अंतिम छोर पर है। यहां पर पहुंचने के लिए महिलाओं को यातायात साधन उपलब्ध नहीं होगा और रोकडिया हनुमान मंदिर से मंडी प्रांगण तक मार्ग सकरा होने से जाम की स्थिति लगती है।

### पूर्व में भी हुए प्रयास

मंडी क्षेत्र में स्थाई सब्जी मंडी के लिए पूर्व में भी कई प्रयास हुए लेकिन ठोस निर्णय के आभाव में स्थाई व्यवस्था नहीं हो पाई। कृषि उपज मंडी समिति की भूमि जो कि पंजाबी मोहल्ले में गुरूद्वारे के पीछे रिक्त बताई जाती है इस स्थल का चयन सब्जी मंडी के लिए किए जाने का विचार पूर्व में हुआ था, इस स्थल के आसपास अन्य मार्ग भी है, उक्त स्थल शहर के बीचों बीच होने के साथ ही स्थाई सब्जी मंडी के रूप में उपयुक्त मानी जाती है। लेकिन इस स्थल का चयन लम्बे समय से नहीं होना समझ के परे है।

साप्ताहिक हाट बाजार का संचालन मंडी प्रांगण क्रमांक 3 में किए जाने की जानकारी मिली है, यह निर्णय प्रशासन ने लिया है, जिनके निर्देश पर नगर पालिका द्वारा व्यवस्था की जा रही है। नगर पालिका परिषद ने इस तरह का कोई निर्णय लिया है। वर्तमान स्थल पर आवारा मवेशियों के कारण भी परेशानी आती है। मंडी में स्थाई व सुविधा जनक व्यवस्था हो इसके लिए प्रयास किए जा रहे है।

**बबीता परमार**
**अध्यक्ष नगर पालिका शुजालपुर**

# कलेक्टर श्री कन्याल ने किया जागरूकता अभियान का शुभारंभ

**गुना।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है, इसी क्रम में गुना जिले में किसानों को कृषि संबंधी विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से जिले के विकासखण्डों में कृषि रथ के माध्यम से जागरूकता अभियान का शुभांरभ आज से किया गया।

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा गुना विकासखण्ड के कृषि रथ को हरि झंण्डी दिखाकर अभियान की शुरूआत की गयी। उप संचालक कृषि संजीव शर्मा ने बताया कि कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में जिले के प्रत्येक विकासखण्डों में एक-एक कृषि रथ का संचालन किया जायेगा। यह रथ 16 मई से 25 मई तक विकासखण्ड क्षेत्र के ग्रामों में जैविक एवं प्राकृतिक खेती, कृषि क्षेत्रों का विस्तार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व, कीट एवं रोग प्रबंधन, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, फसल विविधीकरण को बढावा देने, विभागीय कृषि योजनाओं के प्रचार-प्रसार, प्रधानमंत्री धन-धान्य् कृषि योजना, ई-विकास प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था, पराली प्रबंधन आदि विषयों के संबंध में कृषि वैज्ञानिकों के माध्यम से किसानों को जानकारियों प्रदान की जायेगी। इन रथों के लिए तकनीकी दलों का गठन भी किया गया है। जिसमें कृषि विभाग, कृषि अभियांत्रिकी, कृषि वैज्ञानिक, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग के अधिकारी रहेंगे।




## सड़क चौड़ीकरण के दौरान सती गेट क्षेत्र में विशाल पेड़ गिरा

**मजदूरों ने भागकर बचाई जान, एक और पेड़ नाजुक स्थिति में**

**उज्जैन।** उज्जैन में आगामी सिंहस्थ 2028 की तैयारी के चलते कंठाल चौराहे से सती गेट तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है चौड़ीकरण के कार्य के दौरान शनिवार को गणेश मंदिर के सामने एक विशाल काय पुराना पेड़ अचानक गिर गया। जिस समय पेड़ गिरा उस दौरान वहां दो मजदूर काम कर रहे थे उन्होंने भाग कर अपनी जान बचाई। इसके अलावा अन्य लोग भी बाल बाल बच गए। इस पेड़ के नजदीक ही लगा हुआ एक और विशाल पेड़ भी नाजुक स्थिति में है और गिरने की कगार पर है। अगर नगर निगम ने इसे भी जल्द नहीं हटाया तो यह भी किसी दिन धराशाही हो सकता है और बड़ी घटना घट सकती है।



**दीवार हटाते समय गिरा पेड़....** शहर के सबसे अति व्यस्ततम क्षेत्र में से एक सती गेट रोड का इन दोनों चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है चौड़ीकरण को लेकर व्यापारियों व दुकानदारों द्वारा अपना सामान हटाकर दुकानों का सामान शिफ्ट करने का कार्य किया जा रहा है सतीगेट चौराहे पर गणेश मंदिर के सामने साड़ी की दुकान के समीप दो विशालकाय कई वर्षों पुराने पेड़ों को लेकर कई बार यहां के दुकानदारों द्वारा निगम के अधिकारियों को शिकायत की जा चुकी है इसके बाद भी निगम के अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया और कई वर्ष पुराना पेड़ शनिवार को अचानक गिर गया। पेड़ गिरने के दौरान वहां कालू सहित एक अन्य मजदूर काम कर रहा था उन्होंने भाग कर अपनी जान बचाई। कालू ने बताया कि मशीन से दीवार को गिराने का कार्य किया जा रहा था इसी दौरान अचानक पेड़ गिरा तो हमने भाग कर अपनी जान बचाई। इधर आसपास के व्यापारियों ने बताया कि कई बार पेड़ को लेकर शिकायत कर चुके हैं। अगर नगर निगम ने दूसरे पेड़ को भी जल्द यहां से नहीं हटाया तो वह भी किसी भी दिन धराशाई हो सकता है। और बड़ी घटना घट सकती है।

## उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 10 दिवसीय समर कैंप का समापन



**गुना।** सांदीपनि शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 05 मई से आयोजित 10 दिवसीय समर कैंप का समापन शुक्रवार, 15 मई को विद्यालय परिसर में हुआ। प्राचार्य आशीष टांटिया के मार्गदर्शन में आयोजित इस समर कैंप में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कैंप के दौरान प्रतिदिन योग कक्षाओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने नियमित रूप से योग अभ्यास किया। साथ ही छात्र-छात्राओं ने केरम, बैडमिंटन, शतरंज सहित विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लेकर समर कैंप का भरपूर आनंद उठाया। संगीत गतिविधियों के अंतर्गत योगेश भार्गव द्वारा विद्यार्थियों को हारमोनियम एवं गिटार वादन का प्रशिक्षण दिया गया। वहीं विद्यालय के खेल शिक्षक देवेंद्र कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण प्रदान किया। समापन अवसर पर प्राचार्य आशीष टांटिया ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक होते हैं तथा समाज के प्रति कर्तव्यों की भावना भी विकसित करते हैं। 10 दिवसीय समर कैंप के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने कई नई गतिविधियों का अनुभव प्राप्त किया और अपने कौशल को निखारने का अवसर पाया।

## शनि जयंती पर हुए विभिन्न धार्मिक आयोजन

**रक्तदान शिविर में 68 युनिट रक्तदान हुआ, भंडारे का भी आयोजन किया गया**



**दैनिक अवन्तिका » शुजालपुर**

शनि जयंती के अवसर पर शनिवार को सिटी मंडी रोड स्थित शनि मंदिर पर विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। यहां पर दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान शनि देव की पूजा अर्चना करते हुए तिल व तेल चढ़ाया गया। शनि जयंती के चलते मंदिर परिसर स्थित भगवान की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार किया गया। इस धार्मिक आयोजन के चलते मंगलवार को प्रात: 6 बजे भगवान शनि देव का भव्य अभिषेक, प्रात: 8 बजे यज्ञ व 9.30 बजे से विशाल भंडारा हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में नागरिकों ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की। साथ ही शाम 7 बजे भगवान शनि देव की विशाल आरती व महाप्रसादी वितरण किया गया।

### 68 युनिट रक्त संग्रहित

शनि मंदिर पर दिनभर चले धार्मिक आयोजन के बीच स्वास्थ्य विभाग ने रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया। मंदिर परिसर के समीप रक्त संग्रहण के लिए वातानुकुलित वाहन पहुंचा, इस रक्तदान शिविर में 68 युनिट रक्तदान किया, जिसमें महिलाओं सहित समाजसेवियों ने भी अपनी भूमिका निभाई। इस शिविर में अवसर पर डॉ. अमित सोनी, डॉ रानू गुप्ता, डॉ. संजय मंडलोई, कांउसलर जया माहेश्वरी, जितेन्द्र गुरेनिया, संतोष शर्मा, संजय परमार, सुनिल व्यास, दीपक वाघ आदि का सहयोग रहा।

## अनुसूचित जाति कांग्रेस की बैठक बीनागंज एवं महू में सम्पन्न

**गुना।** म.प्र.अनुसूचित जाति कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार के निर्देशानुसार एवं पूर्व मंत्री एवं जिला गुना कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जयवर्धन सिंह विधायक राघोगढ़ के नेतृत्व में अनुसूचित जाति कांग्रेस जिला गुना के अध्यक्ष भगवान सिंह अहिरवार की अध्यक्षता में 12 मई को अध्यक्ष हेमराज खरे शहर कांग्रेस बीनागंज के निवास पर एवं 14 मई को बमोरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम महू में कांग्रेस संगठन सृजन के अन्तर्गत बैठक सम्पन्न हुई। बीनागंज की बैठक में भगवान सिंह अहिरवार जिलाध्यक्ष अजा कांग्रेस, नारायण सिंह भील जिलाध्यक्ष जनजाति कांग्रेस,अध्यक्ष हेमराज खरे शहर कांग्रेस बीनागंज, दिनेश अहिरवार सरपंच प्रतिनिधि पाटन, रविन्द्र अहिरवार, श्रीमती भगवती बाई सरपंच पाटन, गिर्राज अहिरवार, कमल कुमार, दौजीराम, शिव नारायण खरे, कैलाश अहिरवार, मर्दन सिंह शिवचरण, संतोष अहिरवार, धीरज सिंह अहिरवार, नारायण लाल जाटव, बालमुकुंद नेता, हरि किशन खरे, लक्ष्मन सिंह अहिरवार, मुकेश शिल्पकार, आदि बमोरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम महू में लालजीराम जाटव, सीताराम पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बड़ी संख्या में कांग्रेस जन आदि उपस्थित थे।

# उज्जैन शहर की दीवारें दे रही स्वच्छता का संदेश

### स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान अंतर्गत दीवारों पर सुंदर चित्रकारी और स्लोगन से नागरिक हो रहे जागरूक

**दैनिक अवन्तिका » उज्जैन**






धार्मिक नगरी उज्जैन में इन दिनों शहर की दीवारें भी स्वच्छता का संदेश देती नजर आ रही हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025-26 के अंतर्गत नगर निगम उज्जैन द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों, मार्गों और सार्वजनिक स्थलों की दीवारों पर आकर्षक चित्रकारी एवं स्वच्छता संबंधी स्लोगन बनाए जा रहे हैं, जो नागरिकों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं।

अभियान के तहत शहर की दीवारों को सुंदर चित्रों और प्रेरणादायक संदेशों से सजाया गया है। इन चित्रों के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने तथा सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष अभियान का सकारात्मक प्रभाव शहर में देखने को मिल रहा है। शहर की गलियों, सड़कों और दीवारों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे वातावरण स्वच्छ और आकर्षक बन रहा है।

बाहर से आने वाले श्रद्धालु एवं यात्री भी उज्जैन की स्वच्छता व्यवस्था और दीवारों पर की गई आकर्षक चित्रकारी की सराहना कर रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि इस तरह के संदेश लोगों में जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ शहर की सुंदरता को भी बढ़ा रहे हैं। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में उज्जैन को देश के सबसे स्वच्छ शहरों में शामिल करने के उद्देश्य से जनभागीदारी आधारित विभिन्न गतिविधियां निरंतर संचालित की जा रही हैं।

## शिक्षा के महत्व एवं पाठ्यक्रमों से अवगत कराया

**शुजालपुर।** जे एन एस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर द्वारा संचालित कॉलेज चलो अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत महाविद्यालय की टीम ने आनंद विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल शुजालपुर सिटी का दौरा कर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा एवं प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। अभियान के तहत गणित विभाग की डॉ. अर्चना गावंडे, विधि विभाग के डॉ. गुलाब मेवाड़ा तथा वाणिज्य विभाग के नवीन छालवन्त ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें महाविद्यालयीन शिक्षा के महत्व एवं विभिन्न पाठ्यक्रमों की उपयोगिता से अवगत कराया। प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 1 मई से प्रारंभ होकर 15 मई तक चलेगी। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक इच्छुक विद्यार्थी को उच्च शिक्षा से जोड़ना एवं उन्हें भविष्य निर्माण के लिए प्रेरित करना है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने प्राध्यापकों को विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने एवं शासन की योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। अभियान के दौरान विद्यालय के प्राचार्य निशेष द्विवेदी को भी प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति योजनाओं, फीस सहायता एवं रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों संबंधी जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों ने प्रवेश प्रक्रिया एवं पाठ्यक्रमों से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका महाविद्यालयीन स्टाफ द्वारा समाधान किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की पूजा सांखला, संगीता सोनी रसायन विभाग एवं डॉ. सीमा राजपूत विधि विभाग का भी विशेष सहयोग रहा।

# 7 मिनट में ग्रिल काटकर डकैती करने वाली अंतर्राज्यीय लच्छु गैंग के 4 शातिर बदमाश गिरफ्तार, 37 लाख का माल जब्त

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर





जिले के नाहरगढ़ थाना पुलिस ने देश के 11 राज्यों में चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले शातिर अंतर्राज्यीय डकैत च्लच्छु गैंगज के गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने गैंग के चार मुख्य आरोपियों को रंगे हाथों दबोचकर उनके पास से कुल 37 लाख रुपये मूल्य का मशरूका (सामान व वाहन) बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि यह पूरी कार्रवाई 16 मई 2026 को मिली एक गोपनीय सूचना के बाद की गई। पुलिस को मुखबिर से खबर मिली थी कि देश के कई राज्यों में महज सात मिनट के भीतर खिड़की या दरवाजे की ग्रिल काटकर डकैती डालने में माहिर लच्छु गैंग के शातिर बदमाश नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के एक सुनसान स्थान पर बैठकर अगली बड़ी चोरी की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया और मौके पर दबिश देकर घेराबंदी करते हुए चार शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस मामले में थाना नाहरगढ़ पर भादसं की धारा ३१३ के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पकड़े गए आरोपियों में गणेश उर्फ गणपत (28 वर्ष) और कैलाश उर्फ बिशन (50 वर्ष) दोनों निवासी रंजीतगढ़, थाना बोरी, जिला अलीराजपुर तथा छोटू (27 वर्ष) निवासी नरवाली, थाना टांडा, जिला धार एवं दिनेश उर्फ महेश (23 वर्ष) निवासी भिलवंती, थाना बाग, जिला धार शामिल हैं।

पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक पूछताछ में इस गिरोह ने देश और प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में अपराध करना स्वीकार किया है, जिनमें असम, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, पंजाब और राजस्थान जैसे राज्यों के साथ-साथ मध्य प्रदेश के हरदा, इंदौर, बड़वानी, खंडवा, देवास, कटनी, भोपाल, ग्वालियर, रतलाम और रायसेन जैसे शहर शामिल हैं।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 25 लाख रुपये की कीमत के सोने-चांदी के आभूषण और 12 लाख रुपये मूल्य की एक फोर व्हीलर गाड़ी शामिल है। इसके अलावा पुलिस ने इनके पास से वारदातों के दौरान पहचान छुपाने और ग्रिल काटने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले 4 मास्क, 6 ग्लब्स, 5 प्लास्टिक पेचकस, 2 इलेक्ट्रॉनिक कटर और 1 साधारण कटर भी बरामद किया है।

## भाजपा जिला नीमच का जिला प्रशिक्षण वर्ग 16 एवं 17 मई को

**नीमच।** राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार मंडल प्रशिक्षण के बाद भारतीय जनता पार्टी जिला नीमच का जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत 16 एवं 17 मई को देव रेजिडेंसी नीमच में आयोजित किया जा रहा है। जिला प्रशिक्षण वर्ग अभियान के तहत 16 मई शनिवार को सुबह जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ होगा एवं 17 मई रविवार सांयकाल समापन तक प्रशिक्षण वर्ग चलेगा। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का मुख्य उद्देश्य पार्टी कार्यकताओं और पदाधिकारीयो को वैचारिक रूप से मजबूत करना, अनुशासन सीखाना, संगठन के इतिहास और जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी देना है। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में कुल १२ सत्र आयोजित किए जाएंगे एवं इन सत्रों में पार्टी के वरिष्ठ सांसद, विधायक, प्रदेश कार्य समिति सदस्य, वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित कार्यकताओं को मार्गदर्शन और प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। कार्यकर्ताओं का रात्रि विश्राम प्रशिक्षण वर्ग स्थल पर ही रहेगा।

## एमडी ड्रग्स और डोडाचूरा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** गरोठ थाना पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर जस्साखेड़ी फंटा खड़ावदा गरोठ रोड स्थित यात्री प्रतीक्षालय पर घेराबंदी कर आरोपी निलेश (३२) पिता बलराम निवासी पुराना बस स्टैंड गरोठ को धरदबोचा। पुलिस ने तलाशी के दौरान आरोपी निलेश के कब्जे से 40 हजार रु. कीमत की ४० ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी (ड्रग्स) और 4,800 रुपये कीमत का ३ किलोग्राम अवैध डोडाचूरा जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि जब्तशुदा एमडी ड्रग्स और डोडाचूरा उसे बरखेड़ा गंगासा निवासी उमर खान उर्फ उमर फारुख पिता मोहम्मद खान ने सप्लाई किया था। इस खुलासे के बाद गरोठ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सह-आरोपी और आदतन अपराधी उमर फारुख खान को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15, 22, 29 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस रिकार्ड अनुसार पकड़ा गया मुख्य सप्लायर उमर फारुख खान एक शातिर और आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ पूर्व में भी विभिन्न थानों में 14 गंभीर मामले दर्ज हैं।

## स्वदेशी जागरण मंच का 31 को आयोजित होगा जिला विचार वर्ग

**मंदसौर।** स्वदेशी जागरण मंच मंदसौर की बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी ३१ मई को मंदसौर के हाफिज कॉलोनी स्थित संघ कार्यालय च्समर्पणज्ज में एक जिला विचार वर्ग का आयोजन किया जाएगा। इस एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण वर्ग की सफलता के लिए विस्तृत रूपरेखा और कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसके तहत जिलेभर के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले कार्यकताओं को राष्ट्रीय व प्रांतीय स्तर के वरिष्ठ मार्गदर्शकों का पाथेय और बौद्धिक मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बैठक को संबोधित करते हुए विभाग संयोजक दिलीप व्यास ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में भारत को एक आत्मनिर्भर और मजबूत आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए स्वदेशी उत्पादों को अपनाना बेहद अनिवार्य है। विभाग सह संयोजक अंकुश पालीवाल ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग के दौरान स्वदेशी के व्यावहारिक क्रियान्वयन को लेकर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे ताकि धरातल पर संगठन की नींव को और अधिक मजबूती दी जा सके। जिला संयोजक दिलीप चौधरी ने सभी कार्यकताओं को कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी।


**पश्चिम रेलवे-रतलाम**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना संख्याः M247_MECH_TENDER_26-27_06 दिनांक 15/05/2026। **कार्य का नाम :** वैगन पहियो के पुर्जा को खोलना, अलग करना, साफ करना व यानांतरण का कार्य। **कार्य की अंदाजित लागत (रु):** ₹60,68,412.59/-। **बयाना राशि (रु):** ₹1,21,400.00/-। **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 24 महीने। **परिवर्तित निविदा देने व खोलने की दिनांक व समयः** दिनांक 05/06/2026 को 11:00 बजे तक जमा करना एवं उसी दिन 11:30 बजे को खोलना। **वेबसाईट का पता व स्थानः** वेबसाईट www.ireps.gov.in मुख्य कारखाना प्रबन्धक का कार्यालय, रोलिंग स्टाक कारखाना, पश्चिम रेल्वे, परेल, फ्रीलेंडगंज, दाहोद 389160। 0055

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly


## कार में जहर खाकर दंपती ने दी जान, सुसाइड नोट में लिखा परिवार को परेशान न करें

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर



शहर के वायडी नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले देव डूंगरी माताजी मंदिर के समीप एक कार में दंपती द्वारा जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतकों की पहचान शहर के जनता कॉलोनी निवासी दुष्यंत सोनी और उनकी पत्नी उष्मिता सोनी के रूप में हुई है। दंपती ने शुक्रवार शाम को अपनी कार में बैठकर अज्ञात जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। हालत बिगड़ने पर उन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान शनिवार को पहले उष्मिता सोनी और उसके बाद दुष्यंत सोनी ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर वायडी नगर थाना पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करवाकर मर्ग कायम किया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

पता चला है कि जहर खाने के दौरान दोनों अपने कुछ परिचितों और दोस्तों को लगातार फोन और वीडियो कॉल कर रहे थे। बातचीत में वे बार-बार कह रहे थे कि कल हमारे कार्यक्रम में जरूर आना।

वायडी नगर थाना प्रभारी शिवांशु मालवीय के अनुसार, शुक्रवार रात को तहसीलदार और पुलिस टीम ने मौत से पहले दुष्यंत सोनी के बयान दर्ज कर लिए थे। बयान में दुष्यंत ने कार के भीतर सुसाइड नोट रखे होने की बात कही थी, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। सुसाइड नोट में लिखा है कि वे दोनों अपनी निजी परेशानियों और कारणों से तंग आकर अपनी मर्जी से यह आत्मघाती कदम उठा रहे हैं। इसमें उनके परिवार या किसी अन्य व्यक्ति का कोई कसूर या लेना-देना नहीं है। उन्होंने यह भी लिखा कि वे आखिरी समय में अपने प्रियजनों से खुद कॉल कर बात कर रहे हैं और उनके प्रियजनों को इस बारे में कुछ नहीं पता है,

इसलिए उनके जाने के बाद उनके परिवार को परेशान न किया जाए। यह दंपती अपने पीछे दो बच्चों को छोड़ गया है, जिनमें उनकी बेटी दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रही है और बेटा 12वीं कक्षा का छात्र है।

## गैस सिलेंडर बदलते समय लगी भीषण आग, चार लोग झुलसे

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर

जिले के सीतामऊ थाना क्षेत्र के ग्राम लदूना में शुक्रवार देर रात एक घर में रसोई गैस सिलेंडर बदलते समय अचानक हुए रिसाव के कारण भीषण आग लग गई। इस दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित कुल चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। यह हादसा उस समय घटित हुआ जब घर की रसोई में खाली हो चुके गैस सिलेंडर को हटाकर नया सिलेंडर लगाया जा रहा था। जैसे ही सिलेंडर का सीलबंद ढक्कन खोला गया, अत्यधिक दबाव के कारण एलपीजी गैस का तेज रिसाव होने लगा और उसने पास ही जल रहे चूल्हे की आग को पकड़ लिया, जिससे देखते ही देखते पूरी रसोई आग के गोले में तब्दील हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लदूना निवासी जगदीश राठौर की 15 वर्षीय बेटी प्रीति रसोई में गैस पर चाय बना रही थी, जबकि पास ही उनकी पत्नी राधाबाई चूल्हे पर खाना तैयार कर रही थीं। इसी दौरान अचानक गैस खत्म हो गई, तो बेटी की बात सुनकर जगदीश राठौर नया सिलेंडर लगाने पहुँचे। जैसे ही उन्होंने नई टंकी की सील तोड़कर ढक्कन हटाया, अचानक तेज आवाज के साथ गैस लीक होने लगी। पास में ही चूल्हा जल रहा होने के कारण गैस ने तुरंत आग पकड़ ली और आग ने इतना विकराल रूप लिया कि रसोई में मौजूद लोग उसकी चपेट में आ गए। हादसे में गृहस्वामी जगदीश राठौर, उनकी पत्नी राधाबाई, बेटी प्रीति राठौर और घर में काम करने वाला मजदूर परमेश्वर भील बुरी तरह झुलस गए। ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बिना वक्त गंवाए नजदीकी पेट्रोल पंप से अग्नि शमन यंत्र मंगवाया और उसकी मदद से आग पर काबू पाया।

## मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की संभागीय एवं जिला पदाधिकारियों की बैठक आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम




मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के रतलाम संभाग का सम्मेलन जुलाई माह के अंतिम सप्ताह में रतलाम नगर में आयोजित किया जाएगा । यह निर्णय शनिवार को आयोजित संघ के रतलाम संभाग एवं रतलाम जिले के पदाधिकारियों की बैठक में लिया गया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने सम्मेलन आयोजन की कार्ययोजना सहित संगठन की मजबूती के लिए अपने विचार एवं सुझाव रखे ।

बैठक को संबोधित करते हुए संभाग अध्यक्ष प्रीतिपाल सिंह राणा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे प्रांताध्यक्ष शलभ जी भदौरिया के नेतृत्व में श्रमजीवी पत्रकार संघ पत्रकारों के हितों के लिए वर्षों से संघर्ष कर रहा है , इसी संघर्ष के सुखद परिणाम समय समय पर हमे प्राप्त होते रहे है और जल्द ही हमारी पत्रकार सुरक्षा कानून लागू लिए जाने की माँग भी पूरी होने वाली है । श्री राणा ने कहा कि संभागीय सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए हमे जी जान से जुट जाना है और रतलाम संभाग इकाई सहित तीनो जिला इकाइयों को अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करना है ।उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि यदि आप संघ के किसी पद पर आसीन है तो उस पद के अनुरूप अपनी उपयोगिता संगठन के कार्यों के प्रति प्रदर्शित करना चाहिए । बैठक को प्रदेश संयुक्त सचिव भेरूलाल टांक ने संबोधित करते हुए कहा कि एकजुटता के साथ हमे अपने अपने कर्तव्यों का निर्वाह करना है और जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाए उसे पूरी निष्ठा से पुरी करना है । रतलाम जिलाध्यक्ष राजेश जैन ने रतलाम संभागीय सम्मेलनन के आयोजन की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमने पिछले वर्ष शहर में प्रदेश कार्यसमिति का सफल आयोजन किया था । हम संभागीय सम्मेलन भी सभी साथी समन्वय के साथ मिलकर ऐतिहासिक रूप से आयोजित करेंगे । श्री जैन ने मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के पत्रकार हितैषी कार्यो का विवरण देते हुए कहा कि हमारे प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के दबंग नेतृत्व में संगठन सरकार से निरंतर अपनी मांगे मनवाने में सफलता हांसिल करता जा रहा है । बैठक को नीमच जिलाध्यक्ष प्रदीप जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि हमे रतलाम संभाग के तीनो जिलों में संघठन को मजबूती प्रदान करने के लिए ब्लॉक स्तर के दौरे कर पत्रकार साथियों से सतत संपर्क कर ऐसा माहौल निर्मित करना होगा जिससे हमारे संगठन का आकर्षण बना रहे एवं वे अन्य संगठन के बारे में सोच भी नहीं सके। बैठक को संभागीय उपाध्यक्ष गोविंद उपाध्याय, मंदसौर जिलाध्यक्ष हेमंत जैन, संभागीय महासचिव विजय मीणा, रतलाम महासचिव दिनेश दवे उपस्थित थे।

## रॉयल नर्सिंग कॉलेज में 120 बेड अस्पताल की सर्वसुविधा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

उच्चतम न्यायालय के आदेश और मध्य प्रदेश शासन के राजपत्र में जारी अधिसूचना के बाद सत्र 2026-27 से नर्सिंग प्रवेश नियमों में ऐतिहासिक बदलाव किया गया है। अब प्रदेश सहित रतलाम के अग्रणी संस्थान रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में भी भारतीय नर्सिंग परिषद के नए नियमों के तहत प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जाएगी। संस्थान के प्राचार्य जगदीश डूके ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए बताया कि नए नियमों के अनुसार अब पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए छात्रों को किसी भी प्रकार का प्री-नर्सिंग सिलेक्शन टेस्ट (एंट्रेंस एग्जाम) नहीं देना होगा। इन दोनों ही रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों में अब सीधे 12वीं कक्षा के अंकों (मेरिट लिस्ट) के आधार पर पारदर्शी तरीके से प्रवेश दिया जाएगा। वहीं, पाठ्यक्रम में प्रवेश पहले की तरह पीएनएसटी परीक्षा में पात्र घोषित अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग के माध्यम से ही होगा। प्राचार्य जगदीश डूके ने संस्थान की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग छात्रों के सर्वांगीण विकास और व्यावहारिक ज्ञान के लिए पूरी तरह सुसज्जित है:

120 बिस्तरों का अस्पतालः नर्सिंग में प्रवेशित सभी विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय क्लिनिकल प्रैक्टिस और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए कॉलेज कैंपस में ही 120 बिस्तरों वाला सर्वसुविधायुक्त अस्पताल उपलब्ध है, जहाँ छात्र अनुभवी डॉक्टरों की देखरेख में लाइव ट्रेनिंग पाते हैं।


**पश्चिम रेलवे-रतलाम**

**वाणिज्य शाखा ई–नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक–रतलाम मंडल पश्चिम रेलवे ने मंडल के विभिन्न स्टेशनो पर वाटर वेंडिंग मशीन के आवंटन के लिये ई–नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाईट (ई–ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है। विवरण निम्नानुसार है।

केटलॉग संख्या. C45-**WVM-RTM-26** अनुबंध का प्रकार– **वाटर वेंडिंग मशीन**

लॉट न.

| | |
|---|---|
| MSS-RTM-BNG-WVM-24-24-1 | MSS-RTM-LMNR-WVM-25-24-1 |
| MSS-RTM-NMH-WVM-9-24-1 | MSS-RTM-BCH-WVM-16-24-1 |
| MSS-RTM-JAO-WVM-18-24-1 | MSS-RTM-RJQ-WVM-27-24-1 |
| MSS-RTM-DWX-WVM-8-24-1 | MSS-RTM-NBH-WVM-17-24-1 |
| MSS-RTM-AJN-WVM-26-24-1 | MSS-RTM-BMI-WVM-21-24-1 |
| MSS-RTM-MDS-WVM-10-24-1 | MSS-RTM-MGN-WVM-12-24-1 |
| MSS-RTM-DADN-WVM-11-23-1 | MSS-RTM-DHD-WVM-7-24-1 |
| MSS-RTM-COR-WVM-5-24-1 | MSS-RTM-THDR-WVM-20-24-1 |

अनुबंध की अवधि–5 वर्ष ई–नीलामी की तिथि और समय सभी लॉट के लिये ई–नीलामी दिनांक–29/05/2026 को 11.00 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रनिक लॉट को बंध करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई–ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटसाईज समापन समय देखा जा सकता है। 0053

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly


## अफीम व डोडाचूरा की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को 11-11 वर्ष की सजा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच

विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट) जिला-नीमच द्वारा कार में फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम तथा 100 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा की तस्करी करने वाले आरोपीगण (1) रवि पिता शंकरलाल सुथार, उम्र-24 वर्ष, निवासी-ग्राम आरड़ी, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर व (2) विजयसिंह पिता मांगूसिंह, उम्र-26 वर्ष, निवासी-ग्राम पीर गुराडिया, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर को धारा 8/15(सी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत 11-11 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 01-01 लाख रुपए अर्थदण्ड, धारा 8/18(सी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत 2-2 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 20-20 हजार रुपए अर्थदण्ड एवं धारा 347(1) भारतीय न्याय संहिता, 2023 के अंतर्गत 2-2 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 5-5 हजार रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

जानकारी के अनुसार अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ रितेश कुमार सोमपुरा द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना दिनांक २३.०५.२०२४ को देर रात्रि मंदसौर-रतलाम हाइवे स्थित माननखेड़ा टोल प्लाजा की हैं। कार्यालय उपनारकोटिक्स आयुक्त नीमच में मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक ग्रे रंग की मारूति कार से अफीम व डोडाचूरा की तस्करी की खेप महाराष्ट्र पँहुचने वाली हैं।

मुखबीर सूचना पर से निवारक दल का गठन कर टोल नाके पर नाकाबंदी किये जाने पर मन्दसौर की तरफ से कार आती हुई दिखाई दी, जिसको घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया गया, परंतु कार चालक के द्वारा शासकीय स्कॉर्पियो वाहन को टक्कर मारकर कई बार भागने की कोशिश की, परंतु निवारक दल के एक सदस्य राईफल से कार के आगे के टायर के पास फायर किया, जो कार के रेडियेटर पर लगा जिससे कार बंद हो गई थी।

कार चालक व साथ बैठे व्यक्ति ने भागने का प्रयास किया, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। निवारक दल द्वारा आगे की कार्यवाहीं किये जाने हेतु सुरक्षा की दृष्टि से दोनो आरोपीगण व कार को कार्यालय उपनाराकोटिक्स आयुक्त, नीमच ले लेकर आया गया, जहाँ पर कार की तलाषी लिये जाने पर उसमें 6 कट्टों में कुल 100 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा तथा कार की डेस्क में पारदर्षी थैली में 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम मिली, जिस कारण डोडाचूरा, अफीम व कार को जप्त किया गया तथा दोनो आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया। अपराध की विवेचना में यह पता चला की आरोपीगण द्वारा फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर तस्करी की जा रही थी। इसके पष्चात सभी आवश्यक अनुसंधान उपरांत परिवाद माननीय विशेष न्यायालय, नीमच में प्रस्तुत किया गया।

जानकारी के अनुसार विचारण के दौरान सी.बी.एन. के विशेष लोक अभियोजक श्री सुशील ऐरन द्वारा सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर अवैध मादक पदार्थ अफीम व डोडाचूरा की अंतर्राज्यीय तस्करी किये जाने के अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे आरोपीगण को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक श्री सुशील ऐरन द्वारा की गई।

## न्यूज कालम



### जावरा-उज्जैन ग्रीनफिल्ड हाई-वे से जुड़ेगा रतलाम-खाचरौद मार्ग

**कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने की फोर-लेन निर्माण की समीक्षा**

**रतलाम।** रतलाम-खाचरौद मार्ग को जावरा-उज्जैन ग्रीनफिल्ड हाई-वे से जोड़ने की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा जल्द क्रियान्वित होने वाली है। इस योजना के तहत फोर-लेन विकसित कर रतलाम-खाचरौद मार्ग को ग्रीनफिल्ड हाई-वे से जोड़ा जाएगा। शुक्रवार को म.प्र. सड़क विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप को प्रस्तावित मार्ग निर्माण की योजना से अवगत कराया।श्री काश्यप ने ले-आउट देखने के बाद कुछ सुधार के साथ डी.पी.आर. तैयार करने के निर्देश दिए। मंत्री श्री काश्यप को एमपीआरडीसी के डिविजनल मैनेजर विजय सिंह ने बताया कि जावरा-उज्जैन ग्रीनफिल्ड हाई-वे से जोड़ने के लिए रतलाम-खाचरौद मार्ग फोर-लेन बनेगा। आबादी क्षेत्र वाले गांव में इसे बाहर से बायपास डालकर निकाला जाएगा। श्री काश्यप ने प्रेजेंटेशन देखने के बाद आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान एमपीआरडीसी के एजीएम अमित भूरिया आदि मौजूद रहे। ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 220 करोड़ की लागत से रतलाम-खाचरौद फोर-लेन निर्माण कर उसे जावरा-उज्जैन ग्रीनफिल्ड हाई-वे से जोड़ने की घोषणा की थी।

### वॉलमार्ट ग्रोथ समिट में सीईओ इंजीनियर आनंद कश्यप के स्टार्टअप को सराहा



**मंदसौर।** मंदसौर के युवा इंजीनियर आनंद कश्यप ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का गौरव बढ़ाया है। हाल ही में देश की राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित प्रतिष्ठित च्वॉलमार्ट ग्रोथ समिट 2026 में आनंद को विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया था। इस समिट के लिए पूरे भारत से महज ६ उभरते हुए उद्यमियों का चयन किया गया था, जिनमें आनंद कश्यप मध्य प्रदेश और सेंट्रल इंडिया के इकलौते प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता और अनूठे व्यावसायिक मॉडल को देखकर वॉलमार्ट के ग्लोबल सीईओ जॉन फर्नर ने उनसे व्यक्तिगत मुलाकात की, उनके कार्यों की जमकर सराहना की और उन्हें वैश्विक मंच पर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।आनंद कश्यप ने सिविल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने के बाद विभिन्न कंपनियों में १२ वर्षों तक काम किया लेकिन वे कॉर्पोरेट लाइफ छोड़कर अपनी जड़ों, आयुर्वेद और शुद्ध देसी खाद्य संस्कृति से आम जनता को जोड़ना चाहते थे। इसी प्रेरणा के चलते उन्होंने लाखों रुपये की नौकरी को अलविदा कह दिया और अपने गृह नगर मंदसौर लौटकर च्ऑर्गेनिक आनंदज नाम से एक नए स्टार्टअप की नींव रखी। उन्होंने बिना किसी हानिकारक केमिकल और प्रिजर्वेटिव के शुद्ध उत्पादों को देश के कोने-कोने में घर-घर तक पहुँचाने का काम किया है। आनंद को इष्टमित्रों ने बधाइयाँ प्रेषित की हैं।

### पंचायत चलो अभियान के तहत बरखेड़ा पंथ में संगठन में हुआ विस्तार



**पिपलिया मंडी।** बरखेड़ा पंथ, मल्हारगढ़ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी प्रदेश कांग्रेस कमेटी जिला कांग्रेस कमेटी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के निदेशानुसार चल रहे *"पंचायत चलो अभियान" के तहत जनपद पंचायत मल्हारगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत बरखेड़ा पंथ में संगठन को मजबूत करने हेतु नवीन नियुक्तियां की गईं। यह नियुक्तियां *यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष श्री बल्लू गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष श्री विजेश मालेचा एवं मल्हारगढ़ मंडलम अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह शक्तावत के नेतृत्व में संपन्न हुईं। नवीन नियुक्तियां-ग्राम पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष श्री लक्ष्मीनारायण कारपेंटर यूथ कांग्रेस नगर अध्यक्ष श्री महेश चढ़ावत साथ ही अन्य पदाधिकारी की नियुक्ति की गई। इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी पूर्व कांग्रेस पिछड़ा वर्ग जिलाअध्यक्ष कचरूलाल चढ़ावत, राजमल पाटीदार ,अनुपम राठौर ,मधुसूदन पाटीदार ,कृष्णकांत माली , परशुराम पाटीदार ,सुरेश पाटीदार ,बाबूलाल मेघवाल , कमलेश श्रीमाल, नरेश सैनी ,लालचंद सैनी ,लक्ष्मीनारायण पाटीदार ,जगदीश माकनिया ,शंकर लाल पाटीदार ,राहुल धनगर , दिनेश पवार, अनिल पाटीदार, घनश्याम ट्रेलर, सुनील चढ़ावत ,मनोहरलाल कारपेंटर ,आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व सरपंच दिनेश कारपेंटर ने किया आभार पूर्ण नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मदनलाल बरोदिया ने माना।

### शनि जयंती पर आयोजित भंडारे का हजारों श्रद्धालुओं ने लिया धर्म लाभ



**पिपलिया मंडी।** प्रतिवषोर्नुसार इस वर्ष भी स्थानीय रेलवे फाटक स्थित शनि मंदिर न्याय के देवता भगवान शनि देव की जयंती के उपलक्ष में 16 मई 2026 शनिवार को विशाल भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें हजारों शद्धालुओं ने भंडारे की प्रसादी को ग्रहण कर धर्म लाभ लिया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए मंदिर पुजारी विनोद जोशी ने बताया कि भंडारे से पूर्व जयंती के उपलक्ष में प्रातः 8 बजे पूजा आरती और हवन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न दंपतियों द्वारा यज्ञ में आहुति दे कर धर्म लाभ लिया।



## कोचिंग क्लास के समर वेकेशन एंड पर बच्चों को विभिन्न स्थलों का भ्रमण कराया

**महिदपुर रोड।** नगर में समर वेकेशन के दौरान स्कूली बच्चों को विभिन्न एक्टिविटीज के लिये कोचिंग क्लास लगाने वाले महादेव कोचिं ग क्लास के संचालक मेहंदी रत्ता द्वारा कोचिंग क्लास के अंतिम दिन शुक्रवार को कोचिंग क्लास में समर वेकेशन के दौरान विभिन्न एक्टिवि टीज सीखने आने वाले 25 से अधि क स्कूली छात्र-छात्राओं को नागदा के विभिन्न दर्शनीय पर्यटन और धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराने ले जाया गया। इस दौरान कोचिंग क्लास के संचालक द्वारा भ्रमण के उपरांत कोचिंग क्लास में आने वाले सभी स्कूली बच्चों को अपनी और से स मर वेकेशन एंड क्लास एंजॉयमेंट भ्रमण पर खाना भी खिलाया गया

## पार्कों में होना चाहिए पेयजल और सुविधाघर की व्यवस्था



**सारंगपुर।** शहर में स्थित पार्कों में पेयजल व सुविधाघर जैसी मूलभूत सुविधा की जरुरत है। उद्यान में टहलने आए लोगों ने उद्यान में असुविधा को लेकर अपने विचार साझा किए। बच्चों की गर्मी की छुट्टियां चल रही है। नाना-मामा, दादा के घर नाती-पोते आए है। हर बार की तरह शहर में छुट्टियां बिताने आने वाले बच्चे घर से मंदिर और मंदिर से फिर से घर तक घूमने को मजबूर होंगे। शहर के लोगों के लिए उद्यान तो है जहां परिवार के साथ सुकून के पल बिताए जाए। लेकिन इन उद्यान मे मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता है। शहरवासी एवं पर्यावरण प्रेमी एनएन त्रिकार एवं एनके सोनी का कहना है कि शहर के उद्यानों में पर्याप्त सुविधाए होनी चाहिए, शहर में जो उद्यान हैं उसमें भी सुविधा की कमी है। शहरवासियों के अनुरूप सर्वसुविधायुक्त उद्यान को विकसित करना चाहिए।

## पाटडिया में विद्युत सेवा शिविर आयोजित 28 उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनी गईं

**ट्रांसफार्मर की क्षमता 25 केवीए से बढाकर 65 केवीए की गई**



**सारंगपुर।** समग्र अभियान के अंतर्गत बुधवार को ग्राम पाटडियाधाकड में विद्युत संबंधी शिकायतों के निराकरण हेतु सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत सरपंच सुगनबाई जगदीश सिंह राजपूत, राजगढ विद्युत कंपनी के उपमहाप्रबंधक राजीव रंजन एवं कनिष्ठ यंत्री गिरिराज पाटीदार उपस्थित रहे। शिविर में ग्रामीणों एवं विद्युत उपभोक्ताओं की विभिन्ना समस्याएं सुनी गईं। कैंप के दौरान कुल 28 उपभोक्ताओं ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं जिनमें से 7 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। शेष शिकायतों को आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित उच्च कार्यालय को प्रेषित किया गया। ग्रामीणों द्वारा रोड किनारे स्थित ट्रांसफार्मर की कम क्षमता की समस्या उठाई गई, जिस पर विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रांसफार्मर की क्षमता 25 केवीए से बढाकर 65 केवीए कर दी। इससे क्षेत्र के उपभोक्ताओं को लो-वोल्टेज एवं बार-बार बिजली बाधित होने की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। इस दौरान सरपंच सुगनबाई जगदीश सिंह राजपूत ने गांव की विभिन्ना विद्युत समस्याओं एवं विकास कार्यों से संबंधित आवेदन भी विभागीय अधिकारियों को सौंपे। उपमहाप्रबंधक राजीव रंजन ने आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन कर समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।

## डॉ. मनाली सचदेवा को एम्स दिल्ली से डीएम की उपाधि मिली



**महिदपुर।** नगर की होनहार बेटी डॉक्टर मनाली सतीजा जो की महिदपुर से ही अपनी हाई स्कूल तक की शिक्षा प्राप्त कर मात्र 32 वर्ष की आयु में ही देश के सर्वोच्च मेडिकल संस्थान एम्स नई दिल्ली से हेमेटोलॉजी ब्लड कैंसर में पूर्ण की गत 12 मई 2026 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 51 वे दीक्षांत समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा की अध्यक्षता एवं उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन के मुख्य अतिथि में डीएम की डिग्री प्राप्त कर अपने परिवार समाज व नगर का गौरव बढ़ाया पिता शिक्षक नंदलाल सतीजा ने बताया की बेटी मनाली कक्षा पहली से ही प्रतिभावान रही है हर क्लास में प्रथम श्रेणी में ही रही है। एमबीबीएस गोल्ड मेडल भोपाल से एमडी गोल्ड मेडल रोहतक से फैलोशिप एम्स जोधपुर से और अब डीएम एम्स नई दिल्ली से पूर्ण की है डॉक्टर मनाली की प्रेरणा से उसकी छोटी बहन डां यशी ने भी बीडीएस कर एमजीएम डेंटल हॉस्पिटल इंदौर से इंटर्नशिप कर रही है।

### खबर प्रकाशित होने के बाद हरकत में आया प्रशासन, सिविल अस्पताल पहुंचा अमला

# एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार ने किया निरीक्षण, एक्सरे रूम पर मिला ताला

- सोमवार से सेवा शुरू होने की संभावना
- स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर






नगर के सिविल अस्पताल में पिछले कई दिनों से बंद पड़ी एक्सरे सुविधा को लेकर आखिरकार प्रशासन हरकत में आया। समाचार प्रकाशित होने के बाद शनिवार को एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार राजेश श्रीमाल सिविल अस्पताल पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक्सरे रूम पर ताला लगा मिला जिसके बाद अधिकारियों ने अस्पताल प्रबंधन से चर्चा कर जल्द वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार अस्पताल में पदस्थ एक्सरे टेक्नीशियन अर्जित अवकाश पर हैं जिसके चलते 9 मई से अस्पताल की एक्सरे सुविधा पूरी तरह प्रभावित चल रही है। डॉक्टरों द्वारा जांच लिखे जाने के बावजूद मरीजों के एक्सरे नहीं हो पा रहे थे। कई मरीजों ने बताया कि वे लगातार अस्पताल के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन सुविधा बंद होने के कारण मजबूरी में निजी सेंटरों पर जाकर महंगे दामों में जांच करानी पड़ रही है। सरकारी अस्पताल में कम खर्च में उपचार की उम्मीद लेकर आने वाले गरीब एवं ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों की परेशानी सबसे अधिक बढ़ गई। मरीजों का कहना है कि एक ओर अस्पताल में जांच सुविधा बंद है। वहीं दूसरी ओर निजी सेंटरों पर अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। कई मरीजों को बार-बार अस्पताल आने-जाने में समय और आर्थिक नुकसान दोनों झेलना पड़ा। मामले में सबसे बड़ा सवाल जिला स्वास्थ्य अधिकारी की कार्यप्रणाली पर भी खड़ा हो रहा है। सूत्रों के अनुसार सिविल अस्पताल प्रबंधन द्वारा 9 मई को ही लिखित पत्र के माध्यम से जिला स्वास्थ्य अधिकारी को अवगत करा दिया गया था कि एक्सरे टेक्नीशियन अवकाश पर हैं और वैकल्पिक व्यवस्था की आवश्यकता है। इसके बावजूद 15 मई तक कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई। स्वास्थ्य विभाग की इस लापरवाही के कारण मरीज लगातार परेशान होते रहे। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने समय रहते ध्यान नहीं दिया। वहीं समाचार प्रकाशित होने के बाद प्रशासन सक्रिय हुआ और एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार राजेश श्रीमाल अस्पताल पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के डॉ. बीबी पाटीदार से चर्चा कर जल्द वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

जानकारी के अनुसार नायब तहसीलदार द्वारा निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को भेज दी गई है। वहीं अस्पताल प्रबंधन द्वारा भी वैकल्पिक व्यवस्था की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सूत्रों के मुताबिक सोमवार से एक्सरे सुविधा पुनः शुरू होने की संभावना जताई जा रही है, जिससे मरीजों को राहत मिल सकती है। निरीक्षण के दौरान पटवारी शिव नारायण पाटीदार उपस्थित रहे।

## शांतिनाथ प्रभु के जन्म एवं दीक्षा कल्याणक पर अभिषेक महोत्सव सम्पन्न

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर



भगवान शांतिनाथ के जन्म एवं दीक्षा कल्याणक के पावन अवसर पर महिदपुर नगर में भव्य एवं आध्यात्मिक अभिषेक महोत्सव का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। यह आयोजन श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक श्री संघ के तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम दिव्य आशीर्वाद एवं प्रेरणा से सम्पन्न हुआ, जिसमें साध्वी मंडल की मंगलमयी निश्रा में सकल जैन संघ की उपस्थिति रही। महोत्सव की शुरूआत अखंड अभिषेक से हुई, जिसका लाभ गुड्डूबेन शांतिलाल मंडलेचा सोनी परिवार ने बोली द्वारा प्राप्त किया।

इस अवसर पर प्रभु को गोद में लेकर संघ द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो लाभार्थी परिवार के निवास से मंदिरजी तक नाचते-गाते पहुंची। मंदिर में मुख्य अभिषेक का सौभाग्य कंचनबेन कांतिलाल मंडलेचा सोनी परिवार के संजीव प्रशम मंडलेचा को प्राप्त हुआ।

महोत्सव में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के अंतर्गत– प्रथम पूजा का लाभ जयंत कुमार शरदचंद मंडलेचा सोनी परिवार ने लिया 108 पुष्पों से पुष्प पूजा का लाभ धूलचंद नाथूलाल बांठिया परिवार ने प्राप्त किया। आरती का लाभ अभय कुमार बसंतीलाल मंडलेचा सोनी परिवार को मिला मंगल दीप एवं मणिभद्र देव की आरती के लाभार्थी भी समाजजन रहे। इस दौरान पूरे नगर में घर-घर लड्डू प्रभावना वितरित की गई। जन्म महोत्सव, अनुकम्पा दान एवं गौसेवा जैसे पुण्य कार्यों में भी समाजजनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

कार्यक्रम में आदिनाथ स्नात्र मंडल द्वारा श्रद्धालुओं को इंद्र बनाकर अभिषेक में सहभागी बनाने की विशेष व्यवस्था की गई। भजन संध्या में नदीम भाई एवं उनके साथियों ने भक्ति गीतों से वातावरण को अत्यंत संगीतमय बना दिया, जिस पर श्रद्धालु झूम उठे। पूरे आयोजन को भव्य स्वरूप देने में सकल जैन संघ का सराहनीय सहयोग रहा। संघ ने सभी दाता परिवारों के प्रति अनुमोदना व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार धर्म कार्यों में सहभागिता की अपेक्षा की। इस धार्मिक आयोजन की जानकारी संघ के मीडिया प्रभारी डॉ. लोकेश सोनगरा द्वारा प्रदान की गई।

## पहली बार नगर परिषद सम्मेलन का होगा लाइव प्रसारण

**सुसनेर।** नगर परिषद सुसनेर की आगामी 18 मई को आयोजित होने वाली परिषद सम्मेलन बैठक का इस बार पहली बार सार्वजनिक लाइव प्रसारण किया जाएगा। नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवारिया चौराहे पर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाकर परिषद की पूरी कार्यवाही आम नागरिकों को दिखाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि परिषद की बैठकों में नगर विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा होती है। इनमें सड़क निर्माण, नाली निर्माण, पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, सौंदर्यीकरण तथा अन्य जनहित कार्यों को लेकर पार्षदों द्वारा सुझाव एवं आपत्तियां रखी जाती हैं। कई बार विकास कार्यों को लेकर परिषद में सहमति बनती है तो कई मुद्दों पर पार्षदों के बीच मतभेद भी सामने आते हैं।

अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने कहा कि परिषद की कार्यवाही को सार्वजनिक रूप से दिखाने का उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना और नागरिकों को नगर विकास की प्रक्रियाओं से जोड़ना है। इससे आम लोग भी जान सकेंगे कि कौन से विकास कार्य प्रस्तावित हो रहे हैं, किन कार्यों को स्वीकृति मिल रही है तथा किन विषयों पर आपत्ति या चर्चा की जा रही है। नगर परिषद द्वारा शुक्रवारिया चौराहे पर बैठक के लाइव प्रसारण के लिए तकनीकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। परिषद प्रशासन का कहना है कि यह पहल नगर में पारदर्शी प्रशासन और जनभागीदारी को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## गोवंश के चार पहिया वाहन में भरे 11 बछड़ों को पुलिस ने घेराबंदी कर छुड़ाया

**खरसौदकलां।** अवैध रूप से एक दर्जन गाय के बछड़ो से भरी तेज रफ्तार वाहनो को घेराबंदी कर रतलाम जिले में समीप के बेरछा गांव से पुलिस ने पकड़े। वाहनों की तलाशी के दौरान गाय के 11 बछड़े रतलाम वध के लिए ले जाते भरे मिले। भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येंद्रसिंह चौधरी ने बताया की हिंदू संगठन के जरिए सूचना मिली की खरसोदकलां तरफ से भाटपचलाना के सड़क रास्ते रतलाम जिले के लिए दो पिकअप वाहन में गाय के बछड़े भर के निकले हैं। पुलिस ने तत्काल टीम के जरिए रतलाम जिले में बैरछा रोड़ पर तेज गति से चलते दो पीकअप वाहन को पीछा कर पकड़ा। वाहन के आरोपी ने पूछताछ में अपने नाम पते में जितेंद्र पिता नाहर सिंह माईडा भील, लालसिंह पिता कालू निनामा, भुर पिता बारजी एवं नंदू पिता बग्गा चारेल निवासी रावटी थाना रतलाम होना बताएं। आरोपी को न्यायालय में पेश करने पर जिला जेल भेजा है । बछड़ों को ओरडी गौशाला पर वर्तमान में देखरेख के लिए छोड़े है।

## नकबजनी के दो आरोपी गिरफ्तार चोरी का माल बरामद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा।



राजगढ़ जिले में चोरी, नकबजनी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी बोडा उनि देवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में पुलिस द्वारा नकबजनी के प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया सम्पूर्ण माल बरामद किया। फरियादी गोपाल यादव निवासी बोडा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात चोर रात को उसके गोदाम में रखे 05 कट्टा लहसुन चोरी कर ले गए हैं। चोरी गए लहसुन की अनुमानित कीमत लगभग 50,000/- रु थी। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी फुटेज का परीक्षण किया तथा साइबर सेल की सहायता से संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी संकलित की गई। जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर संदेहियों को चिन्हित कर हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने चोरी की घटना स्वीकार की तथा चोरी गया माल आरोपियों के कब्जे से बरामद कर आरोपी सुमित पिता राममूर्ति वर्मा 18 वर्ष निवासी संजय नगर कॉलोनी, नरसिंहगढ़, भगवानसिंह पिता रामसिंह कुशवाह निवासी नरसिंहगढ को गिरफ्तार कर 5 कट्टा लहसुन कीमत लगभग 50 हजार रु बरामद किये

# 40.30 ग्राम अवैध स्मैक सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**5 लाख रु कीमत का मादक पदार्थ एवं नकदी जप्त**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा।



राजगढ़ जिले में एसपी के निर्देशन में जुआ, अवैध मादक पदार्थ, स्मैक, गांजा एवं अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के अंतर्गत थाना प्रभारी बोडा उनि देवेन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में बोडा पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 05 लाख रुपये कीमत की 40.30 ग्राम अवैध स्मैक जप्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बोडा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गुलखेड़ी जोड़ स्थित यात्री प्रतीक्षालय पर एक महिला एवं एक पुरुष अवैध मादक पदार्थ स्मैक का विक्रय कर रहे। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर दोनों आरोपी भागने का प्रयास करने लगे, किन्तु पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उन्हें मौके पर ही पकड़ लिया।

आरोपी सुधीर पिता सिंधी सिसोदिया 55 वर्ष और शौभा पति सुधीर सिसोदिया 45 वर्ष दोनों निवासी ग्राम गुलखेड़ी बोडा जिला राजगढ़ को गिरफ्तार कर तलाशी ली आरोपियों के कब्जे से 40.30 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 05 लाख रुपये है। बरामद मादक पदार्थ को जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना बोडा में अपराध क्रमांक 148/2026 अंतर्गत धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियों से मादक पदार्थ के स्रोत एवं नेटवर्क के संबंध में पूछताछ जारी है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



## हवन पूजन भंडारे के आयोजन शनिदेव को लगाया छप्पन भोग

**महिदपुर रोड।** शनिवार को शनिश्चरी अमावस्या पर नगर के नागदा मार्ग स्थित शनि मंदिर ग्राम कसारी चौहान स्थित नवग्रह शनि मंदिर ग्राम बरसी स्थित शनि मंदिर ग्राम झुटावद स्थित शनि मंदिर में शनि जयंती धूमधाम से मनाई गई। मंदिरों में सुबह से ही शनि देव के दर्शन पूजार्चा न करने आने वाले भक्तों का तांता लग रहा ग्राम बरसी के मंदिर के पुजारी अनिल जोशी के अनुसार यहां भक्तों की जन सहयोग से भंडारे का आयोजन किया गया शैलेंद्र सिंह राणावत व अन्य यजमानों ने हवन पूजन संपन्न कराया यहां शनिदेव को छप्पन भोग लगाया गया ! ग्राम कसारी में मंदिर में दर्शन करने आने वाले भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया नागदा मार्ग स्थित शनि मंदिर में पूजा अर्चना तथा महा आरती के उपरांत दोपहर में बालिका भोजन कराने के बाद भंडारे का आयोजन हुआ ग्राम झुटावद के अरनिया चीबड़ी मार्ग स्थित शनि मंदिर में भी आसपास के विभिन्न ग्रामों के श्रद्धालु पूजा अर्चना तथा दर्शन करने पहुंचे।

## महिदपुर से साढ़े दस लाख क्विंटल गेहूं खरीदा जा चुका

**महिदपुर** महिदपुर क्षेत्र में समर्थन मूल्य पर लगभग साढ़े दस लाख क्विंटल गेहूं खरीदा जा चुका है। 14638 किसानों ने अपनी गेहूं की उपज खरीदी केन्द्र पर जाकर तोली है, अभी भी खराड़ी केंद्रों पर सैकड़ों ट्रैक्टर ट्रॉली गेहूं बेचने के लिए लाइनों में लगी है।

## ट्रक और कार की टक्कर में तीन लोग घायल



**शाजापुर।** ट्रक और कार की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार लालघाटी थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-52 पर भेरूडूंगरी के पास शुक्रवार दोपहर इंदौर निवासी एक दंपती सहित तीन लोग घायल हो गए। यह हादसा दोपहर करीब 3 से 4 बजे के बीच हुआ। सूत्रों के अनुसार आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक साइड बदली, जिससे पीछे से आ रही कार उससे टकरा गई। कार में इंदौर निवासी पंकज गुप्ता, उनकी पत्नी रेखा गुप्ता और उनके मित्र शैलेंद्र दीक्षित सवार थे। तीनों वृंदावन में एक रिश्तेदारी के शादी समारोह से लौटकर इंदौर जा रहे थे। गनीमत रही कि किसी को भी गंभीर चोंट नही आई है। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नेत्र शिविर में 65 मरीजों की जांच 28 ऑपरेशन के लिए चयनित



**शुजालपुर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय शाखा शुजालपुर द्वारा स्वर्गीय कुनौवा प्रसाद यादव एवं स्वर्गीय पार्वती देवी की स्मृति में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र पर किया गया। शिविर का आयोजन केंद्र के डॉ. जसवंत यादव एवं उनके परिवार के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर में 65 मरीजों की आंखों की जांच डॉ. जसवंत यादव एवं नेहा सोनी द्वारा की गई। जांच के दौरान 28 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चयनित कर बस द्वारा नया अस्पताल, एयरपोर्ट रोड गांधीनगर भोपाल भेजा गया। मरीजों के लिए भोजन एवं चाय-पानी की व्यवस्था भी की गई। शिविर के दौरान खादी ग्राम उद्योग बोर्ड के अध्यक्ष पंकज जोशी एवं भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी का साल, श्रीफ ल एवं माला पहनाकर स्वागत सम्मान शशांक जैन परिवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजेंद्र जैन, सुनील जैन, गंगाधर शर्मा, संदीप अग्रवाल, प्रवीण जोशी, हरिनारायण परमार, रमेश परमार एवं रामस्वरूप परमार सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा। शिविर का समापन एवं आभार प्रदर्शन सेवा सदन जिला प्रभारी खुशीराम आचार्य ने माना।

## घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर की चोरी पुलिस ने दर्ज किया मामला

**शुजालपुर।** क्षेत्र के ग्राम जामनेर निवासी एक किसान के घर के बाहर खड़ा ट्रैक्टर अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गए। मामले में पुलिस ने फ रियादी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फ रियादी विनोद धाकड़ पिता राधेश्याम धाकड़ ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह खेती-किसानी का कार्य करता है। उसने अपने घर के सामने नीले रंग का न्यू हॉलैंड कंपनी का ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 42 एसी 3445 खड़ा किया था। फ रियादी ने बताया कि 14 मई की रात करीब 11.30 बजे वह सोने चला गया था। सुबह करीब 5.30 बजे उठने पर देखा कि गैराज का दरवाजा खुला हुआ था तथा दरवाजे पर लगा नकूचा टूटा पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो ट्रैक्टर वहां नहीं मिला। अज्ञात बदमाश गैराज का ताला तोड़कर ट्रैक्टर चोरी कर ले गए। पुलिस ने फ रियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



# रितेश को लोगों ने एक्टर नहीं, सीएम का बेटा माना

## फिल्में फ्लॉप हुईं तो एक्टिंग छोड़ना चाहते थे

कॉमेडी फिल्मों से पहचान बनाने वाले रितेश देशमुख आज राजा शिवाजी में छत्रपति शिवाजी महाराज के किरदार को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि एक दौर ऐसा भी था, जब लगातार फ्लॉप फिल्मों और ट्रोलिंग से परेशान होकर उन्होंने एक्टिंग छोड़ने का मन बना लिया था।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री विलासराव



देशमुख के बेटे होने की वजह से लोग उन्हें अक्सर एक्टर नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री का बेटा कहते थे। डेब्यू फिल्म तुझे मेरी कसम के बाद उनकी कई फिल्में नहीं चलीं और उन्होंने दोबारा आर्किटेक्ट की नौकरी करने का फैसला कर लिया था। बाद में मस्ती, धमाल, हे बेबी और हाउसफुल जैसी फिल्मों ने उन्हें इंडस्ट्री में बनाए रखा। फिर एक विलेन में निगेटिव किरदार निभाकर उन्होंने अलग पहचान बनाई।




### राजनीतिक परिवार से ताल्लुक, लेकिन राजनीति से दूरी

रितेश देशमुख का जन्म 17 दिसंबर 1978 को लातूर, महाराष्ट्र में हुआ था। वह महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री विलासराव देशमुख के बेटे हैं। राजनीतिक परिवार से ताल्लुक होने की वजह से उनका बचपन राजनीति और सार्वजनिक जीवन के माहौल में बीता। हालांकि रितेश ने कभी राजनीति में आने की इच्छा जाहिर नहीं की। उनका झुकाव शुरूआत से ही क्रिएटिव फील्ड और डिजाइनिंग की तरफ था।

### आर्किटेक्चर की पढ़ाई न्यूयॉर्क में नौकरी

रितेश की शुरूआती पढ़ाई मुंबई के जी.डी. सोमानी मेमोरियल स्कूल से हुई। इसके बाद उन्होंने कमला रहेजा कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर एंड एनवायरनमेंटल स्टडीज, मुंबई से आर्किटेक्चर की डिग्री हासिल की। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने कुछ समय न्यूयॉर्क की एक आर्किटेक्चर फर्म में काम किया। उस दौर में उनका फोकस पूरी तरह आर्किटेक्चर करियर पर था और उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि फिल्मों में काम करेंगे। रितेश को कॉलेज के दिनों से ही स्टेज, एक्टिंग और एंटरटेनमेंट पसंद था। हालांकि वह काफी शमीर्ले स्वभाव के थे। राजनीतिक परिवार से होने की वजह से वह सीमित दायरे में रहते थे और उन्हें लगता था कि संभलकर रहना चाहिए।

### तुझे मेरी कसम से फिल्मों में एंट्री

रितेश का फिल्मों में आने का विचार धीरे-धीरे बना। उस समय तेलुगु फिल्म नुव्वे कवाली बड़ी हिट हुई थी और इसके हिंदी रीमेक की तैयारी चल रही थी। इसी दौरान रितेश तक फिल्म की स्क्रिप्ट पहुंची। शुरूआत में उन्होंने ओरिजिनल फिल्म देखने की कोशिश की, लेकिन भाषा समझ नहीं आने की वजह से ज्यादा देर नहीं देख पाए। बाद में निर्देशक के. विजय भास्कर ने उन्हें हैदराबाद बुलाकर पूरी स्क्रिप्ट सुनाई।

# सलमान खान बोले- जिंदगी में किसी फिल्म की स्क्रिप्ट नहीं पढ़ी

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने हाल ही में बताया कि उन्होंने आज तक कभी किसी फिल्म की स्क्रिप्ट नहीं पढ़ी। वैरायटी इंडिया को दिए इंटरव्यू में सलमान ने कहा, 'मैंने अपनी जिंदगी में कभी स्क्रिप्ट नहीं पढ़ी। मैंने स्क्रिप्ट लिखी हैं, लेकिन पढ़ी नहीं हैं।'




बीबी हो तो ऐसी' से हुई थी सलमान के करियर की शुरूआत सलमान ने 1988 में आई फिल्म बीवी हो तो ऐसी से बॉलीवुड डेब्यू किया था। हालांकि, इस फिल्म में उन्होंने सपोर्टिंग रोल निभाया था। बतौर लीड सलमान पहली बार 1989 में सूरज बड़जात्या की फिल्म 'मैंने प्यार किया' में नजर आए थे। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई। इसके बाद वो 'साजन', 'हम आपके हैं कौन..!' और 'करण अर्जुन' जैसी क्लासिक फिल्मों में नजर आए। हालांकि, एक समय ऐसा आया, जब उनकी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर लगातार बुरी तरह फ्लॉप हो रही थीं, लेकिन एक्टर ने हर बार जोरदार वापसी की।

2009 से लेकर 2016 तक एक्टर की ज्यादातर फिल्मों ने अच्छा कलेक्शन भी किया। चाहे वो दबंग और दबंग 2 रही हों या फिर वॉन्टेड, रेडी और सुल्तान। एक्टर की कई फिल्में हिट रहीं। 2015 में आई फिल्म 'बजरंगी भाईजान' उनके करियर की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई, जिसने पूरी दुनिया में 900 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की।

2017 में सलमान की फिल्म ट्यूबलाइट आई, जो कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। हालांकि, इसके बाद एक्टर टाइगर जिंदा है में नजर आए, जिसने बॉक्स ऑफिस पर 190 करोड़ रुपए की कमाई की थी। वहीं, फिल्म 'टाइगर 3' ने दुनिया भर में कुल 464-466.63 करोड़ रुपए का लाइफटाइम वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन किया। हालांकि, उनकी आखिरी फिल्म सिकंदर उम्मीदों के हिसाब से प्रदर्शन नहीं कर पाई। 200 करोड़ रुपए के बजट वाली इस फिल्म ने 184.89 करोड़ रुपए कमाए।



## लखनऊ ने सुपर किंग्स को सात विकेट से धोया

# मार्श की मार से चित हुई चेन्नई

### मिचेल दस रन से शतक चूके, आकाश के तीन विकेट

एजेंसी ▸▸ लखनऊ

इकाना के मैदान पर शुक्रवार को मिशेल मार्श नाम का तूफान उतरा और चेन्नई सुपर किंग्स उसकी चपेट में आ गई। 188 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मार्श ने पावरप्ले में ही मैच का रंग बदल दिया। चौकों और छक्कों से सजी उनकी 90 रन की विस्फोटक पारी ने लखनऊ को सात विकेट से जीत दिला दी। वहीं, इस हार से चेन्नई की प्लेऑफ की तस्वीर और उलझ गई है।

सुपर किंग्स की यह छठी हार है। उसका नेट रनरेट 0.185 से गिरकर 0.027 हो गया और टीम तालिका में पांचवें से छठे स्थान पर खिसक गई। अब उसे आगे बढ़ने के लिए अपने आखिरी दो मैच बड़े अंतर से जीतने होंगे। साथ ही अन्य नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा। लखनऊ ने 188 रन का लक्ष्य 16.4 ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया।

मार्श ने पहले विकेट के लिए इंग्लिश (35) के साथ 70 गेंदों में 135 रन की साझेदारी कर मैच को शुरूआत में ही चेन्नई की पकड़ से दूर कर दिया। मार्श और पूरन (नाबाद 32) ने अंशुल कंबोज को निशाना बनाया। मार्श ने चेन्नई के किसी भी गेंदबाज को नहीं बख्शा। दूसरे छोर से इंग्लिश ने भी उनका अच्छा साथ दिया। वह मुकेश चौधरी की गेंद को हवा में खेल बैठे और उर्विल ने



कैच लपकने में कोई गलती नहीं की। मार्श अगली ही गेंद पर दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से आउट हुए, जब पूरन के शॉट पर गेंद गेंदबाज के हाथों से लगकर विकेटों से टकरा गई और मार्श क्रीज से बाहर थे।

### आकाश ने चेन्नई के दोनों ओपनरों को पवेलियन भेजा

समद ने छक्का लगाकर रन गति बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन जॉनसन की अगली ही गेंद पर बोल्ड हो गए। संभलकर बल्लेबाजी कर रहे पूरन ने गुरजपनीत के खिलाफ स्क्वायर कट कर आत्मविश्वास से भरा चौका जड़ा। इसके बाद उन्होंने कंबोज की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया। अगली गेंद पर बाउंड्री के पास खड़े कार्तिक कैच लेने से चूक गए, जिससे गेंद छह रन के लिए चली गई। पूरन ने अगली दो गेंदों पर भी छक्के लगा जड़ टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

इससे पहले तेज गेंदबाज आकाश ने चेन्नई के दोनों ओपनरों सहित तीन बल्लेबाजों को 52 रन पर पवेलियन भेज दिया था। विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक (71) ने अपने टी-20 करियर की सबसे बड़ी पारी खेली जिससे चेन्नई ने पांच विकेट पर 187 रन बनाए। कार्तिक ने ब्रेविस (25) के साथ चौथे विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी भी निभाई। उनके अलावा शिवम दुबे ने 16 गेंदों में नाबाद 32 रन बनाए। कार्तिक को बाउंसर गेंदों पर दिक्कत हुई, लेकिन युवा बल्लेबाज ने इस कमजोरी पर काबू पाने का जज्बा दिखाया।

### अपशब्द कहने पर पोलार्ड पर जुर्माना

**धर्मशाला।** मुंबई इंडियंस के बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड पर चौथे अंपायर को अपशब्द कहने पर आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। उन पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है। यह घटना मुंबई और पंजाब किंग्स के बीच गुरुवार को खेले गए मैच में दूसरी पारी के 19वें ओवर में घटी।

# सात्विक-चिराग अंतिम-4 में पहुंचे

एजेंसी ▸▸ बैंकॉक

सात्विकसाईराज रांकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी शुक्रवार को थाईलैंड ओपन बैडमिंटन के सेमीफाइनल में पहुंच गई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन का अभियान क्वार्टर फाइनल में थम गया। अब टूनार्मेंट में सात्विक-चिराग के रूप में एकमात्र भारतीय चुनौती बची है। शीर्ष वरीयता प्राप्त सात्विक-चिराग ने जापान के ताकुमी नोमूरा और युइची शिमोगामी को 41 मिनट में 21-13, 21-14 से पराजित किया। सिंधु को शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान की अकाने यामागुची के हाथों एक घंटे एक मिनट तक चले मुकाबले में 21-19, 18-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधु की यह यामागुची के खिलाफ 28 मुकाबलों में 13वीं हार है। सातवें वरीय लक्ष्य दूसरे वरीय कुनलावुत विदितसार्न से 53 मिनट में 19-21, 16-21 से हार मिली। थाईलैंड के खिलाड़ी कुनलावुत के खिलाफ लक्ष्य की यह 11 मुकाबलों में सातवीं हार है।

### अंडर-18 पुरुष टीम का मैच ड्रॉ

**भोपाल।** भारत की अंडर-18 पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को यहां ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 टीम से 2-2 से ड्रॉ खेला। मेजबान की ओर से आकाश दीप और दीपक प्रकाश टोप्पो ने गोल किए। ऑस्ट्रेलिया के लिए जेट जॉनस्टोन (दूसरे मिनट) और फ्रैंकी बेकर (60वें मिनट) ने गोल किए। महिलाओं के मैच में ऑस्ट्रेलिया की अंडर-18 टीम 4-3 से जीती।

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क 9893374872

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9981248359

**ए-वन मेरिज ब्यूरो**
हिन्दु युवक-युवती विवाह एवं मुस्लिम युवक-युवती निकाह के लिए संपर्क करें। पंजीयन क्रमांक RATL220413SE002931 पता- कालु कासम कालोनी, एकता नगर, ऊंकाला रोड, रतलाम (म.प्र.)
मोबाइल 8871909809 9054036759

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार (समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30) नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन) मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.) मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की। कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है। प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में विजीट चार्ज 499/- ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### इंदौर में पारा 2 डिग्री गिरा फिर भी भीषण गर्मी, 6 दिन बाद तापमान फिर 41 डिग्री पर

**इंदौर।** इंदौर में मई के तीसरे हफ्ते में दिन के तापमान में हल्की गिरावट है। शुक्रवार को दिन का तापमान 2 डिग्री कम होकर 41.8 (+2) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इसके बावजूद काफी गर्मी रही और लोग हलाकान होते रहे। रात का तापमान 3 डिग्री लुढ़ककर 25.5 (+1) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शनिवार सुबह से गर्मी का काफी अहसास हो रहा है। खास बात यह कि तापमान गिरने के बावजूद दिन और रात में काफी गर्मी है। छह दिन बाद ऐसी स्थिति बनी है जब दिन का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पर आया है जो सामान्य से 2 डिग्री ज्यादा है। रात का तापमान भी 3 दिन बाद 25 डिग्री सेल्सियस पर आया है, लेकिन फिर भी कोई खास फर्क नहीं पड़ा है। मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने कहा कि दोपहर 12 से 3 बजे तक ज्यादा असर रहेगा। ऐसे में लोग जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकलें। अगले 4 दिन यानी, 16, 17, 18 और 19 मई को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ेगी। इंदौर संभाग में भी इसका असर रहेगा। वैसे भीषण गर्मी के बीच राहत वाली खबर यह है कि इस बार मानसून सामान्य से पहले आगे बढ़ सकता है। इस बार मानसून 12 जून तक प्रदेश में प्रवेश कर सकता है। मानसून के 26 मई के केरल के आसपास पहुंचने के संकेत हैं जबकि सामान्य तौर पर इसकी एंट्री 1 जून तक होती है। इंदौर में मई में तापमान 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। मौसम विभाग के अनुसार, 31 मई 1994 को यहां रिकॉर्ड 46.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था। मई में मौसम बदलने के साथ बादल और बौछारें भी होती हैं। पिछले साल करीब 3 इंच बारिश हुई थी। 2014 से 2023 के बीच 9 बार मई में बारिश हुई।

### एमडी ड्रग बेचने वाले तस्कर पकड़ाए खजराना-आजाद नगर में करते थे सप्लाई



**इंदौर।** इंदौर के रहने वाले तीन बदमाशों को मंदसौर पुलिस ने करीब 1 किलो एमडी ड्रग के साथ पकड़ा है। आरोपी इंदौर से माल की डिलीवरी लेने पहुंचे थे। बदमाशों से एक कार भी मिली है। जानकारी के मुताबिक वे खजराना और आजाद नगर इलाके में माल सप्लाई करते थे। लोकल पुलिस उनके पीछे लगी थी, लेकिन उससे पहले ही मंदसौर पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। तीनों नशे के आदी बताए जा रहे हैं। हालांकि, वे इंदौर के छत्रीपुरा इलाके के ही किसी व्यक्ति के कहने पर इतनी बड़ी रकम लेकर माल लेने पहुंचे थे। मंदसौर पुलिस अब पूरी चेन तलाश रही है। एसपी विनोद मीणा की टीम ने समाजवाद नगर निवासी शोभित पिता शुभम कांटे, विश्वास उर्फ नाना पिता अशोक राठौर और नेहरू नगर निवासी दीपेंद्र पिता शैलेंद्र को पकड़ा है। आरोपियों के पास से करीब 1 किलो एमडी मिली है। शोभित छत्रीपुरा इलाके में नशा करने के साथ उसे बेचने का काम भी करता है। यहां की टीम को सूचना मिली थी कि वह खजराना और आजाद नगर इलाके में इसकी सप्लाई करता है। टीम उसे ढूंढ रही थी, लेकिन शोभित इससे पहले ही मंदसौर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। उसके परिवार में एक बड़ा भाई है, जबकि पिता पेशे से ड्राइवर हैं। नाना उर्फ विश्वास के खिलाफ भी पूर्व में अपराध दर्ज हैं। हर्ष पाठक हत्याकांड के समय वह छत्रीपुरा में घटनास्थल पर मौजूद था, लेकिन बाद में उसका हाथ नहीं होने के चलते पुलिस ने छोटी-मोटी कार्रवाई कर उसे छोड़ दिया था। वह भी शोभित के साथ नशा करता था। इनके साथ पकड़े गए आरोपी दीपेंद्र के पुलिस रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं। शोभित छत्रीपुरा इलाके में रहने वाले ड्रग तस्करों के संपर्क में था। मंदसौर पुलिस को शंका है कि वह खुद के लिए एमडी लेने नहीं आया था। उसे किसी ने रुपए देकर यहां भेजा था। हालांकि, वे मोबाइल पर लोकेशन ढूंढ रहे थे, तभी माल लेने के दौरान पुलिस की पकड़ में आ गए। इंदौर पुलिस अब तीनों को लेकर सक्रिय हो गई है। जल्द ही इस पूरे रैकेट से जुड़े नाम सामने आने की आशंका है।

### खुले चैम्बर में युवक का पैर फंसा, नगर निगम टीम ने सरिया काटकर निकाला बाहर



**इंदौर।** वर्ल्ड कप चौराहा के पास शनिवार सुबह खुले और असुरक्षित चेंबर की वजह से बड़ा हादसा होते-होते टल गया। एक युवक का पैर अचानक चेंबर के भीतर फंस गया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और युवक के पैर को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक का पैर चेंबर के अंदर लगे लोहे के सरियों में बुरी तरह फंस गया था। आसपास मौजूद लोगों ने उसे निकालने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद नगर निगम कर्मचारियों ने विशेष उपकरण मंगवाकर सरियों को काटने का काम शुरू किया। लंबे समय तक चली मशक्कत के बाद निगम टीम ने सरिया काटकर पैर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। बाहर निकलते ही युवक ने हाथ जोड़कर निगम कर्मचारियों का धन्यवाद किया। घटना के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए थे और रेस्क्यू को देखने के लिए भीड़ लगी रही। इस घटना के बाद शहर में खुले और असुरक्षित चेंबरों को लेकर लोगों में नाराजगी देखने को मिली। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई इलाकों में चेंबर खुले पड़े हैं या उनके ढक्कन टूटे हुए हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने नगर निगम से मांग की है कि शहरभर में ऐसे खतरनाक चेंबरों की जांच कर तत्काल मरम्मत और सुरक्षा इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

### थाने से बाहर निकलते हुए युवक को रील बनाना पड़ गया महंगा

**इंदौर।** इंदौर में एक युवक को थाने से बाहर निकलते हुए रील बनाना महंगा पड़ गया। रील बनाकर उसने सोशल मीडिया पर पोस्ट की तो पुलिस ने उसके घर दस्तक दे दी और उसे पकड़ लिया। पकड़ने के बाद उसने कान पकड़कर कहा कि ऐसी गलती फिर नहीं करूंगा। दरअसल, यह मामला इंदौर के परदेशीपुरा थाना क्षेत्र का है। यहां कुछ दिन पहले पुलिस ने एक युवक को चेकिंग के दौरान रोका था। वह गाड़ी के कागज नहीं बता पाया था, जिसके चलते पुलिस ने उस पर कार्रवाई करते हुए उसे छोड़ दिया। जब वह थाने से बाहर निकल रहा था तो उसने एक रील बनाई। इस रील में वह थाने से बाइक बाहर निकालते हुए नजर आ रहा है। बैकग्राउंड में म्यूजिक के साथ आवाज आ रही है- मुश्किल से मुश्किल छह महीने, 10 अक्टूबर रात के 10 बजे बल्लू तुम्हारी जेल से फरार। यहां से निकलने के बाद उसने रील बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी। वीडियो पुलिस की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल तक पहुंची तो पुलिस ने उसके घर दस्तक दे दी। रील पोस्ट करने वाले युवक को पुलिस ने दोबारा पकड़ा। उसका माफी मांगने वाला वीडियो भी सामने आया। वह कान पकड़कर माफी मांग रहा है। वह कह रहा है कि उसने सोशल मीडिया पर एक टुच्ची वीडियो डाली थी। ऐसी गलती वह फिर नहीं करेगा और एक अच्छा इंसान बनना चाहेगा। उसने लोगों से भी ऐसी गलती नहीं करने की अपील करते हुए माफी मांगी। पुलिस के मुताबिक, युवक का नाम वैष्णव पिता राजेश कुशवाह, निवासी स्कीम नंबर-78 है। मामले में एडिशनल डीसीपी प्रियंका डूडवे ने बताया कि युवक के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

#### मुस्लिम पक्ष की संभावित अपील से पहले दाखिल की केविएट,अब हिंदुओं का पक्ष सुने बिना आदेश नहीं होगा

# धार भोजशाला मामले में हिंदू पक्ष पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



धार के चर्चित भोजशाला मामले में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर पीठ द्वारा हिंदुओं के पक्ष में फैसला सुनाए जाने के बाद अब मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। हिंदू पक्ष ने संभावित कानूनी चुनौती को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट में केविएट दाखिल कर दी है।

हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजना अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट विष्णु शंकर जैन के माध्यम से 15 मई को यह केविएट दाखिल की। इसकी पुष्टि एडवोकेट विनय जोशी ने की है। केविएट दाखिल करने का मतलब यह है कि यदि मुस्लिम पक्ष हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करता है, तो कोर्ट किसी भी अंतरिम आदेश या सुनवाई से पहले हिंदू पक्ष को भी सुनवाई का अवसर देगी। यानी अब बिना हिंदू पक्ष का पक्ष सुने कोई एकपक्षीय आदेश पारित नहीं किया जा सकेगा।

**एएसआई सर्वे और ऐतिहासिक साक्ष्य बने फैसले का आधार-** मामले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा कराए गए 98 दिवसीय वैज्ञानिक सर्वेक्षण और प्रस्तुत ऐतिहासिक दस्तावेजों को अदालत ने महत्वपूर्ण माना था। हिंदू पक्ष का दावा है कि भोजशाला मां वाग्देवी और संस्कृत शिक्षा का प्राचीन केंद्र रहा है।

### 242 पन्नों के फैसले का होगा परीक्षण मुस्लिम पक्ष बोला- सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

चर्चित धार के भोजशाला मामले में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच द्वारा हिंदू पक्ष में फैसला सुनाए जाने के बाद अब इस कानूनी लड़ाई का अगला पड़ाव सुप्रीम कोर्ट बनने जा रहा है। मुस्लिम पक्ष और जैन समाज से जुड़े पक्षकारों ने साफ संकेत दिए हैं कि वे हाई कोर्ट के 242 पन्नों के विस्तृत फैसले का गहन अध्ययन करने के बाद सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। हाई कोर्ट ने हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की याचिका स्वीकार करते हुए भोजशाला में हिंदू पक्ष को पूजा का विशेष अधिकार दिया है और 2003 के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसके तहत परिसर में नमाज की अनुमति दी गई थी। कोर्ट ने अपने फैसले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की रिपोर्ट को महत्वपूर्ण आधार माना है। हिंदू पक्ष के सीनियर एडवोकेट विष्णु शंकर जैन ने कहा कि भोजशाला को लेकर ऐतिहासिक दस्तावेज, प्राचीन ग्रंथ और एएसआई की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गई। एएसआई ने 98 दिनों तक सर्वे किया और लगभग 2100 पन्नों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसमें ऐसे कई प्रमाण सामने आए, जिनसे यह स्थापित होता है कि भोजशाला मां वाग्देवी और संस्कृत शिक्षा के प्रमुख केंद्र के रूप में अस्तित्व में थी। कोर्ट ने इन्हीं ऐतिहासिक और पुरातात्विक तथ्यों के आधार पर हिंदू पक्ष को पूजा का अधिकार दिया है। एडवोकेट जैन के अनुसार, कोर्ट ने स्पष्ट माना कि भोजशाला का स्वरूप मंदिर परिसर का है। उन्होंने कहा कि 7 अप्रैल 2003 के उस आदेश को भी रद्द कर दिया गया है, जिसके तहत मुस्लिम पक्ष को नमाज की अनुमति दी गई थी। उन्होंने इसे हिंदू पक्ष की बड़ी कानूनी जीत बताया।

### हाई कोर्ट के फैसले के बाद बढ़ी कानूनी हलचल

- गौरतलब है कि शुक्रवार दोपहर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर पीठ ने भोजशाला मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए हिंदू पक्ष को पूजा-अर्चना का विशेष अधिकार दिया था। साथ ही वर्ष 2003 के उस आदेश को निरस्त कर दिया गया था, जिसके तहत परिसर में नमाज की अनुमति दी गई थी। खास बात यह कि 24 घंटे के अंदर ही हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में केविएट दायर कर दी है।
- फैसले के बाद मुस्लिम पक्ष पहले ही संकेत दे चुका है कि 242 पन्नों के निर्णय का विस्तृत अध्ययन करने के बाद सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। इसी संभावना को देखते हुए हिंदू पक्ष ने पहले से कानूनी तैयारी करते हुए केविएट दायर की है।

## प्लास्टिक दाना बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग

### आसपास का क्षेत्र खाली कराया, 7 घंटे से 7 दमकल आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर के धार रोड स्थित प्लास्टिक का दाना बनाने वाली फैक्ट्री डीयू ड्रॉप एरिगेशन में शनिवार सुबह करीब 7 बजे आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि उसका काला धुआं और गुब्बार कई किलोमीटर दूर से देखा गया। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाना शुरू किया। पोकलेन मशीन और फायर फाइटिंग रोबोट मंगाया गया। उधर, सांवेर रोड एफ सेक्टर स्थिति रुई के कतरन के गोदाम में आग लगी है।

बताया जा रहा है कि फैक्ट्री में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की 7 गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। फायर कर्मी लगातार मशक्कत कर रहे हैं, लेकिन खबर लिखे जाने तक आग पूरी तरह नियंत्रित नहीं हो सकी थी। अब तक 45 टैंकर पानी लग चुका है। आरआरसीएटी के डिप्टी फायर ऑफिसर अजय कुमार ने बताया कि आग ज्यादा है। यहां पानी के सोर्स नहीं हैं। इस वजह से परेशानी आ रही है। हालांकि हम दूसरे टैंकरों से पानी बुलाकर दमकल को फिलअप कर रहे हैं। वहीं निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं।

**मलवा हटाकर पानी डाला जा रहा-** फायर ब्रिगेड की 7 गाड़ियां मौके पर हैं। फैक्ट्री के अंदर अभी घुसने की स्थिति नहीं हैं। यहां टीन शेड लगा था, जिसे हटाकर आग बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। दमकल कर्मियों के अनुसार आग पर काबू पाने में अभी दो से तीन घंटे लग सकते हैं।

**आसपास का क्षेत्र खाली कराया-** आग लगने के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो पाया है। एहतियात के तौर पर आसपास के क्षेत्र को खाली कराया गया है ताकि किसी तरह की जनहानि न हो। मौके पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंच गए हैं और स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

## इंदौर-खंडवा मार्ग पर 18 मई तक भारी वाहनों पर रोक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में शनिश्चरी अमावस्या और रविवार के अवकाश के चलते श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया है।

16 मई को शनिश्चरी अमावस्या और 17 मई को रविवार होने के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर्मदा स्नान और ओंकारेश्वर दर्शन के लिए पहुंच सकते हैं। इसे देखते हुए इंदौर-खंडवा रोड पर भारी वाहनों की आवाजाही पर अस्थायी रोक लगाई गई है। कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा जारी आदेश के अनुसार तेजाजी नगर चौराहे से खंडवा की ओर जाने वाले तथा खंडवा से इंदौर आने वाले मार्ग पर भारी मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह आदेश 15 मई रात 12 बजे से लागू हो चुका है और 18 मई 2026 की सुबह 8 बजे तक प्रभावी रहेगा। प्रशासन के मुताबिक अब भारी वाहन तेजाजी नगर चौराहा बायपास मार्ग से धामनोद होते हुए खंडवा की ओर जा सकेंगे। यह प्रतिबंध केवल इंदौर जिले की सीमा में लागू रहेगा। कलेक्टर ने बताया कि वर्तमान में इंदौर-खंडवा मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य जारी है। वहीं ओंकारेश्वर दर्शन और नर्मदा स्नान के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में भारी वाहनों के चलते जाम की स्थिति बन सकती थी।

## ऑक्सीजन कम मिलने से मरने लगी मछलियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में तेज गर्मी अब असर दिखाने लगी है। तालाबों का पानी तेजी से सूख रहा है और उससे जुड़े इलाकों के बोरिंगों में भी पानी आना बंद हो गया है। इंदौर के सबसे बड़े बिलावली तालाब में भी अब पानी कम बचा है। इस कारण तालाब की मछलियां मरने लगी हैं। तल में मटमैला पानी होने के कारण मछलियों को ऑक्सीजन के लिए ऊपर आना पड़ रहा है और फिर उनकी मौत हो रही है।

उधर तालाब के खाली हिस्से का नगर निगम ने गहरीकरण शुरू कर दिया है। वहाँ जेसीबी से खुदाई भी की जा रही है, ताकि बारिश के दौरान तालाब में पानी अच्छी तरह भर सके। तालाब की चैनलों को भी साफ किया गया है। बायपास और रालामंडल वाले हिस्से से बिलावली तालाब में पानी आता है, लेकिन बीते कुछ वर्षों में बायपास बनने और उसे छह लेन करने की कवायद में प्राकृतिक बहाव प्रभावित हुआ है। इस कारण हर साल तालाब में पानी गर्मी के दिनों में कम हो जाता है और मछलियाँ दम तोड़ने लगती हैं। शहर में पांच तालाब शहर का तापमान लगातार 40 डिग्री से ऊपर है। इस कारण तालाबों का जलस्तर घटा है और पानी भी गर्म रहता है। इससे ऑक्सीजन घुलने की क्षमता कम हो जाती है। तेज धूप के कारण तालाब में काई बढ़ जाती है। काई रात में ऑक्सीजन सोखती है।

स्कूल किराये पर देना है
नर्सरी से आठवी मान्यता प्राप्त (एमपी बोर्ड) स्कूल किराये पर देना है।
लोकेशन- घोंसला के पास, महिदपुर रोड पर
टोटल एरिया 28500 स्क्वेयर फीट
प्लेज ग्राउंड एवं संपूर्ण फर्नीचर के साथ
6000 स्क्वेयर फीट पर बिल्डिंग बना हुआ।
मो. 8770738811

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
नि:शुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com